## संक्षिप्त समाचार

### कृषि योग्य भूमि को अधिग्रहण से मुक्त रखने की मांग, मधुसूदन कुमार सिंह ने बिहार सरकार को सौंपा पत्र

**पटना।** समाजसेवी मधुसूदन कुमार सिंह, पिता स्वर्गीय दुलारी शरण सिंह (स्वतंत्रता सेनानी), ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार के उप सचिव को एक पत्र सौंपकर पाटलिपुत्र सैटलाइट टाउनशिप परियोजना के लिए अधिग्रहित की जा रही कृषि योग्य भूमि को अधिग्रहण से मुक्त रखने की मांग की है।अपने पत्र में मधुसूदन कुमार सिंह ने कहा है कि कृषि योग्य भूमि किसानों की आजीविका का मुख्य आधार है। ऐसी उपजाऊ भूमि को शहरी विकास परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित किए जाने से किसानों एवं ग्रामीण परिवारों के समक्ष रोजगार और जीवन-यापन का संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने राज्य सरकार एवं संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया कि कृषि योग्य भूमि को कृषि कार्यों के लिए सुरक्षित रखा जाए तथा ऐसी भूमि को अधिग्रहण की प्रक्रिया से बाहर रखा जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है और कृषि भूमि के संरक्षण से ही खाद्य सुरक्षा एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मधुसूदन कुमार सिंह ने अपने पत्र के माध्यम से अधिकारियों से इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए किसानों के हित में उचित निर्णय लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि कृषि योग्य भूमि के संरक्षण से हजारों किसान परिवारों का भविष्य सुरक्षित रहेगा और वे सम्मानपूर्वक अपना जीवन-यापन कर सकेंगे।

### राजद के शासनकाल में दंगा दहसत नरसंहार और एनडीए के शासनकाल में कानून का राज : जदयू

**पटना।**जदयू के प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं परिमल कुमार ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि बिहार में अपराध को लेकर बेबुनियाद आरोप लगाने वाले तेजस्वी यादव को पहले अपने दल के शासनकाल का आकलन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 1990 से 2005 तक का आरजेडी शासनकाल पूरे देश में जंगलराज के नाम से जाना जाता था, जहां हत्या, लूट, अपहरण और फिरौती की घटनाएं आम थीं। प्रवक्ताओं ने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में कानून का राज स्थापित हुआ है और अपराध नियंत्रण के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपराध और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है तथा अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जदयू प्रवक्ता ने विपक्ष द्वारा प्रस्तुत अपराध के आंकड़ों को भ्रामक बताते हुए कहा कि जनता बिहार के अतीत और वर्तमान दोनों को अच्छी तरह जानती है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष राजनीतिक लाभ के लिए कानून-व्यवस्था के मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है।

### बिहार में बनेंगे 305 भंडारण गोदाम और 400 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर

» फसल भंडारण और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सभी जिलों में बनेगा गोदाम एवं थ्रेसिंग फ्लोर

» प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत किसानों के लिए भंडारण गोदाम एवं पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण योजना को मिली स्वीकृति

**पटना।**अब किसानों को फसल कटाई के तुरंत बाद कम कीमत पर अपनी उपज बेचनी नहीं पड़ेगी। इसके लिए कृषि विभाग राज्य में 305 भंडारण गोदाम और 400 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर बनाने जा रहा है। गोदाम निर्माण से किसान अपनी उपज को सुरक्षित रूप से संग्रहित कर सकेंगे तथा बाजार में अनुकूल मूल्य मिलने पर उसे बेचकर अधिक लाभ अर्जित कर सकेंगे। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा कृषि क्षेत्र में आर्थिक सशक्तीकरण को बल मिलेगा। माननीय कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि गोदाम निर्माण योजना का कार्यान्वयन राज्य के सभी जिलों में किया जाएगा। योजना के तहत 88 इकाई 100 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम, 217 इकाई 200 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम तथा 400 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर का निर्माण प्रस्तावित है। किसानों को कृषि उपज के सुरक्षित भंडारण तथा बेहतर विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (डीपीआर) के अंतर्गत किसानों के लिए 100 एवं 200 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण और पक्का थ्रेसिंग फ्लोर की स्थापना की महत्वाकांक्षी योजना संचालित की जाएगी। इस योजना के लिए कुल 24 करोड़ रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति का प्रस्ताव है, जिसमें केंद्रांश 14.40 करोड़ रुपये तथा राज्यांश 9.60 करोड़ रुपये शामिल हैं। माननीय मंत्री ने कहा कि यह योजना कृषि अवसंरचना के विकास के साथ-साथ रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अनुमान है कि 88 गोदामों के निर्माण से 96,536 मानव दिवस, 217 बड़े गोदामों के निर्माण से 3,39,388 मानव दिवस तथा 400 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर के निर्माण से 12,000 मानव दिवस रोजगार सृजित होंगे। इस प्रकार योजना के माध्यम से कुल 4,47,924 मानव दिवस रोजगार सृजित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादों के बेहतर प्रबंधन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह योजना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने तथा कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### पीक डिमांड पहुंचा 8838 मेगावाट के पार,9000 मेगावाट की मांग भी पूरी करने को तैयार : मंत्री

**पटना।**प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र के बदलते परिवेश और लगातार विकास के बीच राज्य में बिजली की मांग तेजी से बढ़ी है। भीषण गर्मी और उमस के कारण सोमवार की रात पौने नौ बजे बिहार में बिजली की पीक डिमांड ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और यह ऐतिहासिक रूप से 8838 मेगावाट पर पहुंच गई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर द्वारा जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बिजली की खपत का यह नया आंकड़ा राज्य के इतिहास में अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है। लोड डिस्पैच सेंटर के डेटा के मुताबिक, सोमवार रात दर्ज की गई यह पीक डिमांड पिछले वर्ष की तुलना में 86 मेगावाट अधिक है। पिछले साल यानी जुलाई के महीने में बिहार की बिजली कंपनियों ने 8752 मेगावाट की पीक डिमांड दर्ज की थी, जो उस समय का रिकॉर्ड था। लेकिन इस बार गर्मी की शुरूआत में ही बिजली की खपत ने पिछले साल के मानसून सीजन के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है, जो राज्य में बिजली के बढ़ते उपयोग को दर्शाता है। बिहार में बिजली की मांग में बढ़ोतरी का यह सिलसिला पिछले कुछ हफ्तों से लगातार जारी है। इससे पहले बीते मई महीने की 20 तारीख को राज्य में 8818 मेगावाट की मांग दर्ज की गई थी, जिसके ठीक चार दिन बाद यानी 24 मई को यह आंकड़ा बढ़कर 8822 मेगावाट तक पहुंच गया था। अब जून महीने में 8838 मेगावाट के नए आंकड़े ने यह साफ कर दिया है कि राज्य में बिजली की जरूरत का ग्राफ बहुत तेजी से ऊपर की ओर बढ़ रहा है।बिजली की इस रिकॉर्ड तोड़ मांग के बीच ऊर्जा विभाग का अनुमान है कि जैसे-जैसे गर्मी और बढ़ेगी, बिजली की मांग का यह आंकड़ा और ऊपर जा सकता है। हाल ही में विद्युत भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राज्य के ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने राज्यवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा था कि आने वाले समय में बिहार में बिजली की डिमांड 9000 मेगावाट तक जा सकती है और बिजली कंपनियां इस भारी मांग को भी बिना किसी बाधा के पूरा करने में पूरी तरह सक्षम हैं। राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने और भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए बिहार का ऊर्जा विभाग बेहद गंभीर है। ऊर्जा मंत्री के अनुसार, विभाग केवल तात्कालिक मांग को पूरा करने पर ही ध्यान नहीं दे रहा, बल्कि राज्य की बढ़ती आबादी और औद्योगिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आगामी 30 वर्षों की दीर्घकालिक और वृहद कार्य योजना पर तेजी से काम कर रहा है ताकि आने वाले दशकों में भी बिहार पावर सरप्लस राज्य बना रहे।

## राबड़ी देवी ने सरकारी बंगला खाली करने के लिए समय सीमा बढ़ाने की मांग की

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास को खाली करने के लिए बिहार सरकार से एक महीने का समय मांगा है। बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग की ओर से दिए गए 15 दिनों की समय सीमा समाप्त होने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर लालू यादव की खराब सेहत और संक्रमण के खतरे का हवाला दिया है। सरकार को लिखे पत्र में उन्होंने बताया है कि जब लालू प्रसाद यादव गंभीर बीमारी के बाद पटना लौटे थे, तब उनकी स्वास्थ्य आवश्यकताओं को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सहमति से सरकारी आवास में विशेष सुविधाओं वाला एक कमरा तैयार कराया गया था। भवन निर्माण विभाग द्वारा भूतल पर बनाए गए इस कमरे को लालू यादव की चिकित्सा जरूरतों के अनुरूप विकसित किया गया था। उनका तर्क है कि मौजूदा परिस्थितियों में उन्हें किसी दूसरे आवास में स्थानांतरित करना स्वास्थ्य के लिहाज से जोखिमपूर्ण हो सकता है। राबड़ी देवी ने अनुरोध किया है कि नए आवास में समान व्यवस्था करने तक उन्हें एक महीने का अतिरिक्त समय दिया जाए। राबड़ी देवी का यह भी कहना है कि वह वर्तमान

» लालू यादव की सेहत का दिया हवाला

में बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष हैं और उनका कार्यकाल वर्ष 2030 तक है। कैबिनेट मंत्री के समकक्ष दर्जा प्राप्त नेता प्रतिपक्ष होने के नाते उन्हें सरकारी आवास का अधिकार प्राप्त है। इसी आधार पर उन्होंने मौजूदा आवास का आबंटन 2030 तक जारी रखने का भी अनुरोध किया है।

## माँ मुंडेश्वरी धाम में बनेगा हेलीपैड और रोप-वे : मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस




**भगवानपुर (कैमूर)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को कैमूर जिले के भगवानपुर प्रखंड स्थित माँ मुंडेश्वरी धाम में आयोजित सहयोग शिविर कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों की 196.06 करोड़ रुपये की 60 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 162.69 करोड़ रुपये की 20 योजनाओं का शिलान्यास तथा 33.36 करोड़ रुपये की 40 योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ मुंडेश्वरी धाम को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यहां हेलीपैड, रोप-वे, जंगल सफारी और इको-टूरिज्म सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मंदिर का जीर्णोद्धार भी कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि बरसात के बाद रोप-वे परियोजना का शिलान्यास किया जाएगा। सहयोग शिविर की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यभर में प्राप्त तीन लाख से अधिक आवेदनों में लगभग 90 प्रतिशत का निपटारा 30 दिनों के भीतर किया जा चुका है। उन्होंने आवेदकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने शिक्षा, सौर ऊर्जा, उद्योग और शिक्षक स्थानांतरण से जुड़ी कई योजनाओं की भी घोषणा की। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर तथा अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो. जमा खान समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने माँ मुंडेश्वरी भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की सुख-समृद्धि की कामना की।

# बिहार में बनेंगे 305 भंडारण गोदाम और 400 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर : विजय

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि किसानों को कृषि उपज के सुरक्षित भंडारण तथा बेहतर विपणन सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत किसानों के लिए भंडारण गोदाम (100 एवं 200 मीट्रिक टन क्षमता) के निर्माण तथा पक्का थ्रेसिंग फ्लोर की स्थापना की महत्वाकांक्षी योजना संचालित की जाएगी। इस योजना के लिए कुल 24 करोड़ रुपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति का प्रस्ताव है, जिसमें केंद्रांश 14.40 करोड़ रुपये तथा राज्यांश 9.60 करोड़ रुपये शामिल हैं।मंत्री ने कहा कि गोदाम निर्माण योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देना तथा किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर विपणन सहायता उपलब्ध कराना है। अक्सर किसानों को फसल कटाई के तुरंत बाद कम कीमत पर अपनी उपज बेचनी पड़ती है। गोदाम



निर्माण से किसान अपनी उपज को सुरक्षित रूप से संग्रहित कर सकेंगे तथा बाजार में अनुकूल मूल्य मिलने पर उसे बेचकर अधिक लाभ अर्जित कर सकेंगे। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी तथा कृषि क्षेत्र में आर्थिक सशक्तीकरण को बल मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत बिहार राज्य भंडार निगम, पटना द्वारा 100 एवं 200 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदामों का तकनीकी अनुमोदन प्रदान किया गया है। 100 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम के निर्माण की स्वीकृत लागत 14.191 लाख रुपये तथा 200 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम की स्वीकृत लागत 20.249 लाख रुपये निर्धारित की गई है। मंत्री ने कहा कि किसानों की उपज की गुणवत्ता बनाए

» फसल भंडारण और विपणन को मिलेगा बल, कृषि विभाग की 24 करोड़ रुपये की योजना से 4.48 लाख मानव दिवस रोजगार सृजित होंगे

रखने के लिए पक्का थ्रेसिंग फ्लोर का निर्माण भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह योजना किसानों को फसल सुखाने के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं विश्वसनीय स्थान उपलब्ध कराएगी। इससे फसल की गुणवत्ता में सुधार होगा, कटाई उपरांत होने वाले नुकसान में कमी आएगी तथा किसानों को अपनी उपज का बेहतर बाजार मूल्य प्राप्त होगा। संयुक्त निदेशक (कृषि अभियंत्रण)-सह-राज्य नोडल पदाधिकारी (यांत्रिकीकरण), कृषि निदेशालय, बिहार द्वारा पक्का थ्रेसिंग फ्लोर का तकनीकी अनुमोदन प्रदान किया गया है, जिसकी स्वीकृत लागत 1.292 लाख रुपये प्रति इकाई है।उन्होंने बताया कि योजना का कार्यान्वयन राज्य के सभी जिलों में किया जाएगा। योजना के तहत 88 इकाई 100 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम, 217 इकाई 200 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम तथा 400 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर का निर्माण प्रस्तावित है। मंत्री ने कहा कि यह योजना कृषि अवसंरचना के विकास के साथ-साथ रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। अनुमान है कि 88 गोदामों के निर्माण से 96,536 मानव दिवस, 217 बड़े गोदामों के निर्माण से 3,39,388 मानव दिवस तथा 400 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर के निर्माण से 12,000 मानव दिवस रोजगार सृजित होंगे। इस प्रकार योजना के माध्यम से कुल 4,47,924 मानव दिवस रोजगार सृजित होने की संभावना है। श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि उत्पादों के बेहतर प्रबंधन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह योजना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने तथा कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## एकलव्य मॉडल स्कूलों में अब सीबीएसई माध्यम से होगी पढ़ाईः मंत्री

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**राज्य के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग से संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में अब कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई सीबीएसई माध्यम से होगी। केंद्र सरकार से इस संबंध में अनुमति मिल चुकी है। वर्तमान में बिहार में तीन एकलव्य स्कूल संचालित हो रहे हैं। इनमें पश्चिम चंपारण के बेलासड़ी, जमुई के आस्था और कैमूर के अधौरा शामिल हैं। प्रत्येक स्कूल में लगभग 600 बच्चे पढ़ रहे हैं, इस प्रकार कुल करीब 1800 आदिवासी छात्र-छात्राएं इन विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इन तीनों क्षेत्रों में आदिवासी समुदाय की बहुलता है। विभाग ने आदिवासी बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की है। एससी-एसटी मंत्री श्री लखेंद्र पासवान ने कहा कि सीबीएसइ पैटर्न लागू होने के बाद सभी एकलव्य स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में जल्द ही डिजिटल

» राज्य में आदिवासी बच्चों को मिलेगा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर

लैब, अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक और कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार के 24 जिलों में आदिवासियों की कुल जनसंख्या 13 लाख 36 हजार है। इनमें जमुई, कैमूर और पश्चिम चंपारण जिलों में आदिवासी आबादी अधिक है। इन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और संरक्षण के लिए एकलव्य विद्यालय खोले जा रहे हैं। सीबीएसइ पैटर्न लागू होने से अब इन विद्यालयों के गरीब एवं जनजातीय परिवारों के बच्चे भी नीट, जेईई तथा केंद्रीय विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं में देश के अन्य छात्रों के साथ बराबरी से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। कैमूर के अधौरा स्थित एकलव्य स्कूल में एक साल पहले कंप्यूटर शिक्षा के नाम पर 70 से अधिक नाबालिग लड़कियों की ट्रैफिकिंग का मामला सामने आया था, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है।

## सीवान में शीघ्र चीनी मिल खुलेगा, जिलाधिकारी को जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश : मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज सीवान जिला के पचरुखी प्रखंड के पंचायत भवन, पपौर में आयोजित सहयोग शिविर में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सहयोग शिविर में समस्याओं/शिकायतों के समाधान के लिए आए आमलोगों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने लोगों का आवेदन पढ़ा, उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का निर्देश दिया। सहयोग शिविर के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से बात की, उनका हालचाल जाना और स्थानीय समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल से सीवान जिला के लिए 180 करोड़ रुपये की 38 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, आयुष्मान कार्ड, अनुग्रह अनुदान सहित विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को सांकेतिक चेक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके जिला के पचरुखी प्रखंड में आयोजित सहयोग सह जनकल्याण शिविर में आपके बीच आने का मौका मिला है। यह डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद की भूमि है। उन्होंने देश और बिहार को दिशा दी। हम उनके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

» मुख्यमंत्री ने सीवान जिला के लिए 180 करोड़ रुपये की 38 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया

इस शिविर में समस्या के समाधान के लिए आए लोगों के आवेदन को मैंने देखा और समाधान का निर्देश दिया है। प्रखण्डों में कल और परसों भी सहयोग शिविर चलेगा।

## कटाव निरोधी कार्यों के साथ-साथ फ्लड फाइटिंग सामग्रियों का पर्याप्त भंडारण कर सरकार पूरी तरह मुस्तैद : विजय चौधरी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**जदयू के पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी एवं मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आमजन एवं कार्यकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध एवं त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों केअधिकारियों को मौके से ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विजय कुमार चौधरी ने मीडिया से सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे के संबंध में स्थानीय अंग्रेजी अखबार द्वारा मार्ग परिवर्तन को लेकर प्रकाशित खबर को भारत सरकार की एजेंसी एन.एच.ए.आई ने स्पष्ट रूप से खारिज किया है। एनएचएआई द्वारा इस खबर को भ्रामक, असत्य एवं दुर्भावनापूर्ण बताते हुए संबंधित समाचार पत्र के संपादक को लिखित आपत्ति भी दर्ज कराई गई है। उन्होंने आगे कहा कि सहयोग शिविर की पहल से आमजन की अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित हो रहा है, जिससे जनता में संतोष का वातावरण है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि दो शिक्षण संस्थानों के बीच उत्पन्न विवाद की

» 2.5 लाख बीपीएल परिवारों के घरों की छतों पर निःशुल्क सोलर पैनल लगाए जाएंगे : बुलो मंडल

प्रशासनिक जांच जारी है और दोषियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए कटाव निरोधी कार्यों के साथ-साथ फ्लड फाइटिंग सामग्रियों का पर्याप्त भंडारण कर सरकार पूरी तरह तैयार है।

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 1.50 लाख रुपये तक का मिलेगा निःशुल्क ईलाज

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को तुरंत बेहतर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने और उन्हें इलाज के भारी-भरकम खर्च की चिंता से मुक्त करने के उद्देश्य से राज्य में 'पीएम राहत योजना' प्रभावी रूप से संचालित की जा रही है। इस जनकल्याणकारी योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति को 1.50 लाख रुपये तक का कैशलेस यानी बिल्कुल मुफ्त उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत दुर्घटना होने की तिथि से लेकर अगले 7 दिनों तक इलाज पर आने वाला पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ अहसन ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सड़क हादसे के बाद का पहला

» 24 घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती होना जरूरी, पोर्टल पर दर्ज होगा विवरण

» राज्य में अब तक 60 पीड़ितों को मिला योजना का सीधा लाभ, 87 मामलों पर हुई कार्रवाई

घंटा यानी 'गोल्डन ऑवर' किसी भी घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। पीएम राहत योजना का मुख्य उद्देश्य इसी संवेदनशील अवधि में त्वरित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करना है। इस योजना का लाभ देश का कोई भी नागरिक (जो राज्य की सीमा में दुर्घटना का शिकार हुआ हो) उठा सकता है, बशर्ते उसे समय रहते इलाज मिल सके। योजना के नियमों के अनुसार, दुर्घटना के बाद घायल व्यक्ति को 24 घंटे के भीतर आयुष्मान भारत योजना से निबंधित (नामित) अस्पतालों में भर्ती कराया जाना आवश्यक है। मरीज के अस्पताल में भर्ती होते ही संबंधित अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीज की तमाम क्रेडेंशियल्स और दुर्घटना का विवरण ऑनलाइन 'ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम' पोर्टल पर दर्ज किया जाता है। इसके तुरंत बाद स्थानीय पुलिस सत्यापन (वेरिफिकेशन) और आवश्यक प्रशासनिक अनुमोदन की प्रक्रिया पूरी कर पीड़ित को योजना का लाभ दे दिया जाता है। परिवहन विभाग से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, पीएम राहत योजना के तहत राज्य में अब तक कुल 87 मामलों में त्वरित कार्रवाई की गई है। इनमें से 60 सड़क दुर्घटना पीड़ितों का आयुष्मान भारत से निबंधित अस्पतालों में सफलतापूर्वक और पूरी तरह से निःशुल्क (कैशलेस) उपचार कराया जा चुका है। यह योजना गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है, जिससे दुर्घटना के समय पैसों के अभाव में दम तोड़ने वाले मरीजों के आंकड़ों में भारी कमी आएगी। राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ अहसन ने आम जनता से बेहद भावुक और जरूरी अपील की है कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में बिना डरे घायलों की मदद करें। उन्होंने कहा कि किसी भी हादसे के वक्त लोग मूकदर्शक न बनें, बल्कि घायलों को तुरंत निकटतम नामित या आयुष्मान भारत से जुड़े अस्पतालों में पहुंचाएं, ताकि पीड़ित परिवार को पीएम राहत योजना का सीधा लाभ मिल सके। समय पर प्राथमिक और गंभीर उपचार मिलने से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि उनके पूरे परिवार को बिखरने से रोका जा सकता है।

## जनहित में प्रभावी साबित हो रहा सहयोग शिविर, समस्याओं के त्वरित निष्पादन का माध्यम : उमेश

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**जदयू के प्रदेश अध्यक्षउमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी करते हुए कहा है कि एनडीए सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर आयोजित सहयोग शिविर को पूरे प्रदेश में जनता का अभूतपूर्व समर्थन एवं विश्वास प्राप्त हो रहा है। उन्होंने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि अब तक आयोजित तीन चरणों के सहयोग शिविर में पूरे प्रदेश से लगभग 2 लाख 6 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1 लाख 59 हजार से अधिक आवेदनों का सफलतापूर्वक निवारण किया जा चुका है।उन्होंने कहा कि लगभग 78 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का ऑन-स्पॉट एवं समयबद्ध निष्पादन यह स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि एनडीए सरकार की यह जनहितैषी पहल केवल कागजी दावों तक सीमित नहीं है, बल्कि धरातल पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित हो रही है। यह शिविर अपने निर्धारित लक्ष्यों की ओर निरंतर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और जनता के चेहरों पर संतोष एवं मुस्कान ला रहा है। श्री कुशवाहा ने इस दूरदर्शी पहल के लिए नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सात निश्चय-3 के माध्यम से इस कल्याणकारी कार्यक्रम की रूपरेखा तय की। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी का भी अभिनंदन किया, जिनके कुशल नेतृत्व में यह कार्यक्रम पूरे बिहार में पारदर्शिता एवं प्रभावी ढंग से संचालित हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने एनडीए सरकार के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि जब तक समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की किरणें नहीं पहुँचतीं, तब तक समृद्ध बिहार का सपना साकार नहीं हो सकता। सहयोग शिविर का मूल उद्देश्य भी यही है कि गरीब, वंचित, शोषित एवं जरूरतमंद लोगों तक सरकार की सभी विकास योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के सुनिश्चित रूप से पहुँचाया जाए।

संक्षिप्त समाचार

## सहयोग शिविर में सबसे ज्यादा राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतें

**पटना।** पटना नगर निगम के 6 अंचल में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया है। सहयोग शिविरों में आज कुल 279 आवेदन आए, जिसमें से 161 आवेदन पटना नगर निगम से संबंधित थे। इसमें 77 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया, जो कुल प्राप्त निगम संबंधी आवेदनों का लगभग 48 प्रतिशत है। बांकीपुर अंचल में वार्ड पार्षद डॉ. आशीष सिन्हा ने कहा कि सबसे ज्यादा शिकायतें राशन कार्ड से जुड़ी है। कई लोगों के नाम कट गए हैं। वे नाम जोड़वाना चा रहे। पोर्टल अभी बंद है। न कार्ड न बन रहा है और न नया नाम जुड़ रहा है। दूसरी शिकायत अंचलाधिकारी से संबंधित है। म्यूटेशन नहीं होता है। पेंशन से संबंधित भी शिकायतें है। लोगों को कंफ्यूजन है कि हर महीने 10 तारीख को पेंशन आ जाएगी, पर कभी-कभी लेट हो जाता है। 2 जून को पहली बार सहयोग शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें 282 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 58 आवेदन का ऑन स्पॉट निष्पादन हुआ था। बांकीपुर अंचल में समस्या लेकर पहुंच सारिक राम राय ने कहा कि मेरा राशन कार्ड कैंसिल हो गया। आयुष्मान कार्ड भी ब्लॉक हो गया। यहां आया तो कहा गया कि आप मकान मालिक नहीं है, किराएदार हैं, पर मैं 45 साल से रह रहा हूं। मेरे पास आधार है और वोटर कार्ड भी है। कहा जा रहा कि आवासीय बनाएं। मकान मालिक लिखकर देगा तब न। वो तो साइन ही नहीं करते हैं। बिहार सरकार की ओर से विकसित सहयोग पोर्टल नागरिकों को घर बैठे ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की सुविधा देता है। किसी भी प्रकार की समस्या, शिकायत या सुझाव को पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज किया जा सकता है। शिकायत दर्ज होते ही संबंधित आवेदन के लिए एक रेफरेंस नंबर खुद जनरेट हो जाता है, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता आवेदन की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। शिकायत पंजीकृत होने के साथ ही संबंधित विभाग को उसकी सूचना खुद उपलब्ध हो जाती है, जिसके आधार पर विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की जाती है। पटना नगर निगम की ओर से सहयोग पोर्टल और सहयोग शिविरों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को अधिकतम 10 दिनों में निष्पादन किया जाता है। गुरुवार तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सहयोग पोर्टल के माध्यम से कुल 463 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 452 आवेदनों का सफलतापूर्वक निपटान किया जा चुका है। इस प्रकार प्राप्त शिकायतों में से 98 प्रतिशत से अधिक मामलों का समाधान किया गया है। शेष लंबित मामलों पर भी संबंधित विभागों की ओर से त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

## बस किराया में की गई बढ़ोतरी वापस ले सरकार : भाकपा

**पटना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा डीजल-पेट्रोल की कीमत में की गई बढ़ोतरी का असर आम लोगों के जीवन पर पड़ने लगा है। डीजल की कीमत में दस फीसद की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन सरकारी और निजी बसों के किराया में 25 से 30 फीसद की बढ़ोतरी कर दी गई है और राज्य सरकार मौन है। यह बढ़ोतरी जन विरोधी है। राज्य सरकार इसकी समीक्षा करें और बस मालिक से वार्ता कर बढ़ाये गए किराया वापस लें। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों के किराये में पहले बढ़ोतरी की गई। इसके बाद निजी बस मालिकों ने किराये में बढ़ोतरी कर दी है। जहां पहले पटना से दरभंगा का किराया 250 रुपया था, वहीं अब 300 रुपये प्रति यात्री वसूला जा रहा है। इसी तरह मधुबनी का बस किराया 300 से बढ़ाकर 350 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह पूर्णिया, अररिया, किशनगंज, मोतिहारी, बेतिया, छपरा, सीवान सहित राज्य के विभिन्न जगहों के लिए पटना से खुलने वाली बसों के किराया में बढ़ोतरी की गई है। नगर सेवा की बस किराया में बेतहाशा बढ़ोतरी की गई है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बस के किराया में की गई बढ़ोतरी की निंदा करती है।

## प्रियंक खड़गे पहले कांग्रेस का इतिहास पढ़ें, फिर संघ पर टिप्पणी करें : संतोष सुमन

**पटना।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कांग्रेस नेता प्रियंका खड़गे द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर की गई टिप्पणी को राजनीतिक हताशा और वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित बताया है। डॉ. सुमन ने कहा कि प्रियंक खड़गे को संघ पर सवाल उठाने से पहले कांग्रेस के उस इतिहास को देखना चाहिए, जिसमें दशकों तक दलित, महादलित, पिछड़े और वनवासी समाज को केवल वोट बैंक बनाकर रखा गया। जिन लोगों की राजनीति समाज को बांटने और भ्रम फैलाने पर आधारित रही हो, उन्हें राष्ट्रसेवा में लगे संगठन पर टिप्पणी करने से पहले आत्ममंथन करना चाहिए।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लगभग सौ वर्षों से देश के सरकारी खजाने से एक पैसा लिए बिना राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सेवा कार्यों में जुटा हुआ है। वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, छात्रावास और स्वावलंबन के लिए किए गए कार्य संघ की सेवा भावना का प्रमाण हैं। लाखों स्वयंसेवक बिना किसी स्वार्थ के राष्ट्र और समाज की सेवा कर रहे हैं।डॉ. सुमन ने कहा कि जब-जब कांग्रेस की राजनीतिक जमीन कमजोर होती है, तब-तब उसके नेता संघ और राष्ट्रवादी विचारधारा पर अनर्गल बयानबाजी शुरू कर देते हैं। लेकिन अब दलित, महादलित और वनवासी समाज कांग्रेस की अवसरवादी राजनीति को समझ चुका है। समाज अब दिखावटी सहानुभूति नहीं, बल्कि सम्मान, भागीदारी और विकास चाहता है।

## बीआईपीएल का हुआ ट्रॉफी व जर्सी लॉन्चिंग आज से होगा भव्य आगाज

**पटना।** बिहार, भारत सरकार के उद्यम मंत्रालय से रजिस्टर्ड, पूर्ववर्ती छात्र-युवा समागम की अंगीभूत इकाई "सरदार पटेल इवेंट्स कम टैलेंट सर्च" के तत्वावधान में बिहार में पहली बार आयोजित होने जा रही बिहार इंस्टीट्यूट प्रीमियर लीग सीजन -01 का उद्घाटन समारोह 17 जून को प्रातः 9 बजे से राजधानी पटना के ऊर्जा स्टेडियम में बिहार सरकार के गणमान्य मंत्री की गरिमामय उपस्थिति में होगी। इसके पूर्व संध्या आज 16 जून को आयोजन समिति द्वारा बीआईपीएल का ट्रॉफी और जर्सी लॉन्चिंग किया गया। जिसमें आयोजन समिति के चेयरमैन कृष्णा पटेल, मैनेजिंग डायरेक्टर धर्मवीर पटवर्धन, बीसीसीआई लेवल -02 कोच कुमार उत्तम, पूर्व क्रिकेटर सौरव, सर्वेश हंस राज, सुमित शर्मा, रोहित कुमार, युवा समाजसेवी डॉ रोहित कुमार, प्रेम प्रकाश उर्फ ज्ञानीजी सहित कई अन्य लोग मौजूद थें।सरदार पटेल इवेंट्स कम टैलेंट सर्च के निदेशक व बिहार आईपीएल के आयोजन अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने बताया कि इस प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने सिलेक्शन ट्रायल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और चयनित सभी खिलाड़ियों को कुल 8 टीम अंडर -13 आयु वर्ग और 8 टीम अंडर -17 आयु वर्ग की गठित हुई है। आईपीएल के तर्ज पर आयोजित होने वाली इस प्रतिभा खोज क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में टीम का नामकरण भी आईपीएल टीम से मिलता-जुलता रखा गया है। जिसमें गया टाइटंस, मुंगेर इंडियंस, चंपारण सुपर किंग, रॉयल चैलेंजर बेगूसराय, राजगीर रॉयल्स, किंग्स- इलेवन पटना, कटिहार नाइट राइडर और दरभंगा कैपिटल्स रखा गया। जिनके जर्सी भी अलग - अलग रंगों में है। जिसकी साज-सज्जा में सज- धज कर इस स्कूली टूर्नामेंट का हिस्सा बनने वाले बिहार के उदयीमान नन्हे-मुन्ने खिलाड़ी अपने अतिथिगणों के समक्ष मार्च पास्ट करेंगे और आशिर्वाद प्राप्त कर विधिवत उद्घाटन समारोह का साक्षी बनेंगे और इस उद्घाटन समारोह के बाद मैच प्रारंभ होगी।पहला मुकाबला अंडर -13 आयु के गया टाइटंस बनाम दरभंगा कैपिटल के बीच, दूसरा मुकाबला कटिहार नाइट राइडर्स बनाम किंग्स इलेवन पटना, जबकि तीसरा मुकाबला अंडर -17 आयु वर्ग के गया टाइटंस बना एम रॉयल चैलेंजर बेगूसराय के बीच खेली जाएगी।

# नए तरीके से सजेगा सोनपुर मेला, आमी मंदिर को मिलेगा नया रूप

नई सोच एक्सप्रेस



» सोनपुर मेला स्थल के विकास के लिए 24 करोड़ 29 लाख रुपये की योजना तैयार की गई है
» राज्य में पर्यटन को विकसित कर रोजगार सृजन करने का लक्ष्य

**पटना।**राज्य में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग पर्यटन केंद्र को विकसित कर रही है। स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत सारण जिले के प्रसिद्ध सोनपुर मेला स्थल का व्यापक विकास किया जाएगा। इसके अलावा आमी स्थित अंबिका भवानी मंदिर को भी पर्यटन स्थल के रूप में संवारने की योजना है। इस पर विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सरकार का लक्ष्य पर्यटन केंद्रों को विकसित कर रोजगार सृजन करना है, ताकि लोगों को राज्य से बाहर काम के लिए ना जाना पड़े। सोनपुर मेला स्थल के विकास के लिए 24 करोड़ 29 लाख रुपये की योजना तैयार की गई है, जिसका प्रस्ताव विभाग की ओर से केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय को प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेज दिया गया है। एशिया के सबसे बड़े पशु मेलों में शुमार सोनपुर मेला गंगा और गंडक नदी के संगम पर हर वर्ष कार्तिक पूर्णिमा को आयोजित होता है। यह मेला धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक महत्व रखता है। विकास कार्यों में ग्रैंड एंट्री गेट का निर्माण, सड़कों का चौड़ीकरण, डिजिटल सुविधाएं, हरित ऊर्जा आधारित व्यवस्थाएं, बेहतर पार्किंग, शौचालय, रोशनी और पर्यटक सुविधाओं का विस्तार शामिल है। इससे मेला क्षेत्र को आधुनिक और पर्यटक अनुकूल बनाया जाएगा, जिससे साल भर पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी। इसी तरह सारण जिले के आमी (अंबिका भवानी मंदिर) के विकास के लिए 13.19 करोड़ रुपये (कुछ रिपोर्ट्स में 13.29 करोड़) की योजना केंद्र सरकार को भेजी गई है। शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध यह प्राचीन मंदिर देवी सती (अंबिका भवानी) को समर्पित है। विकास कार्यों में मंदिर परिसर की सौंदर्यीकरण, आसपास की नदी तट का विकास, पर्यटकीय सुविधाएं जैसे पार्किंग, गेस्ट हाउस, लाइटिंग, वॉकवे और अन्य बुनियादी ढांचे शामिल किए जाएंगे, ताकि श्रद्धालु और पर्यटक दोनों का अनुभव बेहतर हो। वर्तमान में पर्यटन विभाग की 33 बड़ी योजनाओं पर कार्य चल रहा है। इनमें पुनौराधाम, महाबोधि केंद्र एवं इको पार्क, लेक फ्रंट जैसी महत्वपूर्ण पर्यटकीय सुविधाएं शामिल हैं। स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत गयाजी में बौद्ध मेडिटेशन सेंटर का निर्माण 165.44 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता के अंतर्गत सहरसा की मत्स्यगंधा झील और करमचट इको सेंटर का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। राज्य में पर्यटन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर पांच फाइव स्टार होटलों का निर्माण जारी है। इनमें राजगीर में दो, वैशाली में एक और पटना में दो होटल शामिल हैं। पटना में आयकर गोलंबर के पास तथा गांधी मैदान स्थित बांकीपुर बस स्टैंड के निकट ये होटल विकसित किए जाएंगे।

## दानापुर में जन समस्याओं के लिए सहयोग शिविर का आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर।** मंगलवार को दानापुर नगर परिषद के वार्ड नंबर 9 और वार्ड नंबर 8 में आयोजित सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इस शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, जमीन विवाद, सड़क एवं नाली निर्माण, और स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न जनहित से जुड़े मामलों के आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में लगभग 80 आवेदन दर्ज किए जा चुके हैं। शिविर में विभिन्न विभागों के लिए अलग-अलग काउंटर स्थापित किए गए थे, जहाँ संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना और उनके आवेदनों को स्वीकार किया। शिविर में आए ग्रामीणों और स्थानीय निवासियों ने सरकारी योजनाओं का लाभ न मिलने, बुनियादी सुविधाओं की कमी, और भूमि संबंधी विवादों को लेकर अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। अधिकारियों ने सभी आवेदनों की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस बीच शिविर में पहुंचे दानापुर अनुमंडल अधिकारी अनिरुद्ध पांडे ने बताया कि यह सहयोग शिविर सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का एक ही स्थान पर समाधान उपलब्ध कराना और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी व्यक्तियों तक पहुँचाना है। शिविर में नगर परिषद के सिटी मैनेजर अमरेंद्र कुमार, बृजेश कुमार सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी अर्पना के साथ कई अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मी शामिल थे।

## नए डिग्री कॉलेजों में 1 जुलाई से पढ़ाई शुरू कराने की तैयारी में जुटा विभाग

नई सोच एक्सप्रेस



» राज्य के 211 प्रखंडों में खुलने वाले नए डिग्री कॉलेजों में शुरू होगी पढ़ाई

**पटना।**राज्य में 1 जुलाई से नए डिग्री कॉलेजों में पढ़ाई शुरू कराने के लिए उच्च शिक्षा विभाग तैयारी में जुट गया है। इसके लिए सभी कॉलेजों में प्राचार्यों की नियुक्ति के साथ ही शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की तैनाती शुरू कर दी गई है। विदित हो कि राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 के चौथे निश्चय 'उन्नति शिक्षा उन्नति भविष्य' के तहत डिग्री महाविद्याल विहीन सभी प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। बताया जाता है कि राज्य के 534 प्रखंडों में से 211 प्रखंडों में अभी कोई भी अंगीभूत या संबद्ध डिग्री कॉलेज नहीं है। इसको देखते हुए राज्य सरकार ने महाविद्यालय विहीन प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज खोलने के साथ ही नए सत्र से पढ़ाई शुरू करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग नए डिग्री कॉलेजों में 1 जुलाई से पढ़ाई शुरू कराने के लिए तैयारी शुरू कर दिया है। नए डिग्री कॉलेजों में प्राचार्य, विषयों के अनुसार शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों की तैनाती शुरू कर दी गई है। पढ़ाई शुरू करने से पहले वहां संसाधन की व्यवस्था की जा रही है। ताकि निर्धारित समय से पढ़ाई शुरू हो सके। इस संबंध में उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. एनके अग्रवाल ने बताया कि सभी नए डिग्री कॉलेजों में 1 जुलाई से पढ़ाई शुरू करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार नए सत्र से बिहार के 211 प्रखंडों में खोले जा रहे नए डिग्री कॉलेजों में पढ़ाई प्रारंभ की जाएगी।

## जे एन लाल कॉलेज में सहयोग शिविर का आयोजन,समस्याओं को लेकर पहुंचे नागरिक

नई सोच एक्सप्रेस



**खगौल।**बिहार सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को जगत नारायण लाल कॉलेज, खगौल में एक दिवसीय सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन नगर परिषद खगौल के कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में किया गया। शिविर में नगर क्षेत्र के लोगों ने बिजली, बाल विकास परियोजना, राजस्व एवं भूमि सुधार, स्वास्थ्य, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन), प्रधानमंत्री आवास योजना, पुलिस प्रशासन सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं और शिकायतों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी अभिनव कुमार ने बताया कि नगर परिषद के सभी वार्डों के नागरिकों की सुविधा के लिए सहयोग शिविर का आयोजन किया गया है, ताकि आमजन अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन सीधे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकें। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का निष्पक्ष और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। यह शिविर मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आयोजित किया गया है। शिविर में अजय यादव,चंदू प्रिंस, पूनम देवी, महेंद्र सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, पिंटू कुमार सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। मौके पर नगर व्यवस्था पदाधिकारी मीनाक्षी कुमारी, स्वच्छता पदाधिकारी विजय प्रकाश, मुकेश कुमार मंडल, प्रधान लिपिक मनोज कुमार, लिपिक शैलेश कुमार, टैक्स कर्मचारी रवि रंजन कुमार, कौशलेंद्र कुमार, नवनीत कुमार, सत्यम कुमार सहित नगर परिषद के अन्य कर्मी मौजूद रहे। सहयोग शिविर के माध्यम से नागरिकों और प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करने तथा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में सार्थक पहल की गई।

## पटना के डाकबंगला चौराहा पर प्रेम यूथ फाउंडेशन का सड़क सुरक्षा अभियान ,वॉलेंट्रीयर ने हेलमेट पहनने की अपील की

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को रोकने के उद्देश्य से प्रेम यूथ फाउंडेशन पटना ने मंगलवार को डाकबंगला चौराहा पर 2 दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की शुरुआत की। यह अभियान 17 जून तक चलेगा। **युवाओं और पुलिस की संयुक्त पहलः** कार्यक्रम में प्रेम यूथ फाउंडेशन के दर्जनों स्वयंसेवको ने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर उतरे। बैनर पर "प्रेम यूथ फाउंडेशन पटना - सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, 16 एवं 17 जून 2026" लिखा था। अभियान में पटना ट्रैफिक पुलिस के जवान भी शामिल हुए और लोगों को हेलमेट, सीट बेल्ट व यातायात नियमों के महत्व के बारे में बताया। फाउंडेशन कीस्वयंसेवक वर्षा के हाथ में "सर झुकी तो एकदम... हेलमेट जरूरी" लिखा पोस्टर खास आकर्षण का केंद्र रहा। पोस्टर पर हेलमेट और गाड़ी का चित्र बनाकर युवाओं ने आम लोगों को संदेश दिया। **लोगों को दिया गया यह संदेशः** डाकबंगला चौराहा पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर स्वयंसेवकों ने बाइक सवारों को रोका और उन्हें मुफ्त में हेलमेट पहनने की सलाह दी। बिना हेलमेट चल रहे लोगों को हेलमेट के फायदे बताए गए और ट्रैफिक नियम तोड़ने पर लगने वाले जुर्माने की जानकारी भी दी गई। आयोजकों ने पैम्पलेट और स्टिकर बांटकर लोगों से अपील की कि "सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही, परिवार की खुशियां छीन सकती है"। साथ ही ओवरस्पीड, नशे में ड्राइविंग और मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चलाने से बचने की हिदायत दी गई। **युवाओं की भूमिका अहमः** प्रेम यूथ फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सुलेखा ने बताया कि युवा ही बदलाव की ताकत हैं। अगर युवा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होंगे तो दुर्घटनाओं में बड़ी कमी आएगी। उन्होंने कहा कि डाकबंगला जैसे व्यस्त चौराहों पर इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक हो सकें। ट्रैफिक पुलिस के एसआई कुमारी अनामिका ने भी फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की और कहा कि जनता के सहयोग के बिना सड़क सुरक्षा संभव नहीं है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। दो दिन चलने वाले इस अभियान के दौरान फाउंडेशन के सदस्य पटना के अन्य व्यस्त चौराहों पर भी जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। मौके पर ऋषिकेश भट्ट, रौनक कुमार, अलिसा , सागर समेत दर्जनों स्वयंसेवक मौजूद रहे ।

## लंका प्रीमियर लीग के प्रमोटर आईपीजी ग्रुप ने की फंडिंग की घोषणा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के छठे सीजन के आगाज से पहले लीग को बड़ा वित्तीय और संस्थागत समर्थन मिला है। एलपीएल के प्रमोटर इनोवेटिव प्रोडक्शन ग्रुप (आईपीजी) ने अमेरिकी नैस्डैक-लिस्टेड फ्लैश स्पोर्ट्स एंड मीडिया इंक. के साथ रणनीतिक ऑल-स्टॉक विलय पूरा कर लिया है। इस साझेदारी के तहत आईपीजी को मल्टी-मिलियन डॉलर की फंडिंग प्राप्त होगी, जबकि अगले दो वर्षों में एलपीएल के विकास और आधुनिकीकरण पर 2 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जाएगा। आईपीजी ग्लोबल के संस्थापक और अध्यक्ष अनिल मोहन ने कहा, इस नए विकास का सबसे बड़ा लाभ एलपीएल को मिलेगा। सार्वजनिक रूप से संचालित संरचना में शामिल होने से लीग का जिम्मेदारीपूर्वक विस्तार करने की हमारी क्षमता मजबूत हुई है। अधिक पारदर्शिता, पूंजी तक पहुंच और बेहतर प्रशासनिक मानकों के साथ हम फ्रेंचाइजी मूल्य बढ़ाने के लिए बेहतर स्थिति में हैं, जबकि दीर्घकालिक व्यावसायिक अनुशासन भी बनाए रखेंगे। फ्लैश स्पोर्ट्स एंड मीडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रैडली नैट्रास ने कहा, हमें विश्वास है कि यह साझेदारी हमें एक साथ कई क्रिकेट अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से काम करने की क्षमता देगी। केंद्रीकृत व्यावसायिक नियंत्रण और फ्रेंचाइजी हितों के बेहतर समन्वय के साथ हम प्रायोजकों की गहरी भागीदारी, मजबूत प्रसारण साझेदारियां और प्रशंसकों की अधिक सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। हमारा ध्यान अब प्रभावी संचालन, तेज गति से विस्तार और दीर्घकालिक शेयरधारक मूल्य निर्माण पर है।

## कृषि प्रधान देश से जनसंख्या, अपराध और भ्रष्टाचार प्रधान देश बनता जा रहा भारत : ममता पटेल

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा।**भाजपा नेत्री ममता पटेल ने किसानों की स्थिति, बढ़ती जनसंख्या और कृषि भूमि के घटते दायरे को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत कभी कृषि प्रधान देश के रूप में जाना जाता था, लेकिन आज जनसंख्या वृद्धि, अपराध और भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं देश के सामने गंभीर चुनौती बनकर उभर रही हैं। उन्होंने कहा कि देश का अन्नदाता किसान आज सबसे अधिक आर्थिक संकट और कर्ज के बोझ से दबा हुआ है। खेती के लिए बीज, खाद, सिंचाई, कृषि उपकरण, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए किसानों को कर्ज लेना पड़ता है। ऐसे में किसानों की स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। ममता पटेल ने कहा कि बढ़ती आबादी के दबाव में सड़क, आवास, उद्योग और अन्य विकास परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर कृषि योग्य भूमि का उपयोग किया जा रहा है। इससे खेती योग्य जमीन का दायरा लगातार सिमट रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि कृषि भूमि समाप्त होती गई तो भविष्य में खाद्यान्न उत्पादन कैसे सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि किसान एक ओर प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, सूखा और ओलावृष्टि की मार झेलता है, वहीं दूसरी ओर उसे अपनी उपज का उचित मूल्य भी नहीं मिल पाता। किसानों की मेहनत का लाभ बिचौलियों और भ्रष्ट तंत्र को मिल जाता है, जबकि किसान आर्थिक परेशानियों से जूझता रहता है। भाजपा नेत्री ने कहा कि देश में रोजगार की कमी, बढ़ता अपराध और भ्रष्टाचार भी चिंता का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाता, जिससे आम जनता और किसानों में निराशा बढ़ रही है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से जनसंख्या नियंत्रण के लिए प्रभावी कानून बनाने, कृषि भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने, किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने तथा सिंचाई एवं कृषि संसाधनों की सुलभ व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने कहा कि देश की खाद्य सुरक्षा और समग्र विकास के लिए कृषि एवं किसानों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने भी किसानों की समस्याओं पर चिंता जताते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूत किए बिना देश के सतत विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने किसानों के हित में ठोस और दीर्घकालिक नीतियां बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## बालू लदे वाहनों में आमने-सामने की टक्कर, चालक फरार, पुलिस की जांच जारी

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर।**पटना जिले के दानापुर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। बालू लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में टूट गया, जबकि अनियंत्रित ट्रक सड़क किनारे स्थित एक मंदिर की दीवार से जा टकराया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह घटना सोमवार रात करीब 1:30 बजे की है। बताया जा रहा है कि बालू लदा ट्रक तेज गति से दीघा की ओर जा रहा था, तभी दीघा से दानापुर की तरफ आ रहे ट्रैक्टर के साथ उसकी आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे के वक्त वहां से गुजर रहा एक स्कूटी सवार व्यक्ति बाल-बाल बच गया, जो किसी तरह अपनी जान बचाने में कामयाब रहा। घटना के बाद ट्रक चालक, ट्रैक्टर चालक और उस पर सवार अन्य लोग मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना का आंखों देखा हाल बयान करते हुए बताया कि रात में 'नो एंट्री' का समय खत्म होने के बाद इस मार्ग पर बालू लदे ट्रक और ट्रैक्टर बेलगाम होकर चलते हैं। बालू खनन पर रोक के बावजूद रात के अंधेरे में बड़ी संख्या में बालू लदे वाहन गुजरते हैं, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में रहती है और सड़क पर चलना तक दूभर हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही दानापुर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की जानकारी ट्रैफिक थाना को दे दी गई है। फिलहाल, ट्रैफिक पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है और दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी दस्तावेज के आधार पर अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के प्रयास में प्राथमिकी दर्ज

**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देशानुसार अनुकंपा के आधार पर जन वितरण प्रणाली दुकान की अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु संजीव कुमार के आवेदन की जांच के दौरान फर्जी दस्तावेज एवं जाली हस्ताक्षर के उपयोग का मामला सामने आने पर संबंधित संजीव कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रखंड मखदुमपुर ग्राम-खरका निवासी संजीव कुमार सिंह, पिता - शिव कुमार सिंह द्वारा अनुकंपा के आधार पर जन वितरण प्रणाली विक्रेता अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा आवेदन एवं संलग्न अभिलेखों की जांच के क्रम में कई गंभीर विसंगतियां पाई गई। जांच के दौरान पाया गया कि आवेदक श्री संजीव कुमार सिंह की जन्मतिथि आधार कार्ड के अनुसार 03.02.1974 है, जिससे वर्ष 2021 में सुधारकर 3.2.1988 कर दिया गया था वहीं, उनके पिता स्व० शिवपूजन सिंह की आयु वर्ष 2015 की निर्वाचक नामावली में 52 वर्ष तथा वर्ष 2021 की निर्वाचक नामावली में 68 वर्ष अंकित पाई गई तथा राजकीय मध्य विद्यालय मांझील के नामांकन पंजी अनुसार श्री शिव कुमार की जन्मतिथि 1.01.1969 तथा आवेदक(पुत्र) संजीव कुमार की जन्मतिथि 3.02.1974 है जिसमें केवल 5 वर्ष का अंतर है , जो संदेहात्मक पाया गया। इसी आधार पर जांच समिति द्वारा आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर पाया गया कि संजीव कुमार द्वारा उप संबंधित फर्जी दस्तावेजों तथा तथ्यों को छिपाकर अनुकंपा लाभ प्राप्त करने का प्रयास किया गया है। जांच प्रतिवेदन में वर्णित तथ्यों के आधार पर जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा मामले को गंभीर मानते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की अनुशंसा की गई। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, मखदुमपुर द्वारा मखदुमपुर थाना में लिखित आवेदन कर मखदुमपुर थाना में इनके विरुद्ध एक मामला दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं, नियुक्तियों एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित मामलों में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी व्यक्ति द्वारा फर्जी दस्तावेज, जाली हस्ताक्षर अथवा भ्रामक जानकारी के आधार पर सरकारी लाभ प्राप्त करने का प्रयास गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सुगौली थाना का एसपी ने किया रात्रिकालीन निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**मोतिहारी।** जिले के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रताप ने सोमवार देर रात सुगौली थाना का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पैदल गश्ती (फुट पेट्रोलिंग), बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था, वाहन जांच अभियान, ऑफिसर ऑन ड्यूटी (ओडी) की तैनाती तथा पुलिसकर्मियों के बीच ड्यूटी वितरण की प्रक्रिया का गहन जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना प्रभारी एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए रात्रि गश्ती को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बाजार क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया।पुलिस अधीक्षक ने वाहन जांच अभियान की समीक्षा करते हुए कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए नियमित वाहन चेकिंग एवं गश्ती अभियान जारी रखने पर बल दिया। साथ ही ड्यूटी आवंटन व्यवस्था का निरीक्षण कर पुलिस बल के बेहतर उपयोग एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।एसपी ने कहा कि पुलिस की सक्रियता और सतर्कता से ही अपराध नियंत्रण के साथ आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम रखा जा सकता है। रात्रिकालीन निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना तथा नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की कार्यप्रणाली, सुरक्षा इंतजाम और पुलिसकर्मियों की तैनाती व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

### मोदनगंज प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, ओकरी के डॉक्टर अनुपस्थित पाये गये



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने मोदनगंज प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने ओपीडी व्यवस्था, चिकित्सकीय सेवाओं, मानव संसाधन की उपलब्धता, अस्पताल परिसर की साफ-सफाई एवं विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने ओपीडी में आने वाले मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, दवाइयों का जायजा तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति की जांच की। इस दौरान चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल कर्मियों के रोस्टर का अवलोकन किया। समीक्षा के क्रम में डॉ.प्रिय रंजन रोस्टर के अनुसार अनुपस्थित पाए गए। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में ड्यूटी के प्रति लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी निर्धारित रोस्टर के अनुसार समय पर उपस्थित रहकर आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ का रोस्टर नियमित रूप से अद्यतन कर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को आवश्यक जानकारी सहज रूप से उपलब्ध हो सके। उन्होंने रोस्टर के नियमित अद्यतन एवं अनुपालन की सतत निगरानी करने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्वच्छता बनाए रखने के लिए नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# सीपीएस में शिक्षा मंत्री ने किया जिला स्तरीय एकता शिविर का उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस



» भारत स्काउट एवं गाइड के पांच दिवसीय शिविर में 500 प्रतिभागी शामिल

**छपरा।** भारत स्काउट एवं गाइड, सारण के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय एकता शिविर-2026 का उद्घाटन मंगलवार को सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, छपरा में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट एवं गाइड कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत वंदे मातरम् और स्वागत गीत से हुई। सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन किया तथा शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि स्काउट एवं गाइड संगठन युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना और राष्ट्रभक्ति विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कैडेट्स को मानव सेवा और समाज के प्रति सकारात्मक योगदान के लिए प्रेरित किया। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज ने सरकारी विद्यालयों में स्काउट एवं गाइड गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए सहयोग का अनुरोध किया, जिस पर शिक्षा मंत्री ने आवश्यक पहल और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने भी संगठन की कार्यसंस्कृति, अनुशासन और सेवा भावना की सराहना की। शिविर में सारण जिले के 20 प्रखंडों से लगभग 500 स्काउट एवं गाइड प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन सीपीएस के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग एवं स्काउट-गाइड संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नादरपुर में सहयोग शिविर आयोजित, अधिकारियों ने सुनीं जनसमस्याएं



नई सोच एक्सप्रेस

**गया जी।** बाराचट्टी थाना क्षेत्र के नादरपुर में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के प्रधान सचिव, मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक, मगध प्रमंडल की आयुक्त, जिला पदाधिकारी गया, वरीय पुलिस अधीक्षक गया सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।शिविर के दौरान अधिकारियों ने आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न जनसुविधाओं, विकास कार्यों तथा प्रशासनिक विषयों से संबंधित समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। इस पर अधिकारियों ने संबंधित मामलों की जानकारी प्राप्त करते हुए उनके त्वरित, प्रभावी एवं निष्पक्ष निष्पादन के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## जमीनी विवाद में मारपीट, घर में घुसकर हमला करने का आरोप; चार बच्चे समेत कई घायल

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** टेहटा थाना क्षेत्र के सुगांव गांव में जमीन एवं पानी निकासी के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना में चार बच्चों समेत एक ही परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि विरोधी पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर महिलाओं और बच्चों के साथ बेरहमी से मारपीट की। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है। पीड़ित पक्ष के अनुसार सोमवार सुबह जमीन और पानी निकासी को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक उग्र हो गया। आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से लैस होकर घर में घुसकर हमला कर दिया। मारपीट में परिवार के कई सदस्य घायल हो गए, जिनमें चार बच्चे गंभीर रूप से जख्मी बताए जा रहे हैं। महिलाओं के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। घटना के समय परिवार के मुखिया विजय पासवान जो होमगार्ड जवान हैं, भेलावर क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात थे। विजय पासवान ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद उन्होंने अपने वरीय अधिकारियों को जानकारी दी और तत्काल घर पहुंचे। वहां पहुंचने पर उन्होंने परिवार के सदस्यों और बच्चों को घायल अवस्था में पाया। इसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित परिवार ने कई लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। न्याय की मांग को लेकर परिवार ने एससी-एसटी थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपितों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी गुहार लगाई है। इस संबंध में एससी-एसटी थाना प्रभारी पूनम कुमारी ने बताया कि पीड़ित पक्ष से आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे और जो व्यक्ति दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पीड़ित परिवार को निष्पक्ष जांच और न्याय का आश्वासन दिया है।

## सावन बिगहा प्रीमियर लीग का खिताब शकूराबाद क्रिकेट क्लब के नाम

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** रतनी प्रखंड क्षेत्र के सावन बिगहा खेल मैदान में आयोजित सावन बिगहा प्रीमियर लीग मैच का उद्घाटन राजद नेत्री आभा रानी ने किया। शकूराबाद क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिकंदरपुर क्रिकेट क्लब को 39 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। 10 ओवरों के इस फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शकूराबाद क्रिकेट क्लब ने निर्धारित ओवरों में 146 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाजों ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और विपक्षी गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा। 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिकंदरपुर क्रिकेट क्लब की टीम निर्धारित रन गति के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं कर सकी। टीम ने 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए। इस प्रकार शकूराबाद क्रिकेट क्लब ने 39 रनों से शानदार जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। टूर्नामेंट के आयोजक अजय कुमार ने बताया कि पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शकूराबाद क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी कुंदन कुमार को मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके हरफनमौला प्रदर्शन ने टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजेता शकूराबाद क्रिकेट क्लब को ट्रॉफी के साथ 10 हजार रुपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई, जबकि उपविजेता सिकंदरपुर क्रिकेट क्लब को ट्रॉफी एवं 4 हजार रुपये नकद देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में सिकंदरपुर के भावी मुखिया प्रत्याशी शिवशंकर यादव ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार राशि प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में अंपायर रविकांत कुमार, अभय कुमार और रिशु कुमार की अहम भूमिका रही। वहीं, पिंटू कुमार ने अपनी रोचक कमेंट्री से पूरे मैच के दौरान दर्शकों को बांधे रखा। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस क्रिकेट प्रतियोगिता ने स्थानीय खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान किया। फाइनल मुकाबले के दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैदान में मौजूद रहे। विजेता टीम की जीत के बाद खिलाड़ियों और समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया तथा एक-दूसरे को बधाई दी।

# प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**वैशाली।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज नारायणपुर बुजुर्ग पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन एवं लगुरांव बिलंदपुर पंचायतघ भवन के परिसर में प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर लगे। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक महेंद्र राम उपस्थित हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह सेंगर, अंचलाधिकारी गौरव कुमार, पंचायत की मुखिया बेबी देवी, समाज सेवी अमरेश सिंह ने संयुक्त रूप से सभी विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। स्थानीय विधायक महेंद्र राम ने मौके पर उपस्थित दर्जनों लोगों को स्वास्थ्य कार्ड दिया। सरकार द्वारा चलाए जा रहे सहयोग शिविर में आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम भारत, के द्वारा नारायणपुर बुजुर्ग पंचायत में आयोजित शिविर में लगभग 200 लोगों को इसका लाभ मिला। बता दें कि इस शिविर में मुख्य रूप से किसान पंजीयन, किसान आईडी, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड निर्माण और विभिन्न लाभकारी योजनाओं से लोगों को जोड़ा गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि शिविर का उद्देश्य योजनाओं को वैसे लोगों तक पहुंचाना है जो सक्षम नहीं है या किसी संसाधन के अभाव में वो प्रखंड तक नहीं पहुंच पाते है या फिर उनके पास पैसे नहीं है। जिसकी लोगों ने तथा प्रखण्ड प्रशासन ने इसकी सराहना की है और इस तरह के शिविर को बढ़ावा देने हेतु अपने स्तर से हर संभव मदद कारण की बात कही। मुख्य रूप से प्रखंड प्रशासन के अलावा डेवलपमेंट पार्टनर आगा खान ग्राम समर्थन कार्यक्रम भारत से सविता कुमारी लगातार सक्रिय थे । इसमें संस्था के वरीय पदाधिकारी भी शामिल हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि यह सहयोग शिविर प्रत्येक माह के पहला और तीसरा मंगलवार को पंचायत स्तर पर लगाया जाता है। नारायणपुर बुजुर्ग पंचायत में आयोजित शिविर में कल 43 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 13 आवेदनों का निष्पादन मौके पर किया गया। वहीं लगुरांव बिलंदपुर पंचायत में आयोजित शिविर में 58 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 11 आवेदनों का निष्पादन मौके पर कर दिया गया। इस मौके पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अवधेश राय, जदयू नेता भीम कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश पटेल, बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर, अंचलाधिकारी गौरव कुमार, बीपीआरओ- सुधी रंजन कुमार, मुखिया- बेबी देवी, मुखिया- दिव्या राज आदि मौजूद थे।

## मझौलिया प्रखंड के चार पंचायतों में लगा सहयोग शिविर, लोगों की समस्याओं का हुआ समाधान



नई सोच एक्सप्रेस

**बेतिया।** मझौलिया प्रखंड के बैठनिया भानाचक, नौतन खुर्द तथा रामनगर बनकट पंचायतों में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया सहयोग शिविर का आयोजन गया ।जहां विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आम लोगों की समस्याओं के समाधान एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई।शिविर में पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, ग्राम कचहरी, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। लोगों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन जमा किए तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने लाभुकों को योजनाओं का लाभ लेने तथा आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया।नोडल पदाधिकारी गार्गी कुमारी ने बताया कि पूर्व में प्राप्त आवेदनों में लगभग 95 प्रतिशत मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आज शिविर में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों का निर्धारित प्रक्रिया के तहत अधिकतम 30 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप लोगों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार के सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

## पंचायत भवन निर्माण को लेकर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश, शिविर में अधिकारियों के समक्ष उठाई आवाज

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी।** सुगौली प्रखंड के उत्तरी छपरा बहास पंचायत अंतर्गत कैथवालिया पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को आयोजित सहायता-सह-जनजागरूकता शिविर उस समय चर्चा का विषय बन गया, जब बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पंचायत भवन निर्माण स्थल को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में आयोजित शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को खुलकर रखा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत का कार्य वर्षों से कैथवालिया स्थित पंचायत भवन परिसर से संचालित होता आ रहा है, लेकिन अब सरकारी पंचायत भवन का निर्माण भवानीपुर में कराने की तैयारी की जा रही है। लोगों ने इसे अनुचित बताते हुए कहा कि पंचायत भवन का निर्माण उसी स्थान पर होना चाहिए, जहां से लंबे समय से पंचायत का संचालन होता रहा है। शिविर में मौजूद ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि वर्ष 2021 से अब तक पंचायत में एक भी आम सभा का आयोजन नहीं किया गया है, जिससे स्थानीय समस्याओं के समाधान और विकास योजनाओं की जानकारी लोगों तक नहीं पहुंच पाई है। इसको लेकर लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष नाराजगी जताई। मौके पर पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन किरण एवं अंचलाधिकारी कुंदन कुमार ने ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। बीडीओ नूतन किरण ने आश्वासन दिया कि आगामी 21 जून को आम सभा का आयोजन किया जाएगा तथा पंचायत से संबंधित सभी समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। शिविर में सुगौली इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी अनीश कुमार सिंह,मुखिया मैनेजर साहनी, पवन चौरसिया, विनोद ठाकुर ,सरपंच महेंद्र सहनी,पवन कुमार चौरसिया, संजय पाण्डेय, संजय साह,लालबाबु सहनी विनेश चौरसिया जयकमल सहनी अनील साह,भुलेन सहनी रुदल सहनी पंचायत समिति सदस्य उपेन्द्र सहनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से पंचायत भवन निर्माण स्थल पर पुनर्विचार करने और जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय लेने की मांग की।

## जीतपुर सिमरा उद्योग वाणिज्य संघ का तृतीय अधिवेशन एवं वार्षिक साधारण सभा संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी।** जीतपुर सिमरा उद्योग वाणिज्य संघ का तृतीय अधिवेशन सहित वार्षिक साधारण एक कार्यक्रम के बीच संपन्न हुआ। संघ के अध्यक्ष मोहन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित अधिवेशन में उद्योगपति, व्यवसायी, विभिन्न सरकारी निकायों के प्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के नेता, पत्रकार आदि लोगो की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में संघ द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया गया तथा अध्यक्ष की वार्षिक प्रतिवेदन को अनुमोदित किया गया। बंद सत्र के दौरान व्यावसायिक वातावरण निर्माण, उद्योग–व्यवसाय क्षेत्र की चुनौतियाँ, निवेशमैत्री माहौल तथा निजी क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों ने अपनी चिंता और सुझाव व्यक्त किए। अधिवेशन को सफल बनाने में योगदान देने वाले नेपाल उद्योग वाणिज्य महासंघ के केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरकृष्ण वैद्य, जीतपुर सिमरा उपमहानगरपालिका के नगर प्रमुख एवं उपप्रमुख, महासंघ के केंद्रीय तथा जिला/नगर स्तरीय पदाधिकारी, इलाका प्रशासन कार्यालय, आंतरिक राजस्व कार्यालय, वस्तुगत समिति, वरिष्ठ उद्योगपति एवं व्यवसायी, नेपाल प्रहरी, सशस्त्र प्रहरी, सलाहकार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, उद्योगपति–व्यवसायी तथा पत्रकारों के प्रति संघ ने आभार व्यक्त किया।इसी प्रकार, संघ द्वारा प्रकाशित स्मारिका में शुभकामना संदेश प्रदान करने वाले मंत्रियों, प्रमुख जिला अधिकारी सहित सभी शुभेच्छुओं को भी धन्यवाद ज्ञापन किया गया। कार्यक्रम में वीरगंज उद्योग वाणिज्य संघ के उपाध्यक्ष माधव राजपाल, निजगढ़ उद्योग वाणिज्य संघ के अध्यक्ष दीपेन्द्र श्रेष्ठ तथा पर्सौनी उद्योग वाणिज्य संघ के अध्यक्ष तुलसी गुप्ता की भी उपस्थिति रही।अधिवेशन के उद्घाटन सत्र के भव्य समापन के पश्चात आगामी नेतृत्व चयन प्रक्रिया की जिम्मेदारी निर्वाचन समिति को सौंप दी गई। निर्वाचन अधिकृत अधिवक्ता शरद चन्द्र भट्टराई के अनुसार आगामी 7 आषाढ़ को निर्वाचन तथा 11 आषाढ़ को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं पदभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत निर्वाचन तालिका भी सार्वजनिक कर दी गई है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अध्यक्ष मोहन शर्मा ने अपने कार्यकाल को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, उद्योगपतियों, व्यवसायियों तथा शुभेच्छुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ की निरंतर प्रगति के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।उन्होंने जय उद्योग, जय व्यापार, जय पर्यटन” के नारे के साथ उद्योग, व्यापार एवं पर्यटन क्षेत्र के विकास के प्रति संघ की निरंतर प्रतिबद्धता व्यक्त की।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### शत्रुहन पासवान ने जीता स्वर्ण पदक

**पटना।** इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के तत्वाधान में 15 वी फेडरेशन कप बॉडी बिल्डिंग का अयोजन लुधियाना, पंजाब में किया गया जिसमें पटना रेल जीआरपी में कार्यरत शत्रुहन पासवान ने बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए 75 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर बिहार का नाम गौरवांवित किए। वही प्रकाश कुमार, गोविंद कुमार, सुमित कुमार ने भी सराहनीय प्रदर्शन किए। इस ऐतिहासिक क्षण पर न्यू बॉडी बिल्डिंग एवम फिटनेस एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक डॉ रणबीर नन्दन, (अध्यक्ष बिहार धार्मिक न्यास बोर्ड) हार्दिक शुभकामना देते हुए उज्वल भविष्य की कमाना किए। साथ ही संघ के अध्यक्ष अभय सुंदर, सचिव विजय कुमार कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह,उपाध्यक्ष गुंजेश झा, संयुक्त सचिव उपेन्द्र कुमार, मुकुल कुमार चौधरी, अजय कुमार, सूरज भानु गुप्ता, मनोज कुमार एवं सभी सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी। यह जानकारी संघ के सचिव विजय कुमार ने दी।

### उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एफसीएनआर (बी) जमा पर ब्याज दर बढ़ाकर की 7.13%, एनआरआई बैंकिंग सेवा हुई बेहतर

**पटना।** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा एफसीएनआर (बी) जमा के ज़रिए विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ाने के लिए हाल में उठाए गए कदमों से, वाह्य क्षेत्र की स्थिति को मज़बूत करने और विदेशी मुद्रा की तरलता (लिक्विडिटी) बढ़ाने की दिशा में भारत का सक्रिय और दूरदर्शी दृष्टिकोण रेखांकित होता है। इस पहल से प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) की भागीदारी को बढ़ावा और देश के व्यापक आर्थिक विकास के लक्ष्यों को समर्थन मिलने की उम्मीद है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के रिटेल लायबिलिटीज़ (खुदरा उत्तरदायित्व), टीएएससी और टीपीपी प्रमुख, श्री हितेन्द्र झा ने कहा, "आरबीआई के इस बेहद अनुकूल समय पर लिए गए निर्णय से भारत की वित्तीय प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा और प्रवासी भारतीयों के लिए देश की वृद्धि की संभावना में भाग लेने का आकर्षक ज़रिया तैयार होगा। इस पहल से बैंकिंग प्रणाली में विदेशी मुद्रा प्रवाह में स्थायित्व आने की उम्मीद है, जिससे वित्तीय स्थिरता में मदद मिलेगी और भारत की वाह्य स्थिति मज़बूत होगी। उज्जीवन एसएफबी नवोन्मेषी, ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग समाधानों के ज़रिए आरबीआई के दृष्टिकोण का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनसे ग्राहकों के लिए दीर्घकालिक स्तर पर प्रभावी मूल्य का निर्माण होता है, साथ ही ये भारत की आर्थिक प्रगति में सार्थक योगदान देते हैं।" उज्जीवन एसएफबी, मूल्य-आधारित समाधान प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत, अभी तीन से पांच की अवधि के लिए डॉलर में एफसीएनआर (बी) जमा पर 7.13% सालाना तक की ब्याज दर प्रदान कर रहा है, जो इस उद्योग में उपलब्ध सबसे प्रतिस्पर्धी दरों में से एक है। बेहतर एफसीएनआर (बी) ढांचे से विदेशी मुद्रा भंडार में सकारात्मक योगदान मिलने की आशा है, साथ ही इससे ग्राहकों को सुरक्षित और लाभप्रद निवेश के अवसर भी मिलेंगे। ऐसी पहलों से वैश्विक बचत और निवेश के लिए पसंदीदा गंतव्य के तौर पर भारत की स्थिति और मज़बूत होगी।

### ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन का रक्तदान शिविर, 25 लोगों ने किया रक्तदान

**भागलपुर।** ऑल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन द्वारा स्वर्गीय भावेश सोलंकी की स्मृति में मंगलवार को सदर अस्पताल स्थित ब्लड सेंटर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 25 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया, जिनमें महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लड सेंटर के नोडल पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार एवं सदर अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजू कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाया जा सकता है। शिविर के सफल आयोजन में बिहार प्रदेश महासचिव कमलेश कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष शंकर कुमार मिश्रा, जिला महासचिव विकास कुमार तथा जोनल उपाध्यक्ष अनिल कुमार बाजोरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष 2021 से लगातार आयोजित हो रहा यह रक्तदान अभियान आगे भी स्व. भावेश सोलंकी की स्मृति में जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं को समाज सेवा के इस कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया।

### वार्ड सदस्या के निधन पर शोक सभा



**वैशाली।** नारायणपुर बुजुर्ग पंचायत के वार्ड 14 के निवासी सह वार्ड सदस्या अहिल्या देवी पति राम कुमार सिंह के असामयिक निधन पर उनके आवास पर मंगलवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। मौके पर अनेकजनप्रतिनिधि ,समाजसेवी, ग्रामीण उपस्थित हुए। लोगों ने उनके शव पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुखिया बेबी देवी ने कहा कि स्वर्गीय अहिल्या देवी समाजसेवी महिला थी। वार्ड के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहती थीं। पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर में उपस्थित विधायक महेंद्र राम,मुखिया बेबी देवी, बीडिओ सूरज प्रताप सिंह सेंगर,सीओ गौरव कुमार सहित सभी पदाधिकारीयो कर्मियों ने उनके असामयिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में ब्रजकिशोर सिंह,चंद्रशेखर शर्मा, कमलेश कुमार,अमरेश कुमार सिंह ,राधाकांत झा, अमरनाथ सिंह, महेश्वर शर्मा सहित अनेक लोग शामिल हैं।

### फुलवरिया टोल प्लाजा ने बढ़ाया बिहार का मान,ऑल इंडिया रैंकिंग में तीसरा स्थान



**मोतिहारी।** देशभर के टोल प्लाजाओं की जारी रैंकिंग में सुगौली प्रखंड के फुलवरिया टोल प्लाजा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया टॉप-100 टोल प्लाजाओं में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि से न केवल फुलवरिया टोल प्लाजा की प्रतिष्ठा बढ़ी है, बल्कि पूर्वी चंपारण जिले और बिहार का भी गौरव राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है।जानकारी के अनुसार, टोल प्लाजा को यह सम्मान बेहतर प्रबंधन, उत्कृष्ट यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, सुचारु संचालन तथा उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं के आधार पर प्राप्त हुआ है। देश के विभिन्न राज्यों के सैकड़ों टोल प्लाजाओं के बीच तीसरा स्थान हासिल करना फुलवरिया टोल प्लाजा के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इस सफलता पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताते हुए टोल प्लाजा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। लोगों का कहना है कि यह उपलब्धि दर्शाती है कि बेहतर कार्य संस्कृति और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बनाई जा सकती है।फुलवरिया टोल प्लाजा की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में भी टोल प्लाजा इसी तरह उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर नए कीर्तिमान स्थापित

## मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने लाभुकों के बीच अनुज्ञप्ति व सहायता राशि चेक ,लेबर कार्ड का वितरण किया

नई सोच एक्सप्रेस




**मधुबनी/बिहार।** बिहार सरकारी के श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण युवा रोजगार एवं कौशल विभाग के मंत्री अरूण शंकर प्रसाद मंगलवार को जयनगर स्थित आई बी पहुँचे। आईबी में प्रशासन के अधिकारियों कार्यकेताओं आम जनो ने स्वागत कर सम्मानित किया। मंत्री के द्वारा कार्यकर्ताओं व आम जनो से मुलाकात कर क्षेत्र की जन समस्याओं से अवगत हुए जनसमस्याओं के निदान हेतू आश्वासन दिया। वही कार्यकर्ताओं को सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन जन तक पहुँचे व्यापक प्रचार प्रसार करने का आह्वान किया गया।वही प्रशासन के अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं के निदान विकास कार्य योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक कर सरकार की योजनाओं आम जन लाभुकों तक पहुँचाने विधि व्यवस्था बनाए रखने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पश्चात मंत्री जयनगर अनुमण्डल मुख्यालय स्थित एसडीएम कार्यलय पहुँचे। मंत्री का एसडीएम दीपक कुमार समेत उपस्थित पदाधिकारियों ने स्वागत कर सम्मानित किया। वही मंत्री के द्वारा अनुमण्डल क्षेत्र के जयनगर ,लदनिया, बासोपट्टी के नए चयनित जन वितरण प्रणाली पीडिएस के कुल 20 विक्रेताओं के बीच अनुज्ञप्ति वितरण किया गया। अनुज्ञप्ति जयनगर के 08 और बासोपट्टी के 02 एवं लदनिया 10 नए डीलरों के बीच अनुज्ञप्ति वितरण किया गया। सभी डीलरों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। वही मंत्री के द्वारा बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना योजना के मृतक की पत्नी लाभुक जयनगर प्रखण्ड क्षेत्र के बेलही दक्षिणी पंचायत के वार्ड 11 निवासी मुसिरथ को दो लाख और बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत दुल्लीपट्टी वार्ड 05 निवासी रीना देवी को दो लाख एवं गरही टोल वार्ड 12 निवासी रामरती देवी को 50हजार सहायता राशि चेक के माध्यम से दिया गया।

» नागा बाबा महावीर मंदिर में दर्शन कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की

नये निबंधन लेबर शिविर के तहत मंत्री के द्वारा इलेक्ट्रिशियन अनिल कुमार, पेंटर बीरेंद्र कुमार, कारपेंटर राकेश कुमार , राज मिस्त्री समीम ,राजमिस्त्री हेल्पर सुभाष कुमार समेत अन्य लाभुकों के बीच लेबर कार्ड का वितरण किया गया। मौके पर एसडीएम दीपक कुमार, डीएसपी सदानंद कुमार, डीसीएलआर प्रवीण कुमार पांडेय, बीडीओ राजीव रंजन, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अश्विनी कुमार , सीओ अखिलेश चौधरी, एमओ विपिन अंशु समेत कई पदाधिकारी और कर्मिगण उपस्थित थे। इसके पश्चात मंत्री अधिकारियों व कार्यकेताओं के साथ नव निर्मित नागा बाबा महावीर मन्दिर पहुँचे और धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में शामिल हुए। क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

## झारखंड मानव कल्याण समिति ने समाजसेवी रामलखन पासवान को किया सम्मानित



एकंगरसराय में समाजसेवी रामलखन पासवान को अंगवस्त्र एवं श्रीमद्भागवत पुराण देकर सम्मानित करते झारखंड मानव कल्याण समिति के पदाधिकारी

नई सोच एक्सप्रेस

**एकंगरसराय (नालंदा)।** झारखंड मानव कल्याण समिति के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार प्रभारी रामाशीष चौहान ने मंगलवार को एक समारोह में समाजसेवी एवं सनातन धर्मावलंबी रामलखन पासवान को अंगवस्त्र एवं श्रीमद्भागवत पुराण भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर रामाशीष चौहान ने बताया कि जदयू की वरिष्ठ नेत्री तथा नोनिया, बिंद एवं बेलदार समाज की प्रतिनिधि भारती मेहता के विधान परिषद सदस्य निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में एकंगरसराय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों और शिक्षाविदों को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता कुमार राज मनोरंजन सिंह, महेंद्र प्रसाद सिंह, विनोद प्रसाद बड़राज, गणेश राम, पत्रकार अशोक कुमार पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## जन कल्याण शिविर का आयोजन ,सरकार आपके द्वार अभियान के तहत लगा कैंप, 167 लोगों ने दिया आवेदन

नई सोच एक्सप्रेस



**हरनौत।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में मंगलवार को बिहार सरकार के जन-कल्याण अभियान के तहत प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राज्य के सभी 534 प्रखंडों में 16, 17 एवं 18 जून 2026 तक आयोजित किए जा रहे विशेष अभियान का हिस्सा है।इसका मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाना और विभिन्न सरकारी सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, बुजुर्गों एवं युवाओं ने भाग लिया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर लोगों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया।यहां सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 99 सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित तकरीबन 167 आवेदन स्वीकार किए गए। इस दौरान बिहारशरीफ नगर निगम के नगर आयुक्त निशांत विवेक भी शिविर स्थल पर पहुंचे थे। वहीं बीडीओ डॉ पंकज कुमार ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाना और विभिन्न योजनाओं का लाभ सरल एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना है।इसके अतिरिक्त, आधार सत्यापन, पंजीकरण एवं ई-केवाईसी जैसी सुविधाएं भी एक ही स्थान पर प्रदान की गईं, जिससे लोगों को काफी सहूलियत मिली। शिविर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों ने लाभुकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान का प्रयास किया।ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं मिलने से उनके समय और धन दोनों की बचत हो रही है। मौके पर जीवीका बीपीएम मो आफताब आलम,प्रखंड नाजिर कौशल कुमार, क्लर्क अनिल सहित अन्य मौजूद थे।

## जयनगर में शराबियों ने पैंथर टीम पर किया हमला, जवान घायल; तीन गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**मधुबनी/बिहार।** जयनगर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर मुहल्ला स्थित कमला बांध पर शराब के नशे में हंगामा कर रहे युवकों द्वारा पुलिस की पैंथर टीम पर हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में पैंथर जवान राहुल कुमार घायल हो गए, जबकि दो अन्य जवानों के साथ भी हाथापाई एवं मारपीट की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से तीन आरोपितों को हिरासत में ले लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पैंथर जवान राहुल कुमार (35) के बयान पर जयनगर थाना में दो नाबालिग समेत तीन युवकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 286/26 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान थाना क्षेत्र के पचहर गांव निवासी राकेश कुमार (24), राजू कुमार (22) तथा मधेपुरा निवासी चंदन कुमार झा के रूप में हुई है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, रविवार की देर शाम पैंथर जवान राहुल कुमार अपने सहयोगी विकास कुमार एवं सिपाही उत्तम कुमार के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी दौरान वरीय अधिकारियों से सूचना मिली कि इस्लामपुर के पास कुछ युवक शराब पीकर हंगामा कर रहे हैं। सूचना पर जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो तीन युवक शराब के नशे में उत्पात मचाते मिले।पुलिसकर्मियों ने युवकों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद उन्हें शराब सेवन की जांच के लिए अनुमंडल अस्पताल ले जाने की कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान आरोपित युवकों ने पुलिस टीम के साथ हाथापाई शुरू कर दी और मारपीट करने लगे। प्राथमिकी के अनुसार, एक युवक ने पैंथर जवान राहुल कुमार पर पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए। वहीं विकास कुमार और उत्तम कुमार को भी मामूली चोटें आईं।घटना के बाद पुलिस ने तीनों आरोपितों को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है तथा घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

## विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने बकटपुर में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का किया उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस



**कांटी\मुजफरपुर।** कांटी विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास एवं क्षेत्र के जनता के सभी तरह के कार्य का निष्पादन करवाना हमारी पहली प्राथमिकता में हमेशा से रही है। गरीबों एवं समाज के सबसे अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्ति का उनका वाज़िब हक मिले यह हम सुनिश्चित करवाते हैं एवं इस दिशा में हम लगातार कार्य भी कर रहे हैं। उक्त बातें मंगलवार को कांटी क्षेत्र के बकटपुर पंचायत में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन करते हुए स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने कहा। इस मौके पर श्री कुमार ने पंचायत सरकार भवन को स्थानीय जनता को समर्पित किया। इस मौके पर श्री कुमार का स्थानीय मुखिया शाहिद रजा उर्फ लड्डन समेत स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। विधायक अजीत कुमार ने कहा कि क्षेत्र के पंचायत के लोगों को अब स्थानीय स्तर पर पंचायत सरकार भवन में एक ही छत के नीचे सरकारी सभी कार्य संपन्न होंगे और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही सभी तरह की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सबका सम्मान व प्रतिष्ठा देना उनका पहली प्राथमिकता में हमेशा से रहा है और सभी के कार्य को गति देने की संकल्प को वे लगातार पूरा कर रहे हैं। क्षेत्रीय विधायक अजीत कुमार ने कहा कि कांटी विधानसभा क्षेत्र के कई पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण हुआ है , उक्त सभी सम्बंधित पंचायत भवन में जनता का कार्य तेजी से हो इसके लिए समारोह पूर्वक कार्य का शुरूआत लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संबंधित पंचायत के जनता के हर सरकारी कार्य को पंचायत सरकार भवन में ही सरकारी कर्मी बैठकर निष्पादन करेंगे एवं उन्होंने कहा कि जो कर्मी पंचायत सरकार भवन में नहीं बैठेंगे तो उनके विरुद्ध कार्रवाई भी होगी। वहीं, उन्होंने कहा कि जिस पंचायत में पंचायत सरकार भवन नहीं बना है , मैं उन पंचायत में प्राथमिकता के आधार पर पंचायत सरकार भवन अतिशीघ्र बने इसके लिए प्रयास कर रहा हूं एवं सफलता भी प्राप्त हो रही हैं। ज्ञात हो कि पंचायत भवन के निर्माण के लिए सरकार के द्वारा 3 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। यहां पंचायत सरकार भवन में कार्य करने वाले कर्मचारियों को आवास का भी सुविधा मिलेगा। इस अवसर पर बीडीओ आनंद कुमार विभूति, सीओ पिंटू कुमार, स्थानीय मुखिया शाहिद रजा उर्फ लड्डन, सरपंच जगत नारायण तिवारी, हाफिज औजेर, पप्पू तिवारी, मुन्ना ओझा, सुनील ओझा, चंदेश्वर महतो, अवध भगत, मोहन भगत, त्रिलोकी महतो, चुल्हाई महतो,मो. कासिम, कैलाश ठाकुर, रामेश्वर सहनी, राजनारायण साह समेत कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## इसुज़ु मोटर्स इंडिया ने देशभर में आई-केयर प्री-मानसून सर्विस कैंप की शुरुआत की




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** इसुज़ु अपने ग्राहकों को बेमिसाल सेवाएँ उपलब्ध कराने और वाहनों के मालिक के तौर पर उन्हें बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के अपने वादे पर कायम है। अपने इसी वादे को और ज्यादा मजबूत करते हुए, इसुज़ु मोटर्स इंडिया की ओर से अपने इसुज़ु डी-मैक्स पिक-अप और एसयूवी रेंज के लिए देश भर में 'इसुज़ु आई-केयर प्री-मानसून कैंप' का आयोजन किया जाएगा। इस सर्विस कैंप का उद्देश्य ग्राहकों को आकर्षक फायदों के साथ-साथ रखरखाव के लिए एहतियाती जाँच की सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि पूरे देश में सभी ग्राहकों को इस मौसम में बिना परेशानी के शानदार ड्राइविंग का अनुभव मिल सके। 'इसूज़ू केयर' की इस पहल के तहत, 18 से 24 जून, 2026 (दोनों दिन शामिल है) के बीच देश भर में इसूज़ू के सभी अधिकृत डीलर सर्विस आउटलेट्स पर प्री-मॉनसन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्राहक अपने वाहनों के लिए खास ऑफर्स के साथ-साथ शानदार फायदों का भी आनंद ले सकते हैं।

## बकटपुर पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित, पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन

नई सोच एक्सप्रेस



**मुजफ्फरपुर।** कांटी प्रखंड की बकटपुर पंचायत में मंगलवार को सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने एवं उनकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अजीत कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. आनंद कुमार विभूति, अंचलाधिकारी पिंटू कुमार चौधरी, राजस्व अधिकारी बसंत कुमार, कृषि पदाधिकारी शिवनाथ झा, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं स्थानीय मुखिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, जबकि स्थानीय मुखिया ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान विधायक अजीत कुमार ने बकटपुर पंचायत सरकार भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भवन के शुरू होने से ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही विभिन्न प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनकर उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। पंचायत में विकास कार्यों और सरकारी सेवाओं की उपलब्धता को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला।

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर संघ ने की बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



**हाजीपुर (वैशाली)।** प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ वैशाली की एक महत्वपूर्ण बैठक शिरोमणि मार्केट दिग्घी कला पश्चिम (सम्राट अशोक सेना के प्रधान कार्यालय) हाजीपुर में संपन्न हुई। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुआ।सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने कहा कि तीन तीन महीने से शिक्षकों को वेतन न मिलना बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है । उन्होंने कहा कि सरकार अपने बनाए हुए नियमावली के अनुरूप न तो पदोन्नति दे रही है और न ही समय पर वेतन।जिसके कारण शिक्षकों में काफी आक्रोश है।जिला अध्यक्ष उत्कल कांत ने कहा कि प्रदेश कमेटी के दिशा निर्देश पर संघ की मजबूती के लिए संघ के सक्रिय सदस्यों का सदस्यता अभियान चलेगा एवं प्रखंड स्तरीय सम्मेलन भी कराया जाएगा इसके अलावा मानसून सत्र में विधानसभा के समक्ष विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में सभी वक्ताओं ने साफ स्वर में कहा कि स्नातक,शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से चुने जाने वाले प्रतिनिधि सदन में या मीडिया के सामने शिक्षकों से संबंधित समस्या को कह देना ही शिक्षकों की समस्या का समाधान हो जाना समझ रहे हैं।बैठक संपन्न होने के बाद नियोजित प्रारंभिक शिक्षकों का 12 वर्ष की सेवा के आधार पर पदोन्नति एवं बेसिक ग्रेड में स्नातक योग्यता धारी शिक्षकों के 8 वर्ष पूर्ण होने पर स्नातक ग्रेड में पदोन्नति, सभी कोटि के शिक्षकों को अंतर जिला एवं जिला अंतर्गत स्वैच्छिक स्थानांतरण की सुविधा,विशिष्ट शिक्षकों को पदोन्नति की प्रक्रिया को अभिलंब पूरा करने सहित 21 सूत्रीय मांग का एक ज्ञापन जिला शिक्षा पदाधिकारी वैशाली के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उत्कल कांत एवं संचालन जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने किया। बैठक में उपाध्यक्ष ललित दास,संयुक्त सचिव आनंद मोहन, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार,प्रखंड अध्यक्ष वकील राय परमानंद सिंह, अरविंद कुमार,मुन्ना रजक ,रवि कुमार, गणेश दास, अशर्फी दास ,अकबर अली, विश्व मोहन चौधरी संत,मोहम्मद शाहनवाज अता ,विश्वनाथ कुमार ,अवध कुमार, सुनील कुमार, कोषाध्यक्ष राघवेंद्र कुशवाहा अमित कुमार, प्रेम प्रकाश, मनोज कुमार चौधरी, संजय कुमार, सुमन संजय दास, मनीष कुमार, रामदयाल यादव, राज नारायण महतो ,नरेश कुमार के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ट्रंप की हां नेतन्याहू की ना ईरान की वाह-वाह

ईरान और अमेरिका के बीच शांतिवार्ता सफल हुई, अब शुक्रवार अर्थात जुम्मे के दिन समझौते पर हस्ताक्षर होने की बात कही जा रही है। इस समझौते को लेकर सारी दुनिया के देशों में एक सुखद प्रतिक्रिया देखने को मिली है। वहीं इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की प्रतिक्रिया इस समझौते को लेकर ना वाली है। जिसके कारण ईरान और अमेरिका के बीच जो समझौता हुआ है उस पर हस्ताक्षर होने के पहले ही विवादों में फंस गया है। ऐसा लगता है अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऊपर इन दिनों शनि, राहु और केतु की क्रुद्ध दृष्टि है, जिसके कारण वह जो सोचते हैं ठीक उसके विपरीत होता है। समय और काल का प्रभाव पूरे ब्रह्मांड में रहता है, यही कारण है दुनिया के सबसे शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति को यह दिन देखना पड़ रहे हैं। वह ईरान के साथ युद्ध से बाहर निकलने के लिए अभी तक कई प्रयास कर चुके हैं। 40 बार से अधिक दफा झूठ बोल चुके हैं। उसके बाद भी वह इस युद्ध की विभीषिका से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। हाल ही में जी7 के सम्मेलन में भी उन्हें अपने सहयोगी देशों से सहयोग नहीं मिला, जिसकी वह आशा करके जी7 के सम्मेलन में गए थे। जिस तरह से निकाह में लड़की से पूछा जाता है कि तुम निकाह के लिए राजी हो या नहीं, इस अवसर पर काजी उपस्थित रहता है लड़की यदि हां कर देती है, इसके बाद काजी साहब निकाह की रस्म अदा करते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समझौते पर इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू हां नहीं कर पाए हैं। यही वजह है कि शांति समझौते को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जो प्रयास किए गए थे वह सब निष्फल होते हुए नजर आ रहे हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल स्वतंत्र राष्ट्र है इस पर यह समझौता लागू नहीं किया जा सकता है। इजराइल अमेरिका का गुलाम नहीं है। ऐसा कहकर उन्होंने अपनी तीव्र प्रक्रिया सार्वजनिक रूप से जाहिर कर दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ग्रह दशा इन दिनों बड़ी खराब चल रही है। उनके साथ उनके ही विश्वासपात्र लोग विश्वासघात कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में डोनाल्ड ट्रंप समझ नहीं पा रहे हैं वह करें तो क्या करें। ईरान जैसा देश जिसके ऊपर अमेरिका और यूरोप के देशों ने पिछले 47 वर्षों से तरह-तरह के प्रतिबंध लगा रखे थे ईरान हर प्रतिबंध को झेल रहा था। उसने कभी किसी के ऊपर, कोई हमला नहीं किया। वह अमेरिका के खिलाफ ऐसा लड़ेगा यह तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दुनिया के किसी भी देश ने नहीं सोचा था। फरवरी माह से जो युद्ध शुरू हुआ था उसकी परिणति इस रूप में होगी यह ना तो अमेरिका ने सोचा था ना ही इजराइल ने सोचा था।

# लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन पर लौंडा नाच ने जगाई लोकसंस्कृति की बहस

## बिहार की लोक परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और बदलते मनोरंजन के स्वरूप पर फिर शुरू हुई चर्चा



आरती कुमारी

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पारंपरिक लौंडा नाच की प्रस्तुति कराकर एक बार फिर बिहार की लोकसंस्कृति को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। इस आयोजन के बाद सामाजिक और सांस्कृतिक हलकों में बिहार की लोक कलाओं, उनकी प्रासंगिकता तथा आधुनिक मनोरंजन के प्रभाव को लेकर नई बहस शुरू हो गई है।

सांस्कृतिक जानकारों का मानना है कि किसी भी समाज की पहचान उसकी लोक संस्कृति और लोक कलाओं से होती है। लोकनृत्य, लोकगीत और लोकनाट्य न केवल मनोरंजन का माध्यम रहे हैं, बल्कि उन्होंने समाज को जागरूक करने, सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करने और जनमानस को जोड़ने का भी कार्य किया है। गांवों में रामलीला और लोकनाट्य की समृद्ध परंपरा

वैशाली जिले सहित बिहार के अनेक गांवों में रामलीला और लोकनाट्य की परंपरा दशकों तक जीवित रही। ग्रामीण क्षेत्रों में कलाकारों के भोजन और अन्य व्यवस्थाओं के लिए घर-घर से राशन एकत्र किया जाता था। बाद के वर्षों में श्रद्धालु और ग्रामीण माला पहनाकर पूरे दिन के कार्यक्रम का खर्च स्वयं वहन करने लगे।

ग्रामीण मंचों पर रामपुर जैसी प्रसिद्ध नाट्य मंडलियों की प्रस्तुतियां लोगों के आकर्षण का केंद्र हुआ करती थीं। इन प्रस्तुतियों में जोकर, सूत्रधार, नटी और लौंडा नाच की भूमिकाएं विशेष महत्व रखती थीं। भारतीय नाट्यशास्त्र में सूत्रधार और नटी की भूमिका का उल्लेख मिलता है, जो कथा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ दर्शकों का मनोरंजन भी करते हैं।

**भिखारी ठाकुर की परंपरा में लौंडा नाचः** भोजपुरी और मगही क्षेत्र में लोकनाट्य की समृद्ध परंपरा रही है। लोकनाट्य सम्राट भिखारी ठाकुर, देवन मिसिर और जयनंदन कवि जैसे कलाकारों ने अपने नाटकों और प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज की समस्याओं को प्रभावशाली ढंग से उठाया। उनके नाटकों में विवाह, शिक्षा, संस्कार, प्रेम, विरह, पलायन, बेरोजगारी और सामाजिक असमानता जैसे विषय प्रमुखता से शामिल होते थे।

उस समय मंच पर महिलाओं की भागीदारी बहुत कम होती थी। इसलिए स्त्री पात्रों की भूमिका पुरुष कलाकार निभाते थे। विशेष वेशभूषा, श्रृंगार और अभिनय के कारण वे दर्शकों को वास्तविक महिला पात्रों जैसा अनुभव कराते थे। इसी परंपरा से लौंडा नाच का विकास हुआ, जो भोजपुरी क्षेत्र की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान बन गया।

**लोककला से आधुनिक मंच तकः** समय के साथ समाज में परिवर्तन आया और लोकनाट्य के मंचों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ने लगी। कई सांस्कृतिक आयोजनों में अब महिला कलाकार भी प्रमुख भूमिकाएं निभा रही हैं। वैशाली क्षेत्र की सांस्कृतिक संस्था यूनिटी द्वारा आयोजित "यूनिटी रंग उत्सव" में हाजीपुर के कलाकारों ने भिखारी ठाकुर के प्रसिद्ध नाटक "गबरघिचोर" का सफल मंचन किया था, जिसमें महिला कलाकारों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली थी।

**बदलती संस्कृति और आर्केस्ट्रा का दौरः** सांस्कृतिक विश्लेषकों का कहना है कि लोकनाट्य और पारंपरिक मंचीय प्रस्तुतियों के कमजोर पड़ने के साथ मनोरंजन का स्वरूप भी बदला। फिल्मों और आधुनिक मंचीय प्रस्तुतियों के प्रभाव से आर्केस्ट्रा संस्कृति का विस्तार हुआ। विवाह और सामाजिक आयोजनों में पारंपरिक लोककलाओं की जगह आधुनिक नृत्य और फिल्मी प्रस्तुतियों ने लेनी शुरू कर दी।

हालांकि, वरिष्ठ नागरिकों और संस्कृति प्रेमियों का एक वर्ग मानता है कि इस बदलाव के कारण लोकसंस्कृति का दायरा सिमटता गया और कई पारंपरिक विधाएं हाशिए पर चली गईं। दूसरी ओर नई पीढ़ी डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और इंटरनेट आधारित मनोरंजन की ओर तेजी से आकर्षित हुई है, जिससे पारंपरिक मंचीय कार्यक्रमों की लोकप्रियता में कमी आई है।

**लालू यादव के आयोजन ने छेड़ी नई बहसः** लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन समारोह में लौंडा नाच की प्रस्तुति को कई लोग बिहार की लोक सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने की पहल के रूप में देख रहे हैं। उनका मानना है कि इससे युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से परिचित होने का अवसर मिलेगा। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि ऐसी लोककलाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार तथा सामाजिक संस्थाओं को भी गंभीर प्रयास करने चाहिए।

सांस्कृतिक विशेषज्ञों का मानना है कि बिहार की पहचान केवल उसकी राजनीतिक विरासत से नहीं, बल्कि उसकी समृद्ध लोक परंपराओं से भी है। ऐसे में लौंडा नाच, नौटंकी, लोकनाट्य और रामलीला जैसी विधाओं का संरक्षण समय की आवश्यकता है।

लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन पर हुई इस प्रस्तुति ने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि आधुनिकता की दौड़ में कहीं हम अपनी सांस्कृतिक विरासत से दूर तो नहीं होते जा रहे हैं। साथ ही यह भी कि लोककलाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए किस प्रकार के प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि बिहार की सांस्कृतिक पहचान आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रह सके।

# वर्क फ्रॉम होम - क्या घर से काम करने की संस्कृति युवाओं को बना रही है चिड़चिड़ा और अकेला?



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

कोरोना महामारी ने दुनिया की कार्य संस्कृति को पूरी तरह बदल दिया। जिस "वर्क फ्रॉम होम" (घर से काम) को कभी एक विशेष सुविधा माना जाता था, वह महामारी के दौरान लाखों लोगों की मजबूरी बन गया। महामारी समाप्त होने के बाद भी अनेक कंपनियों ने इस व्यवस्था को जारी रखा क्योंकि इससे कार्यालय खर्च कम हुए और कर्मचारियों को भी आने-जाने की परेशानी से राहत मिली। लेकिन अब धीरे-धीरे इसके दूसरे पहलू भी सामने आने लगे हैं। हाल ही में प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका साइंस में प्रकाशित एक शोध ने दावा किया है कि वर्क फ्रॉम होम कर्मचारियों, विशेषकर युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। इस अध्ययन के अनुसार घर से काम करने वाले लोगों में अकेलापन, तनाव, चिंता और चिड़चिड़ापन तेजी से बढ़ रहा है। यह निष्कर्ष केवल अमेरिका तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत सहित दुनिया के कई देशों में इसी तरह की स्थितियां देखने को मिल रही हैं। यह अध्ययन अमेरिका के 5.80 लाख से अधिक कर्मचारियों पर किया गया। शोध का नेतृत्व येल विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की शोधकर्ता एम्मा जांग और रूरके ओ'ब्रायन ने किया। शोधकर्ताओं ने वर्ष 2011 से 2024 के बीच कर्मचारियों पर हुई पांच बड़ी स्टडीज का विश्लेषण किया। अध्ययन में उन कर्मचारियों की तुलना की गई जो पूरी तरह या आंशिक रूप से घर से काम करते हैं और उन कर्मचारियों की जो प्रतिदिन कार्यालय जाकर काम करते हैं। निष्कर्षों ने स्पष्ट रूप से दिखाया कि रिमोट वर्क करने वाले लोगों में मानसिक तनाव और सामाजिक अलगाव की समस्या अधिक पाई गई। शोध के अनुसार महामारी के बाद अमेरिका में मानसिक परेशानी के मामलों में जो वृद्धि हुई, उसका लगभग एक-तिहाई हिस्सा वर्क फ्रॉम होम संस्कृति से जुड़ा हो सकता है। मनुष्य मूल रूप से एक सामाजिक प्राणी है। वह दूसरों के साथ बातचीत, मेलजोल और सामाजिक संबंधों के माध्यम से मानसिक संतुलन बनाए रखता है। लेकिन जब कर्मचारी दिनभर घर के भीतर लैपटॉप और मोबाइल स्क्रीन तक सीमित रह जाते हैं, तो उनका सामाजिक संपर्क कम होने लगता है। शोध में पाया गया कि घर से काम करने वाले लोग हर कार्य दिवस में औसतन 1.1 घंटे अधिक अकेले बिताते हैं। इतना ही नहीं, उनके पूरे दिन घर से बाहर न निकलने की संभावना भी चार गुना अधिक होती है। कई कर्मचारियों ने स्वीकार किया कि वे लगातार कई दिनों तक किसी मित्र, सहकर्मी या पड़ोसी से प्रत्यक्ष रूप से नहीं मिलते। परिणामस्वरूप वे अपनी भावनाएं साझा नहीं कर पाते और धीरे-धीरे मानसिक दबाव बढ़ने लगता है। वर्क फ्रॉम होम का प्रभाव सभी आयु वर्गों पर समान नहीं है। युवा कर्मचारियों पर इसका असर अपेक्षाकृत अधिक देखा गया है। इसके पीछे कई कारण हैं। युवा अपने करियर की शुरुआत में नेटवर्किंग, टीमवर्क और सामाजिक अनुभवों के माध्यम से सीखते हैं। कार्यालय का वातावरण उन्हें नए लोगों से मिलने, विचार साझा करने और पेशेवर कौशल विकसित करने का अवसर देता है। लेकिन जब पूरा काम ऑनलाइन हो जाता है, तो यह प्रक्रिया बाधित हो जाती है। नए कर्मचारी अपने सहकर्मियों से भावनात्मक संबंध नहीं बना पाते। वे खुद को टीम का हिस्सा महसूस नहीं करते। इससे उनमें असुरक्षा और अकेलेपन की भावना बढ़ती है। यही कारण है कि अनेक युवा कर्मचारियों में चिड़चिड़ापन, तनाव और प्रेरणा की कमी देखने को मिल रही है। वर्क फ्रॉम होम का एक बड़ा नुकसान अत्यधिक स्क्रीन टाइम भी है। कार्यालय में काम करने के दौरान कर्मचारी सहकर्मियों से आमने-सामने बात करते हैं, बैठकों में भाग लेते हैं और बीच-बीच में कुछ समय के लिए अपनी सीट से उठते भी हैं। इसके विपरीत घर से काम करने वाले कर्मचारियों का अधिकांश समय लैपटॉप, मोबाइल और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म पर बीतता है। लगातार स्क्रीन के सामने बैठने से आंखों पर दबाव पड़ता है, नींद प्रभावित होती है और मानसिक थकान बढ़ती है। आज "जूम फटीग" या "वीडियो मीटिंग थकान" एक नई समस्या बनकर उभरी है। लगातार ऑनलाइन मीटिंग्स में शामिल होने से मस्तिष्क पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे व्यक्ति जल्दी थक जाता है और उसका मूड खराब रहने लगता है। वर्क फ्रॉम होम का एक और बड़ा दुष्प्रभाव यह है कि काम और निजी जीवन के बीच की सीमाएं मिटने लगती हैं। कार्यालय से घर लौटने के बाद व्यक्ति मानसिक रूप से काम से अलग हो जाता है। लेकिन जब घर ही कार्यालय बन जाए तो यह विभाजन समाप्त हो जाता है। कई कर्मचारी देर रात तक ईमेल देखते रहते हैं या कार्य संबंधी संदेशों का जवाब देते रहते हैं। परिणामस्वरूप उन्हें पर्याप्त आराम नहीं मिल पाता। लंबे समय तक ऐसा होने पर तनाव बढ़ता है और व्यक्ति मानसिक रूप से थका हुआ महसूस करने लगता है। यह समस्या केवल अमेरिका तक सीमित नहीं है। भारत में भी आईटी, सॉफ्टवेयर और बीपीओ क्षेत्रों में रिमोट वर्क व्यापक रूप से अपनाया गया है। डेलॉयट इंडिया, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहंस) तथा अन्य संस्थानों द्वारा किए गए अध्ययनों में भी इसी तरह के निष्कर्ष सामने आए हैं। भारत में किए गए सर्वेक्षणों के अनुसार, 35 प्रतिशत कर्मचारियों ने स्वीकार किया कि वे अक्सर अकेलापन महसूस करते हैं। 47 प्रतिशत कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें वास्तविक दुनिया से कटाव महसूस होता है। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने चिंता और अवसाद जैसे लक्षणों की शिकायत की। सामाजिक संपर्क की कमी को मानसिक तनाव का प्रमुख कारण बताया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय समाज पारंपरिक रूप से सामूहिक और पारिवारिक मूल्यों पर आधारित है। ऐसे में सामाजिक संपर्क की कमी लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर अधिक प्रभाव डाल सकती है। हालांकि वर्क फ्रॉम होम के कई नकारात्मक पहलू सामने आए हैं, लेकिन यह कहना गलत होगा कि यह व्यवस्था पूरी तरह खराब है। कई कर्मचारियों को इससे लाभ भी मिला है। उदाहरण के लिए यात्रा में समय और धन की बचत। परिवार के साथ अधिक समय बिताने का अवसर। महिलाओं के लिए कार्य और परिवार के बीच संतुलन बनाने में सहायता। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर। कुछ अंतर्मुखी व्यक्तियों ने भी बताया कि वे घर के शांत वातावरण में अधिक उत्पादक महसूस करते हैं।




**मेष राशिः** आज दिन का अधिकांश भाग सोच विचार में ही व्यर्थ होगा। आपके मन मे योजनाए तो कई लगी रहेंगी लेकिन आलस्य अधिक रहने से किसी भी योजना को साकार रूप नही दे सकेंगे। मध्यान के समय कार्य क्षेत्र पर सहयोगियो की कमी रहेगी ज्यादा काम ना बढ़ाये कम में ही संतोष करें अन्यथा बेवजह की मुसीबत बनेगी। धन लाभ कम फिर भी खर्च लायक हो जाएगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिये संतोषजनक रहेगा। आज आप जल्दी से किसी कार्य को करने के मूड में नही रहेंगे प्रातः काल से ही आराम से काम करने के चक्कर मे दिनचार्य धीमी चलेगी। परिजनों के टोकने पर ही कार्य के प्रति गंभीरता आएगी। काम-धंधा बीते कल की अपेक्षा कम रहेगा आवश्यक कार्य लेदेकर पूर्ण कर लेंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से आज दिन आय की तुलना में खर्चीला अधिक रहेगा।

**मिथुन राशिः** आज दिन भर आपके ऊपर चंचलता हावी रहेगी। परिजनों की किसी भी बात को गंभीर ना लेकर मजाक में उड़ा देंगे इससे घर का माहौल खराब होगा। घरेलू कार्यो में भी टालमटोल करने का प्रयास करेंगे बाद में मन मारकर करना ही पड़ेगा। काम धंदे में ज्यादा ध्यान नही देंगे फलस्वरूप आय भी सीमित ही आवश्यकता अनुसार रहेगी।

**कर्क राशिः** आज के दिन आपको विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। पारिवारिक कलह मामूली बात से आरम्भ होकर गंभीर रूप ले सकती है इससे बचने के लिये आज घर मे कम ही समय बिताये। कार्य व्यवसाय में भी आज चाहकर भी मन की योजनाये पूरी नही कर सकेंगे। धन को लेकर भी किसी से कहासुनी सो सकती है। मानसिक दबाव आज कुछ ज्यादा ही रहेगा कोई अनैतिक कदम उठाने से बचे बुजुर्गो के सानिध्य में रहे अथवा आध्यात्म से जुड़े मानसिक रूप से काफी राहत मिलेगी।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा। दिन के आरंभ में थोड़ी सुस्ती रहेगी इसके बाद मस्ती के मूड में रहेंगे परिवार का वातावरण भी आज सहयोगी रहेगा जिससे मन की इच्छा पूर्ण करने में आसानी रहेगी। काम-धंदे के प्रति मध्यान के समय गंभीरता आएगी धन लाभ के लिए ज्यादा मशक्कत नही करनी पड़ेगी सहज रूप से हो जाएगा।

**कन्या राशिः** आज के दिन आपका स्वभाव अत्यंत आलसी रहेगा परन्तु फिर भी जिस भी कार्य को करेंगे उसमे सफलता अवश्य ही मिलेगी। घरेलू कार्यो के साथ ही व्यावसायिक कार्य भी एकसाथ करने में थोड़ी दुविधा बनेगी लेकिन बुजुर्गो का सहयोग मिलने से इससे निजात पा लेंगे। कार्य-व्यवसाय में आज किसी बहुप्रतीक्षित योजना के परिणाम को लेकर बेचैन रहेंगे धर्य से काम लें जल्दबाजी में कोई गलत निर्णय लेने से बचें विजय आपकी ही होगी।

**तुला राशिः** आज के दिन आपका अधिकांश समय दुविधा में बीतेगा। कार्य क्षेत्र और गृहस्थ में तालमेल बैठाने में असफल रहेंगे एक काम करने के लिए किसी अन्य काम के बिगड़ने का डर सताएगा। व्यवसाय की व्यस्तता के चलते परिजनों की कामना पूर्ति करने में असमर्थ रहेंगे घरेलू कलह का कारण भी आज यही रहेगा। भाई बंधुओ को आपकी मदद की आवश्यकता पड़ेगा अथवा आपको इनसे लेनी पड़ सकती है इसमे भी कुछ ना कुछ विघ्न आएंगे। आज आपका कोई भी कार्य बिना भाग-दौड़ के पूर्ण नही हो सकेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज के दिन प्रातः काल से ही स्वास्थ्य संबंधित समस्या लगी रहेगी खराब स्वास्थ्य के कारण जल्दी से किसी कार्य का मन नही बनेगा लेकिन सामाजिक व्यवहारों के लिए समय निकालना ही पड़ेगा। कार्य व्यवसाय में अन्य लोगो के ऊपर आश्रित रहना पड़ेगा। धन की आमद आवश्यकता से कुछ कम रहेगी फिर भी कोई कार्य धन के कारण रुकेगा नही। आज अकस्मात खर्च ज्यादा परेशान करेंगे व्यर्थ के खर्चो पर नियंत्रण की आवश्यकता है।


**धनु राशिः** आज का दिन भी प्रसन्नता दायक रहेगा। घर मे धन धान्य की वृद्धि होगी। सुख सुविधा पर आज अधिक खर्च करेंगे। लेकिन आज आप ज्यादा मेहनत करने की अपेक्षा बैठ कर काम करना पसंद करेंगे इससे लाभ तो होगा लेकिन कुछ लोगो की नाराजगी भी सहनी पड़ेगी। पारिवारिक दायित्व बेहतर रूप से निभाने पर बड़े बुजुर्गों के प्रशंशा पात्र बनेंगे। नौकरी पेशाओ को आकस्मिक काम आने से परेशानी होगी लेकिन अधिकारी वर्ग को प्रसन्न कर अपनी बात मनवा सकेंगे।

**मकर राशिः** आज आपका मतलबी व्यवहार किसी ना किसी से मतभेद बढ़ायेगा। दिन के आरंभ में कार्यो के प्रति लापरवाही दिखाएंगे एकदम सर पर आने पर ही करेंगे। आध्यात्मिक पक्ष आज प्रबल रहेगा परोपकार की भावना भी प्रबल रहेगी धार्मिक क्षेत्र की यात्रा दान पुण्य के अवसर मिलेंगे। स्वभाव में दिखावा अधिक रहेगा सार्वजिनक कार्यो में प्रतिस्पर्धा के कारण सहयोग करेंगे।

**कुंभ राशिः** आज आपका मानसिक संतुलन बराबर नही रहेगा दो कामो को एक साथ करने के प्रयास में गलती होने की संभावना है। धार्मिक कार्यो में रुचि तो रहेगी लेकिन मन कही और ही भटकने से पूजा पाठ का उद्देश्य सफल नही हो सकेगा। व्यावसायिक गतिविधयां किसी अन्य के कारण धीमी रहेंगी।

**मीन राशिः** आज आपका अभिमानी स्वभाव कुछ ना कुछ गड़बड़ ही कराएगा। स्वयं को अन्य लोगो की तुलना में अधिक बुद्धिमान समझना आपसी संबंधों में खटास लाएगा। लोग स्वार्थवश आपकी खुशामद करेंगे लेकिन पीठ पीछे बुराई करने से नही चूकेंगे। कार्य व्यसाय को लेकर मध्यान तक व्यस्त रहेंगे मेहनत की तुलना में आज लाभ कम ही रहेगा ऊपर से आकस्मिक खर्च लगे रहने से धन संबंधित परेशानियां उभरेंगी।

# एक-एक कर टूटती दीवारें : क्या विपक्षी राजनीति निर्णायक पुनर्संरचना की ओर बढ़ रही है?



आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी

**कटिहार, बिहार।** भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता उसकी निरंतर गतिशीलता है। यहाँ कोई भी राजनीतिक स्थिति स्थायी नहीं होती, कोई भी दल स्थायी रूप से अजेय नहीं होता और कोई भी गठबंधन शाश्वत नहीं माना जाता। समय, परिस्थितियाँ, जनमत, नेतृत्व, सामाजिक समीकरण और राजनीतिक आवश्यकताएँ निरंतर बदलती रहती हैं। इसी कारण भारतीय राजनीति का इतिहास केवल चुनावी परिणामों का इतिहास नहीं है, बल्कि निरंतर पुनर्गठन, पुनर्संतुलन और पुनर्परिभाषा का इतिहास भी है। आज जब देश की राजनीति में लगातार बदलते समीकरणों, क्षेत्रीय दलों की नई रणनीतियों, गठबंधनों के टूटने और नए राजनीतिक समीकरणों की चर्चा हो रही है, तब स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठता है कि क्या विपक्ष एक नए पुनर्गठन के दौर से गुजर रहा है या वास्तव में उसके भीतर वैचारिक और संगठनात्मक विघटन की प्रक्रिया तेज हो चुकी है। पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय राजनीति में विपक्षी एकता को एक बड़े राजनीतिक प्रयोग के रूप में प्रस्तुत किया गया। अनेक दल एक साझा मंच पर आए, साझा घोषणाएँ हुईं और यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि विविध राजनीतिक शक्तियाँ मिलकर एक वैकल्पिक राष्ट्रीय व्यवस्था प्रस्तुत कर सकती हैं। लेकिन लोकतंत्र में केवल मंच साझा कर लेना पर्याप्त नहीं होता। किसी गठबंधन की वास्तविक शक्ति उसकी वैचारिक स्पष्टता, नेतृत्व की स्वीकार्यता, परस्पर विश्वास, साझा कार्यक्रम और दीर्घकालिक राजनीतिक प्रतिबद्धता में निहित होती है। यदि इन तत्वों का अभाव हो, तो गठबंधन चुनावी मंच तो बन सकता है, किंतु स्थायी राजनीतिक विकल्प बनना कठिन हो जाता है। यही वह बिंदु है जहाँ आज का राजनीतिक विमर्श अधिक गंभीर हो जाता है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मत है कि विभिन्न क्षेत्रीय दलों के बीच स्थानीय हित, नेतृत्व की महत्वाकांक्षाएँ और राज्य-विशेष की राजनीतिक आवश्यकताएँ इतनी भिन्न हैं कि दीर्घकालिक राष्ट्रीय स्तर पर उनका समन्वय सहज नहीं है। दूसरी ओर यह भी तर्क दिया जाता है कि भारतीय संघीय लोकतंत्र की विविधता ही उसकी शक्ति है और विभिन्न क्षेत्रीय दलों का सहयोग लोकतांत्रिक बहुलता का प्रतीक है। इन दोनों दृष्टिकोणों के बीच वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम का विश्लेषण आवश्यक हो जाता है। महाराष्ट्र की राजनीति ने पिछले कुछ वर्षों में जिस प्रकार अनेक अप्रत्याशित मोड़ देखे, उसने यह स्पष्ट कर दिया कि भारतीय राजनीति में स्थायी मित्र और स्थायी शत्रु जैसी अवधारणाएँ बहुत सीमित अर्थ रखती हैं। राजनीतिक दल परिस्थितियों, नेतृत्व और रणनीतिक आवश्यकताओं के अनुसार नए समीकरण बनाते और बदलते रहते हैं। इसी प्रकार तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों की राजनीति भी निरंतर परिवर्तनशील है। इसलिए किसी भी संभावित राजनीतिक पुनर्संरचना का विश्लेषण करते समय तथ्य और संभावना के बीच स्पष्ट अंतर बनाए रखना आवश्यक है। आज अनेक राजनीतिक चर्चाओं में "ऑपरेशन विपक्ष" या "ऑपरेशन INDIA" जैसे शब्द प्रयुक्त किए जा रहे हैं। इन शब्दों का राजनीतिक अर्थ यह माना जाता है कि विपक्षी दलों के भीतर आंतरिक मतभेद, नेतृत्व संबंधी असहमति, क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाएँ और संगठनात्मक चुनौतियाँ धीरे-धीरे उनके एकजुट स्वरूप को प्रभावित कर सकती हैं। किंतु जब तक किसी राजनीतिक दल के भीतर वास्तविक विभाजन या औपचारिक निर्णय न हो जाए, तब तक उसे निश्चित तथ्य के रूप में प्रस्तुत करना उचित नहीं होगा। लोकतांत्रिक विश्लेषण का दायित्व संभावनाओं और पुष्ट घटनाओं के बीच स्पष्ट भेद बनाए रखना है। भारतीय राजनीति का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि अधिकांश क्षेत्रीय दलों का उदय अपने-अपने राज्यों की विशिष्ट परिस्थितियों से हुआ। उनकी प्राथमिकताएँ स्थानीय विकास, भाषाई पहचान, क्षेत्रीय अस्मिता, सामाजिक समीकरण और राज्य विशेष की राजनीतिक चुनौतियों से जुड़ी रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर जब ऐसे दल एक साझा मंच पर आते हैं, तब उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होती है कि वे अपने-अपने क्षेत्रीय हितों और राष्ट्रीय राजनीतिक रणनीति के बीच संतुलन कैसे स्थापित करें। यदि यह संतुलन सफलतापूर्वक बनता है तो गठबंधन मजबूत होता है, अन्यथा आंतरिक विरोधाभास धीरे-धीरे सामने आने लगते हैं। राजनीतिक इतिहास यह भी बताता है कि केवल सत्ता विरोध किसी स्थायी गठबंधन का आधार नहीं बन सकता। दीर्घकालिक सफलता के लिए साझा वैचारिक दृष्टि, नीति संबंधी स्पष्टता और नेतृत्व पर व्यापक सहमति आवश्यक होती है। यदि गठबंधन के घटक दल केवल चुनावी गणित के आधार पर साथ आए हों, तो चुनाव के बाद परिस्थितियाँ बदलने पर उनके बीच मतभेद उभरना स्वाभाविक माना जाता है। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के समर्थक यह तर्क देते हैं कि उनकी सबसे बड़ी शक्ति केवल चुनावी रणनीति नहीं, बल्कि दीर्घकालिक संगठनात्मक निर्माण, कार्यकर्ता आधारित संरचना और स्पष्ट राजनीतिक एजेंडा है। उनके अनुसार "राष्ट्र प्रथम", "विकसित भारत", "आत्मनिर्भर भारत", "डिजिटल भारत" और "अंत्योदय" जैसे विषयों ने एक साझा राजनीतिक आख्यान तैयार किया है जिसने संगठन को दीर्घकालिक दिशा प्रदान की है। आलोचक इस दावे से सहमत हों या न हों, किंतु यह निर्विवाद है कि संगठनात्मक निरंतरता किसी भी बड़े राजनीतिक दल की स्थिरता का महत्वपूर्ण आधार होती है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में एक अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न नेतृत्व का भी है। गठबंधन राजनीति में सबसे बड़ी चुनौती केवल सीटों का बँटवारा नहीं, बल्कि नेतृत्व की स्वीकार्यता होती है। जब अनेक महत्वाकांक्षी नेता एक मंच पर होते हैं, तब स्वाभाविक रूप से नेतृत्व का प्रश्न जटिल हो जाता है। यदि इस विषय पर समय रहते स्पष्टता न हो, तो राजनीतिक असहमति धीरे-धीरे संगठनात्मक दूरी में बदल सकती है। क्षेत्रीय दलों के संदर्भ में एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि उनकी राजनीतिक सफलता अक्सर उनके राज्य विशेष की सामाजिक संरचना और स्थानीय नेतृत्व पर आधारित होती है। वही रणनीति राष्ट्रीय स्तर पर समान रूप से प्रभावी हो, यह आवश्यक नहीं है। इसी कारण अनेक बार राज्य स्तर पर अत्यंत प्रभावशाली दल राष्ट्रीय स्तर पर अपेक्षित प्रभाव स्थापित नहीं कर पाते। यह भारतीय संघीय लोकतंत्र की स्वाभाविक संरचना का हिस्सा है। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे बड़े राज्यों की राजनीति का प्रभाव राष्ट्रीय राजनीति पर सदैव निर्णायक रहा है। इन राज्यों में सामाजिक समीकरण, जातीय संरचना, विकास संबंधी मुद्दे, युवा आकांक्षाएँ और राजनीतिक गठबंधन राष्ट्रीय सत्ता की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। इसलिए इन राज्यों में किसी भी संभावित राजनीतिक पुनर्संरचना का प्रभाव व्यापक राष्ट्रीय राजनीति पर पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन किसी संभावित परिवर्तन को तथ्य के रूप में स्वीकार करने से पहले उसके ठोस प्रमाणों की प्रतीक्षा करना लोकतांत्रिक विश्लेषण की मूल शर्त है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्यों की राजनीति भी अपनी विशिष्ट ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि रखती है। वहाँ के राजनीतिक निर्णय स्थानीय परिस्थितियों, क्षेत्रीय नेतृत्व और राज्य विशेष के सामाजिक प्रश्नों से गहरे जुड़े होते हैं। इसलिए राष्ट्रीय स्तर पर बनने या बिगड़ने वाले समीकरणों का प्रभाव वहाँ अलग प्रकार से दिखाई दे सकता है। किसी भी निष्कर्ष पर पहुँचने से पहले इन जटिलताओं को समझना आवश्यक है। आज भारतीय लोकतंत्र के सामने केवल यह प्रश्न नहीं है कि कौन सत्ता में है और कौन विपक्ष में। उससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि क्या देश को एक प्रभावी, रचनात्मक और नीति-आधारित विपक्ष मिल रहा है। लोकतंत्र में सशक्त सरकार जितनी आवश्यक है, उतना ही आवश्यक सशक्त और उत्तरदायी विपक्ष भी है। विपक्ष का कार्य केवल विरोध करना नहीं, बल्कि वैकल्पिक नीति प्रस्तुत करना, सरकार को उत्तरदायी बनाए रखना और लोकतांत्रिक विमर्श को समृद्ध करना भी है। यदि विपक्ष आंतरिक मतभेदों, नेतृत्व विवादों और परस्पर अविश्वास से जूझता है, तो उसका प्रभाव स्वाभाविक रूप से कम हो सकता है। दूसरी ओर यदि वह वैचारिक स्पष्टता, संगठनात्मक अनुशासन और साझा कार्यक्रम के साथ आगे बढ़ता है, तो लोकतंत्र और अधिक मजबूत होता है। इसलिए किसी भी राजनीतिक पुनर्संरचना का अंतिम मूल्यांकन केवल दलों के टूटने या जुड़ने से नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक गुणवत्ता पर उसके प्रभाव से किया जाना चाहिए। यह भी स्मरणीय है कि भारतीय राजनीति में अनेक बार असंभव दिखने वाले गठबंधन बने हैं और मजबूत दिखाई देने वाले गठबंधन टूटे भी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड में क्रिटिकल मिनरल्स की खोज और खनन में अमेरिकी कंपनियों की रुचि



**रांची।** झारखंड में दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) की खोज, खनन, प्रसंस्करण और तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों ने रुचि दिखाई है। इस संबंध में मंगलवार को मुख्य सचिव अविनाश कुमार और अमेरिकी काउंसलेट जेनरल कैली जाइल डियाज के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल के बीच महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में झारखंड के खनिज संसाधनों और निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में कोयला, लौह अयस्क, तांबा, बॉक्साइट, सोना और लाइम स्टोन जैसे परंपरागत खनिजों के विशाल भंडार मौजूद हैं। इसके अलावा राज्य में लिथियम, टाइटेनियम, वैनेडियम, सिल्वर और ग्रेफाइट समेत 20 से अधिक दुर्लभ एवं महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता है तथा नए क्षेत्रों में इनके अन्वेषण का कार्य भी लगातार जारी है। बैठक के दौरान अमेरिकी कंपनियों को झारखंड में खनन, खनिज अन्वेषण और अत्याधुनिक तकनीक आधारित गतिविधियों में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया। राज्य सरकार ने बताया कि वह विश्व की अग्रणी कंपनियों के साथ लगातार संपर्क में है और इस दिशा में सकारात्मक प्रगति हुई है। खनिज ब्लॉकों की प्राप्ति और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से खनन कार्यों को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर यह भी जानकारी दी गई कि अमेरिका की माइनिंग कंपनियों के समूह यूएसआईएसपीए (USISPA) ने झारखंड सरकार से संपर्क स्थापित किया है और खनिज ब्लॉकों की खुली नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की इच्छा जताई है। समूह ने विशेष रूप से दुर्लभ खनिजों की खोज, खनन और प्रसंस्करण गतिविधियों में गहरी रुचि दिखाई है। बैठक में खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव अरवा राजकमल, खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा सहित दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी कंपनियों की भागीदारी से झारखंड में खनन क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, निवेश और रोजगार के नए अवसर विकसित हो सकते हैं।

### झुमरी तिलैया में झामुमो की बूथ स्तरीय एवं BLA-2 बैठक संपन्न

» SIR अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं को दिए गए दिशा-निर्देश



**झुमरी तिलैया।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की एक दिवसीय बूथ स्तरीय एवं BLA-2 बैठक मंगलवार को झुमरी तिलैया स्थित विराज होटल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिरेंद्र पांडेय ने की, जबकि संचालन सचिव पवन माइकल कुजूर ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान को लेकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं एवं BLA-2 सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची के प्रति सजग एवं सक्रिय रहने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी पात्र पुरुष या महिला मतदाता का नाम मतदाता सूची से न छूटे और न ही कटे। इसके लिए बूथ स्तर पर सतत निगरानी और जनसंपर्क बनाए रखने पर जोर दिया गया। केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने जिला अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बूथ कार्यकर्ताओं और BLA-2 सदस्यों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कार्य के दौरान आने वाली कठिनाइयों के समाधान के लिए पार्टी पदाधिकारी स्वयं आगे बढ़कर सहयोग करें। अपने संबोधन में श्री पांडेय ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मंईया सम्मान योजना महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वहीं सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों को सम्मान और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जा रही है। सम्मेलन में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी गुप्ता सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, केंद्रीय समिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, प्रखंड अध्यक्ष, सचिव, विभिन्न मोर्चा एवं वर्ग संगठन के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा आगामी चुनावी एवं संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। झामुमो नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### अफीम के विरुद्ध बेहतर कार्य को लेकर प्रभारी सूर्यप्रताप सिंह को पुलिस महानिरीक्षक द्वारा दी गई प्रशस्ति पत्र




**सिमरिया।** सिमरिया थाना प्रभारी सुर्य प्रताप सिंह द्वारा अवैध अफिम के विरूद्ध लगातार बेहतर कार्य एवं अवैध अफिम , डोडा, कार वाहन, मोटरसाइकिल एवं मोबाइल जप्त कर इस धंधे में लिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजे जाने को लेकर इन्हें चतरा आरक्षी अधीक्षक अनिमेष कुमार के मौजूदगी में पुलिस महानिरीक्षक बोकारो प्रक्षेत्र द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान की गई। जो प्रशंसनीय एवं सराहनीय है। साथ हीं इनके उत्कृष्ट कार्य सेवा के लिए पुलिस महानिरीक्षक, बोकारो प्रक्षेत्र द्वारा उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस तरह प्रशस्ति पत्र देने से लोगों में ऊर्जा और उत्साह बढ़ती है जिससे प्रभारियों में एक नई ऊर्जा मिलती है और इसी ऊर्जा और उत्साह के साथ गलत कार्यों में लिप्त अपराधियों को पकड़ने में हौसला बढ़ता है।

# झारखंड के 1.63 करोड़ मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने राज्य के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत स्वयं और पैतृक मैपिंग का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा करने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि के परिणामस्वरूप राज्य के 1.63 करोड़ मौजूदा मतदाताओं को किसी प्रकार का दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2026 की मतदाता सूची के मौजूदा मतदाताओं का मिलान झारखंड की वर्ष 2003 की एसआईआर मतदाता सूची तथा अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की पूर्व मतदाता सूचियों से किया गया है। इसके आधार पर अधिकांश मतदाताओं का सत्यापन हो चुका है। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाताओं को केवल विधिवत भरा एवं हस्ताक्षरित प्री-फिल्ड एन्यूमरेशन फॉर्म और हालिया रंगीन फोटो जमा करनी होगी, जिससे उनका नाम प्रारूप और अंतिम मतदाता सूची में शामिल हो सकेगा। बीएलओ की भूमिका की सराहना के. रवि कुमार ने कहा कि बीएलओ के समर्पण और कड़ी मेहनत से यह सुनिश्चित हुआ है कि अधिकांश मतदाताओं को दस्तावेजी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भी अपने झारखंड दौरे के दौरान बीएलओ के कार्य और चुनावी प्रक्रिया संबंधी उनके ज्ञान की सराहना की है। **30 जून से शुरू होगा घर-घर सर्वे:** एसआईआर प्रक्रिया के तहत बीएलओ द्वारा 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक घर-घर जाकर गणना और सत्यापन का कार्य किया जाएगा। इस दौरान शेष अनमैप मतदाताओं की स्वयं और पैतृक मैपिंग का दूसरा एवं अंतिम चरण पूरा किया जाएगा। निर्वाचन विभाग ने उन मतदाताओं से विशेष रूप से अनुरोध किया है, जो या जिनके माता-पिता झारखंड के बाहर किसी अन्य राज्य की पुरानी मतदाता सूची में दर्ज रहे हैं, वे संबंधित विवरण बीएलओ को उपलब्ध कराएं। **सीमित मतदाताओं को ही देना होगा दस्तावेज:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि केवल सीमित संख्या में ऐसे मौजूदा मतदाताओं और नए मतदाता पंजीकरण के इच्छुक नागरिकों को दस्तावेज जमा करने होंगे, जिनकी मैपिंग नहीं हो सकी है। ऐसे मतदाताओं की सूची 5 अगस्त 2026 को प्रकाशित की जाएगी और संबंधित निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) द्वारा व्यक्तिगत नोटिस भी भेजा जाएगा। **प्रवासी श्रमिकों और छात्रों के लिए विशेष सुविधा:** निर्वाचन विभाग ने बताया कि प्रवासी श्रमिकों, राज्य से बाहर पढ़ रहे छात्रों तथा अस्थायी रूप से बाहर रह रहे लोगों को मैपिंग के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। उनके परिवार के सदस्य, बीएलओ से संपर्क कर या ईसीआईनेट (ECINET) के माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। गणना फॉर्म भी ऑनलाइन माध्यम से भेजे और जमा किए जा सकते हैं।

**महत्वपूर्ण तिथियां**

गतिविधि
तिथि
बीएलओ का घर-घर दौरा
30 जून – 29 जुलाई 2026
प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन
5 अगस्त 2026
दावे एवं आपत्तियां
5 अगस्त – 4 सितंबर 2026
नोटिस एवं सत्यापन अवधि
5 अगस्त – 3 अक्टूबर 2026
**अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन:**
7 अक्टूबर 2026

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को मतदाता-अनुकूल, सरल और पारदर्शी बनाया गया है, ताकि पात्र नागरिकों का नाम बिना किसी अनावश्यक परेशानी के मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

## भाजपा को अपने विधायकों पर भरोसा नहीं, इसलिए किया गया नजरबंद : कांग्रेस

» महागठबंधन के दोनों राज्यसभा उम्मीदवारों की जीत का दावा

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने राज्यसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बताने वाली भाजपा को आखिर अपने ही विधायकों से डर क्यों लग रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने विधायकों को एक स्थान पर रखकर वस्तुतः नजरबंद कर दिया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पार्टी को अपने विधायकों के टूटने का भय सता रहा है। सोनाल शांति ने कहा कि विभिन्न राज्यों में सांसदों और विधायकों की खरीद-फरोख्त तथा सत्ता परिवर्तन के आरोपों का सामना करने वाली भाजपा आज झारखंड में खुद असुरक्षा की भावना से ग्रस्त दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची में भाजपा विधायकों को एकजुट रखने की कवायद यह दर्शाती है कि पार्टी के भीतर उम्मीदवार के समर्थन को लेकर एकरूपता नहीं है और कई विधायक अलग-अलग राय रखते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की मजबूत सरकार चल रही है। भाजपा ने पूंजीपतियों के सहारे गठबंधन सरकार को अस्थिर करने और झारखंड की छवि धूमिल करने का प्रयास किया था, लेकिन उसका यह प्रयास पूरी तरह विफल रहा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव महागठबंधन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लड़ रहा है और यह चुनाव केवल दो सीटों का नहीं, बल्कि झारखंड पर लगे पुराने राजनीतिक कलंक को मिटाने तथा झारखंडी अस्मिता की रक्षा करने की लड़ाई है। सोनाल शांति ने दावा किया कि महागठबंधन के दोनों उम्मीदवारों को 56 से अधिक विधायकों का समर्थन प्राप्त होगा और दोनों सीटों पर उनकी जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियां भी इसी दिशा में संकेत दे रही हैं।

## भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह राष्ट्रीय अम्बेडकर अवॉर्ड से सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** झारखंड भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को सामाजिक क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रीय अम्बेडकर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान बहुजन साहित्य अकादमी द्वारा आंध्र प्रदेश के तिरुपति में आयोजित 18वें राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रदान किया गया। अम्बेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं बहुजन साहित्य अकादमी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अनिल बांसफोर ने मंगलवार को रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर यह अवॉर्ड कर्मवीर सिंह को औपचारिक रूप से सौंपा। अनिल बांसफोर ने बताया कि 15 मार्च 2026 को तिरुपति के जीएसकेआर भवन में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कर्मवीर सिंह को दलित, गरीब, शोषित, पीड़ित, आदिवासी, खिलाड़ियों तथा विशेष रूप से सफाईकर्मियों के परिवारों के उत्थान और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए राष्ट्रीय अम्बेडकर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उन विशिष्ट व्यक्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने वंचित एवं कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया हो। इस अवसर पर कर्मवीर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल उद्देश्य जनसेवा और राष्ट्रसेवा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता देश, समाज और जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करता है। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, विकास प्रीतम सिन्हा, सरोज सिंह समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन की एकजुटता से भाजपा में बढ़ी बेचैनी, राज्यसभा की दोनों सीटों पर जीत तय : कांग्रेस

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने दावा किया है कि राज्यसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की दोनों सीटों पर जीत सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन पूरी तरह एकजुट और मजबूत है, जबकि भाजपा अंदरूनी असंतोष और अविश्वास से जूझ रही है। मंगलवार को जारी बयान में नायक ने कहा कि भाजपा के भीतर बढ़ती बेचैनी और खींचतान अब खुलकर सामने आने लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के कई विधायक उसकी रणनीति और निर्णयों से संतुष्ट नहीं हैं। बैठकों में अनुपस्थिति और विधायकों को एक साथ होटल में रखने की व्यवस्था भाजपा के भीतर असुरक्षा और अविश्वास को दर्शाती है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जो पार्टी अपने विधायकों को एकजुट रखने के लिए लगातार प्रयास कर रही हो, वह राजनीतिक स्थिरता का पाठ पढ़ाने का नैतिक अधिकार खो चुकी है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि भाजपा नेतृत्व को अपने विधायकों पर भरोसा है तो उन्हें चुनाव तक होटल में रखने की जरूरत क्यों पड़ रही है। नायक ने कहा कि दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और झारखंड के हितों की रक्षा के साझा संकल्प के साथ मजबूती से खड़े हैं। गठबंधन के विधायक किसी दबाव, प्रलोभन या राजनीतिक साजिश के आगे झुकने वाले नहीं हैं। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह जोड़-तोड़ और सत्ता की राजनीति में अधिक ऊर्जा लगा रही है, जबकि महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और राज्य के विकास जैसे मुद्दों की उपेक्षा कर रही है। इसी कारण उसे अपने ही विधायकों के असंतोष का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि झारखंड की जनता सब कुछ देख रही है। एक तरफ इंडिया गठबंधन की "चट्टानी एकजुटता" है तो दूसरी ओर भाजपा के भीतर बढ़ता असंतोष और नेतृत्व पर उठ रहे सवाल हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यसभा चुनाव का परिणाम लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता के विश्वास की जीत साबित होगा तथा इंडिया गठबंधन दोनों सीटों पर विजय प्राप्त करेगा।

## झारखंड कृषि व्यापार मेला-2026 का शुभारंभ, किसानों की आय बढ़ाने पर सरकार का जोर

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय झारखंड कृषि व्यापार मेला-2026 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने मेले के लोगो का लोकार्पण किया, उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया तथा टाना भगत परिवारों को चार दुधारू पशुओं के शेड निर्माण के लिए शत-प्रतिशत अनुदान राशि प्रदान की। साथ ही विभिन्न जिलों में पशु चिकित्सक एवं अनुसेवक पदों के लिए नियुक्ति पत्र और 209 लोगों को डिजिटल एआई किट भी वितरित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की लगभग 80 प्रतिशत आबादी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। ऐसे में किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि "आधी जिम्मेदारी सरकार उठाएगी और आधी जिम्मेदारी किसानों को उठानी होगी। जब दोनों मिलकर प्रयास करेंगे तो झारखंड के किसानों को कोई हरा नहीं सकता।" **जल संरक्षण और आधुनिक खेती पर जोर:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ रहा है। भविष्य में जल संकट की चुनौती को देखते हुए किसानों को जल संरक्षण और जल संचयन पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने किसानों से खेतों और बंजर भूमि में जल संचय की व्यवस्था विकसित करने की अपील की। उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने की जरूरत बताते हुए कहा कि कम पानी में अधिक उत्पादन की दिशा में काम करना समय की मांग है। **विकास और पर्यावरण में संतुलन जरूरी:** मुख्यमंत्री ने अंधाधुंध शहरीकरण पर चिंता जताते हुए कहा कि विकास कार्यों और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जंगलों की कटाई और घटती हरियाली भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। पेड़, पानी और पशुधन के संरक्षण के बिना सतत विकास संभव नहीं है। **बिरसा हरित ग्राम योजना की सफलता:** हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार की बिरसा हरित ग्राम योजना को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है। उन्होंने बताया कि सिमडेगा की स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित आम अब लंदन तक निर्यात हो रहा है। योजना के तहत अब तक लगभग 1.50 लाख एकड़ बंजर भूमि पर फलदार पौधों का रोपण किया जा चुका है। **जैविक खेती अपनाने की अपील:** मुख्यमंत्री ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों और जहरीले रसायनों के अत्यधिक उपयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि जैविक खेती न केवल पर्यावरण बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर है। राज्य सरकार जैविक कृषि को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। **उत्कृष्ट किसानों को मिलेगा 'मुख्यमंत्री सम्मान':** मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग को राज्य के प्रगतिशील और आधुनिक खेती करने वाले किसानों की मैपिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने घोषणा की कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले किसानों को 'मुख्यमंत्री सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा तथा उन्हें आधुनिक कृषि उपकरणों और तकनीकी सहायता से जोड़ा जाएगा। **किसानों के लिए बनेगा विशेष डिजिटल पोर्टल:** किसानों की समस्याओं, सुझावों और जिज्ञासाओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने एक विशेष डिजिटल पोर्टल विकसित करने का निर्देश दिया। इस पोर्टल के माध्यम से किसान सीधे सरकार और कृषि विशेषज्ञों से संवाद कर सकेंगे। **200 स्टॉल और कृषि नवाचारों की प्रदर्शनी:** 16 से 18 जून तक चलने वाले इस मेले में राज्य भर के प्रगतिशील किसान, कृषि वैज्ञानिक, शोधकर्ता और उद्यमी भाग ले रहे हैं। मेले में सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों के 200 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां कृषि, पशुपालन, बागवानी और कृषि तकनीक से जुड़े नवाचारों का प्रदर्शन किया जा रहा है। विभिन्न विषयों पर आयोजित सेमिनारों के माध्यम से किसानों को नई तकनीकों और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सुरेश कुमार बैठा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.सी. दुबे, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीक सहित बड़ी संख्या में किसान और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत रांची में 3,110 लोगों की जांच

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** भारत सरकार के 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के तहत रांची जिले में क्षय रोग (टीबी) की सक्रिय खोज एवं जांच अभियान तेज गति से जारी है। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, पंचायतों, शहरी क्षेत्रों तथा जेलों में रह रहे कैदियों के बीच सघन स्क्रीनिंग और जांच की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान के दौरान अब तक 3,110 व्यक्तियों की टीबी जांच की जा चुकी है। जांच के क्रम में टीबी के संभावित लक्षण वाले लोगों के बलगम सहित अन्य आवश्यक परीक्षण कराए जा रहे हैं, ताकि मरीजों की शीघ्र पहचान कर समय पर उपचार शुरू किया जा सके। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. एस. बास्की ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, लेकिन इसका पूर्ण उपचार संभव है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक लगातार खांसी, बलगम में खून आना, बुखार, रात में पसीना आना, वजन घटना, भूख कम लगना या अत्यधिक कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच करानी चाहिए। उन्होंने टीबी मरीजों के संपर्क में रहने वाले लोगों, मधुमेह रोगियों, कुपोषित बच्चों, बुजुर्गों तथा अन्य संवेदनशील वर्गों से भी जांच कराने की अपील की। डॉ. बास्की ने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में टीबी की जांच और उपचार की सभी सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध हैं। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने आमजन से टीबी के लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने और समय पर जांच कराने की अपील करते हुए कहा कि जनसहभागिता से ही टीबी मुक्त रांची और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह विशेष अभियान जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, पंचायतों, शहरी क्षेत्रों और जेलों में 30 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचार से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## श्री श्याम मंदिर में 208वां सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकम, विक्रम संवत 2083 के अवसर पर 208वें श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भक्ति रस का आनंद लिया। इस अवसर पर श्री नवीन अग्रवाल एवं श्रीमती नेहा अग्रवाल ने अपने परिजनों के साथ श्री बालाजी महाराज की दिव्य पावन अखंड ज्योत प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की तथा गुड़-चना, केसरिया पेड़ा, केसरिया रबड़ी, लड्डू एवं फलों का भोग अर्पित किया। कार्यक्रम में विभिन्न श्रद्धालुओं ने भी सेवा प्रदान की। श्री प्रभुदयाल नारसरिया एवं श्रीमती रेखा नारसरिया ने गुड़-चना, श्रीमती पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा, श्री श्रवण ढांढनिया ने चना प्रसाद, श्री राजेश जायसवाल ने फल तथा श्री मनीष साहू ने गिरिगोला की सेवा अर्पित की। करीब दो घंटे तक चले सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ के उपरांत महाआरती की गई तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, अध्यक्ष गोपाल मुरारका, उपाध्यक्ष अशोक लाडिया, महामंत्री गौरव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान, पूर्व महामंत्री राजेश ढांढनिया सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। आयोजन का वातावरण भक्तिमय रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम एवं हनुमानजी के जयकारों के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया।

**संक्षिप्त समाचार**

## जनता दरबार में ग्रामीणों ने उपायुक्त महोदय से पूर्व भूमि सुधार उपसमाहर्ता चतरा के अवैध और मनमानी के खिलाफ दिए आवेदन

**चतरा कान्हा चट्टी**।चतरा जिला अंतर्गत कान्हाचट्टी प्रखंड के तुलबूल पंचायत के ग्रामीणों ने उपायुक्त जनता दरबार चतरा में आज पूर्व भूमि सुधार उपसमाहर्ता चतरा के खिलाफ दिए आवेदन।ग्रामीणों का शिकायत की उप समाहर्ता चतरा ने रैयत को अभी वंचित कर भू माफियाओं के साथ मिलकर भूस्वामी के जमीनों से बेदखल कर मनमानी अनैतिक संवैधानिक पदों का दुरुपयोग करते संवैधानिक अधिकारों का हनन किए। पूर्व मुखिया ग्राम पंचायत तुलबुल के फर्जी वंशावली तथा पदाधिकारी से मिलकर गलत सूचना अधिकार तैयार करवा कर दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ कर कर दिए गए फर्जी दस्तावेज़ को ही सही कर बैठे। पूर्व मुखिया से इसके लिए पूछताछ की गई तो पूर्व मुखिया ने वंशावली को फर्जी बतलाए तथा इस फर्जी के लिए पूर्व में भी अंचल को उन्होंने शिकायत किए थे।मजे की बात यह है की सूचना के अधिकार में बूटा ठाकुर के पिता केदार ठाकुर दर्शाया गया है,जबकि केदार ठाकुर बूटा ठाकुर के सबसे छोटे बेटे आवेदक के छोटा भाई है जिसे आवेदक का दादा बना दिया गया है खतियान और रैयत से मिसमैच करने के उद्देश्य से जिसके खुलासा भी अंचल अधिकारी ने किए थे।मामला कान्हा चट्टी अंचल के ग्राम तुलबुल खाता 33 मौजा तुलबुल थाना, नंबर 26 ,कुल रकवा 2.10,1/2 एकड़ जमीन सर्वे रैयत नुनु ठाकुर पुत्र जगन ठाकुर दूसरा कैलू /कैल ठाकुर जिसमें जगन ठाकुर नवाल्द थे। कैलु ठाकुर के एकमात्र पुत्र बूटा ठाकुर हुए तथा आवेदक बुटा ठाकुर के वंशज हुवे। मामला आवेदक के पूर्वजों का रसीद 1916 से 2015 तक निर्गत होते आया आवेदक अपने पक्ष में पिता और दादा के समर्थन में कई राजस्व दस्तावेज हजारीबाग मजिस्ट्रेट 1966 के आदेश पत्र,बिहार गवर्नमेंट के रसीद बुटा ठाकुर पिता कैलु ठाकुर के बैंक पासबुक ऋण बाकी नोटिस और ऋण समझौता पत्र ,1962 के पंजी 2जमा किए। आरोप था पूर्व राजस्व कर्मचारी अर्जुन पासवान उसमें छेड़छाड़ कर हेमराज ठाकुर वगैरा पिता स्वर्गीय बढन ठाकुर सकिन तुलबुल अपने पिता और दादा का नाम पणजी 2 में चढ़ावा लिया था साथ ही बुटा ठाकुर पिता कैल ठाकुर के 1977 में खरीद की गई जमीन को भी खतियानी जमीन में दर्ज कर अपने नाम से कर लेता है।जिसके लिए पूर्व में भी आवेदकों ने उपयुक्त महोदय, भूमि सुधार उप समाहर्ता चतरा और अंचलाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों के आवेदन देखकर इसकी शिकायत की है इसके उपरांत वर्तमान अंचलाधिकारी संज्ञान में लेते हुए गहन जांच पड़ता किए दोनों पक्षों के दस्तावेजों का अवलोकन किए उसके बाद फर्जीवाड़ा का खुलासा कर भू स्वामी लालधारी ठाकुर और उनके वंशजों को जमीन का असली मालिक बतलाएं जिसे नजर अंदाज कर पूर्व भूमि सुधार उपसमाहर्ता चतरा ने मनमानी कर बिना एनसीआर रिपोर्ट और राजस्व दस्तावेज का अवलोकन किए भू माफिया के साथ मिलकर एकपक्षीये फैसला सुन कर भूमाफियाओं का मनोबल बढ़ाने का कार्य किए आवेदकों का आरोप है की फैसला मेरे पक्ष में आता बसरते चार लाख की डिमांड थी मैंने देने से इनकार कर दिया जिसके बाद भूमिया के साथ मिलकर के अधिकार माफियाओं को दिया जाता हैं। जिसे आवेदक उच्च स्तरीय जांच की मांग किए।

## उपायुक्त ने की राष्ट्रीय राजमार्गों की समीक्षा बैठक,यातायात सुगमता और दनुआ घाटी में रेड मार्किंग पर विशेष जोर



**हजारीबाग**।जिला उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग की एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजमार्गों की वर्तमान स्थिति, लंबित परियोजनाओं, सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को लेकर कई कड़े निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने पीजी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित निपटारा करने को कहा और आश्वस्त किया कि राजमार्गों के सुचारू संचालन के लिए जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग देगा। "दनुआ घाटी दुर्घटना संभावित क्षेत्र होने के कारण सुरक्षा के लिहाज से संपूर्ण 11 किलोमीटर रोड पर रेड मार्किंग का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। साथ ही ओवर स्पीडिंग पर लगाम लगाने के लिए जल्द ही अत्याधुनिक कैमरे लगाए जाएंगे। नगवां टोल प्लाजा के पास ट्रकों के बेतरतीब खड़े होने से लगने वाले जाम से निपटने के लिए धारा 26 के तहत कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए। इचाक मोड़ पर जाम की समस्या के स्थाई समाधान के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान (इंक्रोचमेंट ड्राइव) चलाया जाएगा। मौके पर उपस्थित मैनेजर ने बताया कि यहाँ जल्द ही एक फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। राजमार्गों पर बेहतर दृश्यता के लिए स्ट्रीट लाइट और साइन बोर्ड लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही रसोईया धमना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से सदर अनुमंडल पदाधिकारी आदित्य पांडेय, अपर समाहर्ता महेंद्र छोटन उरांव और एनएचएआई के मैनेजर टेक श्री स्वराज जयसवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अंगदान कई लोगों को दे सकता है नया जीवन : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन

नई सोच एक्सप्रेस




**रांची**।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि अंग एवं ऊतक दान (ऑर्गन एंड टिश्यू डोनेशन) मानवता, संवेदनशीलता, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। अंगदान कई व्यक्तियों के जीवन की नई शुरुआत बन सकता है और उनके जीवन में नई उम्मीद तथा खुशियां ला सकता है। इसके लिए समाज में व्यापक जागरूकता और सहभागिता की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री मंगलवार को रांची के बारियातू रोड स्थित एक होटल में मोहन फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'बेस्ट प्रैक्टिसेज इन ऑर्गन एंड टिश्यू डोनेशन' विषयक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंगदान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है, जिसके प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ इसके कानूनी पहलुओं की भी जानकारी देना जरूरी है। राज्य सरकार भी इस दिशा में सकारात्मक पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार, स्वास्थ्य संस्थानों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को मिलकर अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों में किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके परिजनों से अंगदान के संबंध में संवेदनशील तरीके से बातचीत की जानी चाहिए। इससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में चिकित्सा क्षेत्र तेजी से तकनीक आधारित हो गया है। रोबोटिक सर्जरी, लिवर और किडनी प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक चिकित्सा सेवाएं लोगों को बेहतर उपचार उपलब्ध करा रही हैं। झारखंड सरकार भी स्वस्थ झारखंड के निर्माण की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। कार्यशाला में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, मणिपाल ऑर्गन शेयरिंग के कंट्री हेड कर्नल अवनीश, मोहन फाउंडेशन की कंट्री हेड ललिता रघुराम, क्रिटिकल केयर मणिपाल के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार मिश्रा तथा कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के संस्थापक निदेशक डॉ. बी. कश्यप सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

## अवैध अफीम के खिलाफ कुंदा पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान, सूचना देने वालों की पहचान रहेगी पूरी तरह गोपनीय

नई सोच एक्सप्रेस



**कुंदा (चतरा)**।क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम और नशामुक्त समाज के निर्माण को लेकर कुंदा पुलिस प्रशासन पूरी तरह रेस नजर आ रहा है। इसी कड़ी में पुलिस द्वारा क्षेत्र के कुंदा चौक पर एक विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अफीम की अवैध खेती, डोडा उत्पादन, इसके उपभोग और व्यापार से होने वाले गंभीर कानूनी परिणामों के प्रति सचेत किया गया। **दोषी पाए जाने पर 10 वर्ष या उससे अधिक की सजा का प्रावधानः** जागरूकता अभियान के दौरान कुंदा पुलिस ने ग्रामीणों को स्पष्ट शब्दों में चेताया कि अफीम की खेती करना, डोडा लगाना या मादक पदार्थों की तस्करी व कारोबार करना एक संगीन और कानूनन अक्षम्य अपराध है। एनडीपीएस (NDPS) एक्ट के तहत ऐसे मामलों में संलिप्त पाए जाने वाले दोषियों को 10 वर्ष या उससे अधिक की कठोर कारावास की सजा और भारी आर्थिक दंड भुगतना पड़ सकता है।अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों ने पंचायत प्रतिनिधियों, स्थानीय समाजसेवियों और आम नागरिकों से बैठक कर क्षेत्र को नशामुक्त बनाने में सहयोग की अपील की। पुलिस ने आग्रह किया कि यदि आसपास के क्षेत्रों में अफीम की खेती, डोडा की बिक्री या मादक पदार्थों से जुड़ी कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित थाने को दें।**थाना प्रभारी का संदेशः**"मादक पदार्थों के कारोबार से संबंधित सूचना देने वाले किसी भी व्यक्ति का नाम और पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। समाज को अपराधमुक्त और नशामुक्त बनाने के लिए आम जनता की सहभागिता अनिवार्य है। जनसहयोग के बल पर ही इस अवैध कारोबार की रीढ़ तोड़ी जा सकती है।"

## सिमरिया में कब तक रहेगा हाईवा का आतंक- आलोक रंजन

नई सोच एक्सप्रेस



सिमरिया।जब से टंडवा में कई कोल खदानें खुली है तब से सिमरिया और सिमरिया के आसपास के क्षेत्र की जनता हमेशा इन कोल वाहनों के द्वारा मारे जाते रहे हैं जो अनवरत है। अभी तक 2000 से अधिक जानें चली गई हैं लेकिन समुचित रूप से ट्रांसपोर्ट रोड का निर्माण अभी तक नहीं हुआ। वर्तमान में टंडवा एनटीपीसी से सैकड़ो गाड़ियां फ्लाई येस लेकर जहानाबाद और विभिन्न क्षेत्रों में जा रही हैं। इतना ही नहीं बड़का गांव का कोयला हजारीबाग बिरहु शीला सिमरिया मिश्रौल होते हुए एनटीपीसी में कोयला पहुंचाई जा रही है। जिसकी दूरी 120 किलोमीटर से अधिक है जबकि बड़कागांव कोल माइंस से एनटीपीसी की दूरी मात्र 20 किलोमीटर है लेकिन सिमरिया के लोग काफी कमजोर और नेता विहीन हो गए हैं जिसका परिणति यह है कि आज भी अनवरत गाड़ियां चल रही है। जिसके लिए सिमरिया में मार्च 2026 में दो दिवसीय धरने का कार्यक्रम हुआ था और उसमें आश्वासन मिला था की मार्च के बाद कोयले की ढुलाई नहीं होगी लेकिन यह आश्वासन धरा का धरा रह गया और जो जनप्रतिनिधि धरना दे रहे थे वे सिमरिया के स्थानीय समाजसेवी कहे या ठेकेदार उनके कहने पर या दबाव बनाने पर ये नेताओं ने मजबूर होकर अपना आंदोलन समाप्त कर दिया या यूं कहें की बिक गये। अगर ऐसा नहीं है तो तत्कालीन उपायुक्त के आश्वासन के बाद इन कोल वाहनों का आवागमन बंद क्यों नहीं हुआ, इस रूट क्या डिओ समाप्त क्यों नहीं हुआ। अब विश्वास किस पर करूं जब पिया मोर आंधर" वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। सिमरिया के कई बड़े सफेदपोश नहीं चाहते हैं कि यहां की रक्त रंजित सड़के फिर से पूर्व की तरह शांत और जीवंत रहे कोई नेता इस पर आवाज भी उठाना नहीं चाहता है कोई प्रयास भी करता है तो बंद कमरे में उसे खरीद लिया जाता है या मजबूर कर अपना आवाज बंद करने पर विवश कर दिया जाता है। इतना कमजोर तो सिमरिया नहीं है ? शायद कोई नया अवतार लेगा और सिमरिया की दुर्दशा को दूर करने का प्रयास करेगा ? क्योंकि अब सिमरिया थक गया है और हार गया है । सिमरिया के सांसद और विधायक निष्क्रिय हो गए हैं या कहे कि उन्हें सिमरिया की जनता से कोई मतलब नहीं है सिर्फ पेंशन से मतलब है।

## डीसी ने लगाया जनता दरबार, सुनी आमजनों की समस्याएं

नई सोच एक्सप्रेस



**लोहरदगा**।डीसी संदीप कुमार मीना ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम (जनता दरबार) में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं व शिकायतें सुनीं। कार्यक्रम में लोगों ने रास्ता विवाद, बैंक खाते से राशि निकासी, विद्यालय में नामांकन, अवैध निर्माण, राशन कार्ड से नाम हट जाने, घर क्षतिग्रस्त होने, वृद्धावस्था पेंशन, आवास योजना, सिंचाई के लिए विद्युत व्यवस्था, भूमि अधिग्रहण मुआवजा, भूमि म्यूटेशन, दाखिल-खारिज, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पेयजल व तालाब जीर्णोद्धार सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन डीसी के समक्ष प्रस्तुत किए। डीसी ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के जिला स्तरीय व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई कर निर्धारित समयावधि में मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्राप्त शिकायतों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाएगी।

# इटखोरी चौक में जनसंपर्क विभाग ने जागरूकता अभियान चलाया

नई सोच एक्सप्रेस



**इटखोरी**।चतरा जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में इटखोरी चौक पर जनजागरूकता नाट्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा विभिन्न विकासात्मक कार्यक्रमों के प्रति जागरूक करना था।नाट्य कलाकारों ने गीत, संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी सरल और रोचक ढंग से दी। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय से उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया और समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई गई। कलाकारों ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे, इसके लिए जागरूकता बेहद आवश्यक है। नाटक के माध्यम से लोगों को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने तथा विकास कार्यों में सहभागिता निभाने का संदेश दिया गया। इटखोरी चौक पर आयोजित इस कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों, युवाओं एवं महिलाओं ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियां सहज रूप से प्राप्त होती हैं। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सरकार की योजनाओं और जनहित संदेशों को आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई।

## पीएम के 12 वर्ष पूरे होने पर सांसद मनीष जायसवाल का तूफानी दौरा, कई योजनाओं का किया शिलान्यास

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग**।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्र में विशेष प्रवास कार्यक्रम का आगाज किया। मंगलवार को सांसद ने हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के नगर पूर्वी, सदर पश्चिम और पूर्वी मंडल के विभिन्न वार्डों व एक दर्जन से अधिक गांवों का अहले सुबह से लेकर देर रात तक तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया, जिसमें दीपूगढ़ा में डीएमएफटी मद से नाली निर्माण और सिंघानी में सांसद मद से 5 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सांस्कृतिक भवन का शिलान्यास शामिल है। "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 12 वर्षों का कार्यकाल देश के नवनिर्माण, अंत्योदय और वैश्विक गौरव का स्वर्णिम काल रहा है। उनके नेतृत्व में हुए साहसिक कार्यों ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन को बदला है।" अपने प्रवास के दौरान सांसद मनीष जायसवाल डेढ़ दर्जन से अधिक विशिष्टजनों के आवास पर पहुंचे, जिनमें जगदीशपुर में उदय नारायण सिंह, बड़ासी में नंदलाल मेहता, और डंडई कला में शंकर पाठक सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। उन्होंने सैकड़ों प्रबुद्ध नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित कर पीएम मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। इस दौरे के दौरान स्थानीय ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया, जहां सांसद का फूल-मालाओं और गाजे-बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, अनिल मिश्रा, सत्येंद्र नारायण सिंह सहित दर्जनों भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उपायुक्त के जनता दरबार में सुनी गईं आमजन की समस्याएं

नई सोच एक्सप्रेस



**» संयुक्त संपत्ति के म्यूटेशन को लेकर दिए कड़े निर्देश**

**हजारीबाग**।समाहरणालय भवन में मंगलवार को उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों और सुदूर क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं और शिकायतों के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे। उपायुक्त ने सभी आवेदकों की समस्याओं को बेहद गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, म्यूटेशन (दाखिल-खारिज), जमीन पर अवैध कब्जा, पेंशन, अनुकम्पा पर नियुक्ति, दिव्यांगजनों के लिए बैटरी चालित ट्राई साइकिल की मांग तथा ऑनलाइन रसीद निर्गत करने से जुड़े मामले सामने आए। "इज़माल (संयुक्त) संपत्ति से संबंधित रजिस्ट्री एवं म्यूटेशन की प्रक्रिया में सभी पक्षकारों की सहमति सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो। सुनवाई के दौरान बिना भाइयों की सहमति के जमीन की रजिस्ट्री कराए जाने का एक गंभीर मामला सामने आया। इस पर उपायुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अंचल अधिकारी को निर्देश दिया कि उक्त भूमि का म्यूटेशन (दाखिल-खारिज) किसी भी परिस्थिति में न किया जाए। जनता दरबार में आए अन्य सभी मामलों को उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने और आवेदकों को जल्द से जल्द राहत प्रदान करने का सख्त निर्देश दिया।

# कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की बैठक,एकजुटता, शिक्षा और रोजगार पर जोर

नई सोच एक्सप्रेस



**» यूजीसी की नीतियों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान**

**हजारीबाग**।कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के कार्यकारी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बसंत पांडेय ने समाज के उत्थान, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए समाज के सभी लोगों से एकजुट होने की अपील की है। अपने संबोधन में उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर अंकुश लगाने और झारखंड प्रदेश के सभी कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के सदस्यों को एक मंच पर आने का आग्रह किया। संघ में ही शक्ति है, एकता का परिचय दें' कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बसंत पांडेय ने संगठित समाज की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि "संघ में ही शक्ति होती है।" उन्होंने झारखंड के कोने-कोने में रह रहे समाज के लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने का आह्वान किया ताकि समाज की सामूहिक आवाज को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सुधार करके ही समाज को सही दिशा में आगे ले जाया जा सकता है। इसके साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तलाशने पर भी चर्चा की गई। अपने संबोधन के दौरान बसंत पांडेय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वर्तमान नीतियों पर गहरी चिंता और नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सरकार की नीतियों की के विरोध में हम सभी को मिलकर आवाज उठानी होगी। यह सरकार की ब्राह्मण समाज सहित पूरे सवर्ण समाज के प्रति एक सौतेली नीति है। इस व्यवस्था के खिलाफ यदि हम आज चुप रहे, तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य प्रभावित होगा। बैठक में समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों और फिजूलखर्ची पर भी चिंता जताई गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाज के प्रबुद्ध वर्ग को आगे आकर इन कुरीतियों पर अंकुश लगाना होगा, ताकि एक आदर्श और प्रगतिशील समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं।

## गैरमजूरूआ भूमि पर भू माफियाओं की नजर

नई सोच एक्सप्रेस



**» कर्मचारियों के मिली भगत से 20 एकड़ भूमि की खरीद बिक्री कर हुए मालोमाल**

**चतरा**।चतरा जिले के चतरा अंचल मौजा तपेज के खाता नम्बर 9 फ्लॉट नम्बर 40 रकबा लगभग 20 एकड़ गैरमजूरूआ भूमि को भू माफियाओं ने कर्मचारियों के मिलीभगत से जाली कागजात बना कर बेच दिया गया है। साथ हीं उक्त गैरमजूरूआ भूमि को माफियाओं द्वारा बेच कर मालामाल हो गए हैं।इस कार्य में सरकारी बाबुओं की भी मिलीभगत है। उक्त सरकारी गैरमजूरूआ भूमि पर अभी दर्जनों बिल्डिंग मौजूद है। कुछ तो बाउंड्री कर कब्जा कर रखा गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि जहां जिला के तमाम अधिकारी मौजूद हैं। जिला के उपायुक्त मौजूद हैं वहीं पर इस तरह का गोरखधंधा जोरों पर है। जिसमें कुछ सरकारी बाबुओं का भी मिलीभगत कर उक्त भूमि की बेची गई लाखों रुपए में सरकारी बाबुओं की कमीशन तक मौजूद है। जिसके कारण भू माफियाओं द्वारा बेखौफ गैरमजूरूआ भूमि को भी धड़ल्ले से बेच दी जा रही है। आपको बता दें कि सरकारी काम कार्य के लिए जहां एक तरफ गैरमजूरूआ भूमि की कमी पड़ रही है वहीं माफियाओं द्वारा गैरमजूरूआ भूमि को धड़ल्ले से बेखौफ होकर बेच दी जा रही है।वैसे में सरकारी कार्यों पर जमीन के अभाव में चन्द्रग्रहण लगता जा रहा है। यदि इस पर अविलंब जांच कर लगाम नहीं लगाई गई तो आने वाला दिनों में सरकारी कार्यों के लिए भूमि का घोर अभाव होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्थलगडा पुलिस को बड़ी सफलता, 13 लाख की अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पत्थलगडा।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पत्थलगडा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 2.567 किलोग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की अनुमानित बाजार कीमत करीब 13 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति अफीम की खेप लेकर पत्थलगडा के रास्ते गिद्धौर की ओर जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद सिमरिया एसडीपीओ नागरगोजे शुभम भाऊसाहब के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। इसके बाद सिरकोल क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को मोटरसाइकिल से जाते हुए रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से 2.567 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनीष मुंडा के रूप में हुई है, जो पत्थलगडा थाना क्षेत्र के बड़कीटांड खैरा गांव का निवासी बताया जाता है। एसडीपीओ ने मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद अफीम कहां से लाई गई थी और इसे किसे पहुंचाया जाना था। साथ ही इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस धंधे में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा छापेमारी अभियान में पत्थलगडा थाना प्रभारी राकेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विजय कुमार, प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### नीम करोली बाबा स्थापना दिवस पर सुंदरकांड पाठ व विशाल भंडारा



**गोरखपुर।** बाबा नीम करोली कैंची धाम के स्थापना दिवस पर भौवापार स्थित बाबा मुंजेश्वर नाथ मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भजन गायक बबलू शुक्ला एवं उनकी टीम ने सुंदरकांड का भावपूर्ण पाठ प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का आयोजन उपजिलाधिकारी बांसगांव प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन तथा द इंडिया न्यूज़ के संपादक पंचानन पांडे के संरक्षण में संपन्न हुआ। सुंदरकांड पाठ के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि बाबा नीम करोली महाराज की शिक्षाएं प्रेम, सेवा और मानव कल्याण का संदेश देती हैं तथा ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। वरिष्ठ फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. त्र्यंबक पांडे, डॉ. अंजली पांडे, दुर्गेश मिश्र, ओमप्रकाश तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, पत्रकार और श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### लॉन्चपैड 1.0 का समापन, युवाओं को मिला AI और तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** सी.एम. दुबे पी.जी. कॉलेज एवं कोडक्राफ्ट सेंटर फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय "लॉन्चपैड प्रोग्राम 1.0" का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम में सी.एम. दुबे पी.जी. कॉलेज और शासकीय ई. राघवेन्द्र राव पी.जी. साइंस कॉलेज के 20 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. एस. पावनी के मार्गदर्शन में आयोजित प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, पायथन प्रोग्रामिंग, वेबसाइट डिजाइनिंग, लिंक्डइन प्रोफाइल निर्माण और प्रभावी वक्तृत्व कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों ने डेटा क्लीनिंग, BMI कैलकुलेटर जैसे मिनी प्रोजेक्ट तैयार किए तथा अपनी व्यक्तिगत पोर्टफोलियो वेबसाइट भी विकसित की। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि एलिवेटर पिच प्रशिक्षण रही, जिसमें विद्यार्थियों को 90 सेकंड के भीतर अपने स्टार्टअप विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का कौशल सिखाया गया। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रभारी प्राचार्य डॉ. संजय सिंह और विभागाध्यक्ष डॉ. एस. पावनी ने कहा कि एआई और डिजिटल तकनीकों का ज्ञान युवाओं को रोजगार, नवाचार और उद्यमिता के नए अवसरों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### PWD (R&B) लंगेट डिवीजन के अतिरिक्त प्रभार में आए इंजीनियर फारूक अहमद शाह



**हंडवारा।** PWD (R&B) डिवीजन हंडवारा के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर इंजीनियर फारूक अहमद शाह ने मंगलवार को PWD (R&B) डिवीजन लंगेट के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करने पर विभागीय अधिकारियों तथा लंगेट कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष आजाद अहमद भट के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने इंजीनियर शाह को गुलदस्ते, फूलमालाएं और पारंपरिक शॉल भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इसके बाद इंजीनियर फारूक अहमद शाह ने विभागीय अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में डिवीजन में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया। उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदारों को परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। इंजीनियर शाह ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। वहीं अधिकारियों और ठेकेदारों ने उनके नेतृत्व पर विश्वास व्यक्त करते हुए लंगेट डिवीजन में विकास कार्यों को गति देने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं लंगेट कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे।

## मुहर्रम पर अमन, शांति और भाईचारे का संदेश: मुसरफ ख़ान, वरिष्ठ सामाजिक चिंतक

नई सोच एक्सप्रेस



» मुहर्रम शहादत, त्याग और सत्य के लिए संघर्ष का प्रतीक: मुसरफ ख़ान

» इमाम हुसैन की शहादत से प्रेरणा लेकर परंपरागत एवं शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने की मुसरफ ख़ान कि अपील

**लखनऊ।** आगामी 26 जून को मनाए जाने वाले मुहर्रम पर्व के मद्देनज़र वरिष्ठ सामाजिक चिंतक मुसरफ ख़ान ने देश व प्रदेशवासियों से त्योहार को परंपरागत, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुहर्रम शहादत, त्याग और सत्य के लिए संघर्ष का प्रतीक है। हज़रत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों ने कर्बला में अपने सिद्धांतों की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था, जिसकी याद में यह पर्व श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। श्री ख़ान ने आगे कहा कि मुहर्रम गम और शहादत का पर्व है, इसलिए इसे सादगी और मर्यादा के साथ मनाया जाना चाहिए। अनावश्यक शोर-शराबे, तेज आवाज में डीजे या भड़काऊ गतिविधियों से दूर रहकर अमन, शांति और भाईचारे का संदेश देना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि जुलूसों और अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान कानून-व्यवस्था का पूरा सम्मान करें तथा सोशल मीडिया पर किसी भी भड़काऊ या विवादित संदेश को प्रसारित न करें जिससे आप और आपके परिवार को किसी क़ानूनी कार्यवाही का सामना ना करना पडे। आखिर में उन्होंने बताया कि सभी त्योहार समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव को मजबूत करने का माध्यम हैं, इसलिए हम सब कि महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि त्यौहार शांति और सौहार्द के साथ बनाए रखने में अपना योगदान दे।

## अमरनाथ यात्रा की खाद्य सामग्री को नगर महापौर ने झंडी दिखाकर किया रवाना

नई सोच एक्सप्रेस



» 3 जुलाई से प्रारंभ होगी पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू

शिव सेवक समिति के द्वारा पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के लिए कानपुर नगर से खाद्य सामग्री भरा ट्रक साकेत नगर स्थित नीलकंठ गेस्ट हाउस से नगर महापौर प्रमिला पाण्डेय केसीए चेयरमैन संजय कपूर एवं पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया तथा समिति अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू के द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया समिति अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू ने बताया कि विगत कई वर्षों से शिवसेवक समिति निरंतर श्री अमरनाथ यात्रा के भक्तों के लिए निरंतर कार्य कर रही है । समिति के अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू ने बताया कि खाद्य पदार्थों सहित अन्य सामग्रियों भरा दूसरा ट्रक नीलकंठ गेस्ट हाउस गौशाला से रवाना किया गया। उन्होंने प्रदेशवासियों समेत नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि आप बेफिक्र होकर श्री अमरनाथ की यात्रा करें आपकी आवश्यकता को शिव सेवक समिति बाबा बर्फानी के आशीर्वाद से निरंतर पूर्ण करेगी। अमर रथ यात्रा में खाद्य सामग्री रवाना होते समय अध्यक्ष शीलू वर्मा ने बताया कि पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा में आये लाखों लाख भक्तों की पूर्ण सेवा शिव सेवक समिति पूर्ण की भांति बेहतर से बेहतर रूप से करेंगी। तथा पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा में पिछले 5 वर्षों से मुस्लिम समुदाय के एकराम जी के द्वारा ट्रांसपोर्ट का ट्रक निशुल्क भेज रहे हैं। यह हिन्दू मुस्लिम एकता की अपने आप में मिसाल है। इस दौरान पदाधिकारी ने भूखे को अन्न प्यासे को पानी देते हैं बाबा अमरनाथ बर्फानी तथा हर हर महादेव बम बम भोले के जोरदार नारे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आलोक सचान अनिल चतुर्वेदी स्रोत गुप्ता आनंद शर्मा तेज बहादुर वर्मा अमित वर्मा परशुराम शुक्ल प्रमोद त्रिपाठी अनुज यादव मनोज जायसवाल रवि यादव रितेश गुप्ता अशोक बाजपेई घनश्याम दास अग्रवाल शौर्य सिंह अमर शुक्ला एनसी कटिहार सनी गुप्ता अमरदीप अरोड़ा सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे

## स्नातक सेमेस्टर 05 के छात्र छात्राओं को मिला इंटर्नशिप रिपोर्ट लेखन का मार्गदर्शन, नशा मुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प

नई सोच एक्सप्रेस



» माया कौशल्या फाउंडेशन के द्वारा आयोजित हुआ ये कार्यक्रम

युवाओं को शिक्षा के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजौडा में इंटर्नशिप से जुड़े छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को इंटर्नशिप रिपोर्ट निर्माण, अनुभवों को सही तरीके से प्रस्तुत करने एवं रिपोर्ट लेखन की व्यवहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि इंटर्नशिप का उद्देश्य केवल प्रमाण पत्र प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के बीच जाकर वास्तविक परिस्थितियों को समझना, लोगों से संवाद करना और अपने ज्ञान को व्यवहारिक रूप देना है। छात्रों को अपने कार्यों, सीख और सामाजिक अनुभवों को व्यवस्थित रूप से रिपोर्ट में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत सभी छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने नशे से स्वयं दूर रहने के साथ-साथ समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्यवस्थापक अरविंद चौधरी ने कहा कि युवा समाज की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उनके सही मार्गदर्शन से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। माया कौशल्या फाउंडेशन के सचिव रोशन कुमार ने कहा कि शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से ही एक बेहतर समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कुमार, यश गौरव, आदित्य कुमार एवं शिक्षक गौरव कुमार पाठक की सराहनीय भूमिका रही। माया कौशल्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित यह पहल युवाओं में सामाजिक चेतना, जिम्मेदारी और सकारात्मक सोच विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्था निरंतर शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

## सफाई कर्मियों की मौत पर सख्त आयोग, दोषी अधिकारी नहीं बख्शे जाएंगे : गिल



नई सोच एक्सप्रेस

**लखनऊ।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल ने सफाई कर्मियों की मौतों और सुरक्षा उपकरणों की कमी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लापरवाह अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि बिना सुरक्षा उपकरण के किसी भी सफाई कर्मचारी से सीवर या मैनहोल में काम नहीं कराया जा सकता। गिल ने कहा कि हाल में हुई तीन मौतों के मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब मांगा गया है तथा मृतक कर्मियों के परिजनों को 15 दिनों के भीतर मुआवजा देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और मैनुअल स्कैवेंजिंग कानून का सही ढंग से पालन नहीं हो रहा है। बैठक में एक पीड़ित परिवार ने बताया कि वर्ष 2011 में सफाई कार्य के दौरान हुई मौत के मामले में उन्हें नियमानुसार मुआवजा नहीं मिला। इस पर गिल ने मामले की जांच कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## गोला दीनानाथ किराना मार्केट में विशाल भंडारा,हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर काशी किराना व्यापार मण्डल के तत्वावधान में गोला दीनानाथ किराना मार्केट स्थित श्री दीनबंधु दीनानाथ बाबा एवं बरवा बाबा परिसर में आयोजित चौबीस घंटे का अखण्ड रामायण (रामचरितमानस) पाठ श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ | पाठ की पूर्णाहुति के उपरांत किराना व्यवसायियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो देर शाम तक चला | भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया | इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र "दयालु गुरु",शहर दक्षिणी के विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ.नीलकंठ तिवारी,जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल,महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे,कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के सुपुत्र शांतनु राय,भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि,समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता किशन दीक्षित,लालू यादव सहित विभिन्न राजनीतिक,सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने बाबा के दरबार में उपस्थित होकर दर्शन-पूजन किया तथा प्रसाद ग्रहण किया | कार्यक्रम में कोतवाली थाना प्रभारी दयाशंकर सिंह अपने सहयोगी पुलिस अधिकारियों एवं चौकी प्रभारियों के साथ मौजूद रहे | इसके अलावा शहर के अनेक गणमान्य नागरिक,व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में भंडारे में शामिल हुए | आगंतुकों का स्वागत काशी किराना व्यापार मण्डल के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्त एवं महामंत्री संजय केशरी (लल्ली चौधरी) के नेतृत्व में व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने किया | पूरे आयोजन के दौरान भक्ति, सेवा और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला | पुरुषोत्तम मास के इस धार्मिक आयोजन ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ समाज में एकता, सद्भाव और सेवा की भावना को भी सुदृढ़ किया ||

## शिविर में नगर आयुक्त को ग्रामीणों ने सौंपा आवेदन 89 वर्ष पहले सेवदह में आये थे

नई सोच एक्सप्रेस



» भारत गणराज्य के प्रथम राष्ट्रपति, ग्रामीणों ने रखी मांग

**हरनौत।** स्थानीय प्रखंड के सेवदह गांव में स्थित बुनियादी विद्यालय परिसर में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया था।जहां बिहारशरीफ नगर निगम के नगर आयुक्त निशांत विवेक सहित अन्य अधिकारी पहुंचे थे।इस दौरान ग्रामीणों ने सेवदह बुनियादी विद्यालय के परिसर में स्थित राजेंद्र सहित महाविद्यालय के निर्माण हेतु ग्रामीणों ने नगर आयुक्त निशांत विवेक को आवेदन सौंपा। ग्रामीण सह समाजसेवी चंद्रोदय कुमार सहित अन्य ने बताया कि 1937 ईस्वी में भारत गणराज्य के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद यहां आए थे और एक शिक्षा केंद्र की नींव उनके कार्यकमलों द्वारा रखी गई थी। वहां दो मंजिला भवन ग्रामीणों के सहयोग से बना था। जिसका नाम राजेंद्र साहित्य महाविद्यालय रखा गया और इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से उसका मान्यता कराया गया था ।यहां प्रथमा,मध्यमा,उत्तमा और वैद्य विशारद की पढ़ाई होती थी।यहां तक इस पढ़ाई से उस समय नौकरी भी लगता था । वर्तमान में यह भवन खंडहर का रूप ले चुका है । पुनः ग्रामीणों ने मांग की है कि राजेंद्र साहित्य मेमोरियल भवन के रूप में नया भवन बनाया जाए।इस महाविद्यालय में हिंदी के पुरोधा राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन, स्वतंत्रता सेनानी सह शिक्षाविद लाल सिंह त्यागीकी सहित कई गणमान्य लोगों द्वारा यहां बच्चों की शिक्षा दी गई थी।इस दौरान नगर आयुक्त ने स्थल पर पहुंचकर खंडरनुमा भवन को भी देखा। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि इसे वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया जाएगा।

## प्रदेशीय सब जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में महादेव सूर्या विनायक बॉक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन,जीते स्वर्ण,रजत और कांस्य पदक

नई सोच एक्सप्रेस



» हिमांशु बने चैंपियन,वाराणसी मंडल के खिलाड़ियों ने प्रदेशीय बॉक्सिंग में बढ़ाया मान

» अंतरराष्ट्रीय कोच दिलीप सिंह के शिष्यों ने प्रदेशीय प्रतियोगिता में लहराया परचम, रिंग में दिखा वाराणसी का जलवा

**वाराणसी।** सहारनपुर स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 10 से 13 जून तक आयोजित प्रदेशीय सब जूनियर बालक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में महादेव सूर्या विनायक बॉक्सिंग एकेडमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वाराणसी मंडल और एकेडमी का गौरव बढ़ाया | प्रतियोगिता में एकेडमी के तीन मुक्केबाजों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया | हिमांशु यादव ने 52 से 57 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक,अनिरुद्ध दत्त मिश्रा ने 55 से 58 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक तथा रुद्र सिंह ने 49 से 52 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया | स्वर्ण पदक विजेता हिमांशु यादव गाजीपुर के निवासी हैं उनके पिता हरकेश यादव भारतीय सेना में कार्यरत हैं तथा माता का नाम रेखा यादव है | रजत पदक विजेता अनिरुद्ध दत्त मिश्रा की माता का नाम पूनम मिश्रा है वहीं कांस्य पदक विजेता रुद्र सिंह गाजीपुर के गोसंदेपुर उपरवार के निवासी हैं उनके पिता राकेश सिंह एवं माता दीपिका सिंह हैं | खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र एवं एकेडमी में खुशी का माहौल है | बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रमोद कुमार ने खिलाड़ियों एवं उनके कोच को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं | एकेडमी के मुख्य संरक्षक शशिकांत पांडेय ने खिलाड़ियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों और कोच को बधाई दी | उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आने वाले खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी | इस अवसर पर उपेन्द्र कुमार मिश्र प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय सनातन संघ,संजीव कुमार मिश्रा एवं मंशा यादव सहित एस बी एकेडमी मुनारी के संचालक पारितोष सिंह और अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे | एकेडमी के सभी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय कोच दिलीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जिनकी देखरेख में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं ||

## राष्ट्रीय अध्यक्ष डी एल शर्मा ने पौधारोपण कर मनाया स्थापना दिवस



नई सोच एक्सप्रेस

न्यू आदर्श आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ राष्ट्रीय के स्थापना दिवस 16 जून के उपलक्ष्य में आवाहन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 अनंत श्री विभूषित अवधूत बाबा श्री अरूण गिरी जी महाराज (एन्वायरमेंट बाबा) के सानिध्य में न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष - डी एल शर्मा द्वारा श्री महामाया मंदिर प्रांगण - कोचूगांव में पीपल, आम, नीम, बेल, शमी सहित पांच पौधारोपण कर भव्य स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर तुलसी माता, करण सिंह - सिलीगुड़ी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - ललित गुप्ता, आचार्य विवेक भूषण ज्योतिषाचार्य, आचार्य कृष्णकांत शुक्ला, आचार्य आकाश रावत, भारत सिंह नायक, भाजपा जिला मंत्री कोकराझार सिदार्थो नरजारी, कचुगांव भाजपा मण्डल अध्यक्ष - सावपोन दैमारी, भाजपा मण्डल महामंत्री हेमू डे, महामाया धाम कमेटी - अध्यक्ष बिदियन बसुमतारी एवं विहिप महामंत्री, उपाध्यक्ष उत्तम शा, श्री महामाया धाम मंदिर पुजारी सहित पत्रकार बन्धुओं ने सामुहिक रूप से मनाया न्यू आदर्श श्रमजीवी पत्रकार संघ (राष्ट्रीय) का स्थापना मनाया।

नई सोच एक्सप्रेस
हर खबर पर पैनी नजर
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 19 जून 2026, शुक्रवार को खुलेगा




**पटना।**टर्टलमिंट फिनटेक सॉल्यूशंस लिमिटेड ("कंपनी") ने घोषणा की है कि उसके इक्विटी शेयरों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बोली/ऑफर 19 जून 2026 को खुलेगा। इस ऑफर का प्राइस बैंड 144 से 152 प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया है। निवेशक न्यूनतम 98 इक्विटी शेयरों तथा उसके बाद 98-98 शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। 1 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों के इस आईपीओ में 6,607.22 मिलियन (660.72 करोड़) तक के नए इक्विटी शेयरों का निर्गम (फ्रेश इश्यू) तथा 1 अंकित मूल्य वाले 1,46,01,846 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। एंकर निवेशकों के लिए बोली प्रक्रिया 18 जून 2026, गुरुवार को आयोजित होगी। यह बोली/ऑफर 19 जून 2026, शुक्रवार को खुलेगा और 23 जून 2026, मंगलवार को बंद होगा। कंपनी के इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। इस ऑफर के लिए एनएसई को नामित स्टॉक एक्सचेंज बनाया गया है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड तथा मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड इस निर्गम के बुक रनिंग लीड मैनेजर (बीआरएलएम) हैं। यहां प्रयुक्त लेकिन परिभाषित नहीं किए गए सभी बड़े अक्षरों वाले शब्दों का वही अर्थ होगा जो रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस में दिया गया है। यह ऑफर एससीआरआर के नियम 19(2)(बी) तथा सेबी (आईसीडीआर) विनियमों के विनियम 31 के तहत किया जा रहा है और इसे बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से जारी किया जा रहा है। सेबी (आईसीडीआर) विनियमों के अनुसार कुल ऑफर का कम से कम 75 प्रतिशत हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) को आनुपातिक आधार पर आवंटन के लिए उपलब्ध होगा।

### ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने लॉन्च किया ब्रिटानिया दूध मैरी गोल्ड




**पटना।**ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने अपने मैरी पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए ब्रिटानिया दूध मैरी गोल्ड लॉन्च किया है। आटे से बने और 0 प्रतिशत मैदा वाले इस नए बिस्किट में उपभोक्ताओं को मैरी बिस्किट की पारंपरिक हल्की और कुरकुरी बनावट के साथ-साथ अधिक मिल्की स्वाद मिलेगा। यह लॉन्च विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर किया गया है, जो मैरी बिस्किट कैटेगरी में एक अधिक रिच और बेहतरीन स्वाद का अनुभव चाहते हैं। 'ब्रिटानिया दूध मैरी गोल्ड' में एक अनोखे फ्लेवर प्रोफाइल और मैरी बिस्किट की जानी-पहचानी खूबियों का बेहतरीन तालमेल है, जो उपभोक्ताओं को इस सेगमेंट में एक नया विकल्प देता है। स्वाद और टेक्सचर का संतुलित अनुभव देने के उद्देश्य से तैयार किया गया यह नया बिस्किट, ब्रिटानिया के इनोवेशन और उपभोक्ताओं की बदलती पसंद पर इसके निरंतर फोकस को दर्शाता है। लॉन्च को और प्रभावी बनाने के लिए कंपनी ने एक नया टीवी कमर्शियल (TVC) भी जारी किया है। यह विज्ञापन ब्रिटानिया दूध मैरी गोल्ड के हल्के, कुरकुरे और ज्यादा मिल्की स्वाद को बेहद सरल और सहज तरीके से पेश करता है। चाय के साथ बिस्किट खाने की हमारी पारंपरिक आदत को केंद्र में रखकर बनाई गई यह फिल्म दिखाती है कि यह बिस्किट उन लोगों के लिए एकदम सही है, जो अपनी चाय के साथ अधिक मिल्की स्वाद पसंद करते हैं। ब्रिटानिया दूध मैरी गोल्ड के माध्यम से कंपनी रोजमर्रा के स्नैक्स की श्रेणी में प्रीमियम स्वाद की बढ़ती मांग को पूरा करने का प्रयास कर रही है। यह उत्पाद पारंपरिक मैरी बिस्किट के हल्केपन को बरकरार रखते हुए टी-टाइम के अनुभव को और भी शानदार और स्वादिष्ट बनाता है।

### 95वीं बटालियन के सीआरपीएफ जवान प्रवीण कुमार सिंह बने सेवा और समर्पण की मिसाल



**वाराणसी।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 95वीं बटालियन में कार्यरत जवान प्रवीण कुमार सिंह अपनी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पण के कारण विशेष पहचान बना रहे हैं। राष्ट्र सेवा के साथ-साथ समाज सेवा में उनकी सक्रिय भागीदारी उन्हें एक जिम्मेदार सुरक्षा कर्मी और जागरूक नागरिक के रूप में स्थापित करती है। प्रवीण कुमार सिंह ने बटालियन द्वारा आयोजित पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता तथा अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर योगदान दिया है। इन गतिविधियों के माध्यम से उन्होंने न केवल संगठन की सकारात्मक छवि को मजबूत किया है, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सहकर्मियों और आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में भी उनकी भूमिका सराहनीय रही है। उनकी कार्यकुशलता, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच के कारण वे सहयोगियों एवं क्षेत्र के लोगों के बीच सम्मानित हैं। प्रवीण कुमार सिंह का कहना है कि देश सेवा केवल सुरक्षा व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उनकी कार्यशैली और समर्पण युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बन रहे हैं तथा राष्ट्र प्रथम की भावना को साकार रूप दे रहे हैं।

### अफीम की अवैध खेती व जेल से छूटे अपराधियों पर रखें पैनी नजर : एसपी

**खूंटी।** एसपी ऋषभ गर्ग की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस कार्यालय सभागार में अपराध गोष्ठी हुई। जिसमें जिला के विभिन्न थानों में दर्ज आपराधिक मामलों की समीक्षा की गई व लंबित वारंटों के निष्पादन की स्थिति का जायजा लिया गया। बैठक के दौरान एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी एक-दो माह में अफीम की बुआई का समय शुरू होने वाला है। ऐसे में संभावित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए व अवैध अफीम की खेती की रोकथाम के लिए अभी से प्रभावी रणनीति तैयार की जाए। उन्होंने एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जेल से रिहा हुए आरोपियों का सत्यापन करने तथा उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखने का निर्देश दिया। अपराध गोष्ठी में आगामी मुहर्रम पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों व वरीय पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, शांति समिति के साथ समन्वय स्थापित करने व किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए 16 एवं 17 जून को परीक्षा स्पेशल ट्रेन का संचालन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**पुलिस भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा दिनांक 16.06.2026 एवं 17.06.2026 को निम्नानुसार परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । **दिनांक 16.06.2026 को चलायी जाने वाली परीक्षा स्पेशल ट्रेनेंः** पाटलिपुत्र से 20.00 बजे किशनगंज के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन बेगूसराय, खगड़िया, नवगछिया, कटिहार के रास्ते चलायी जाएगी । पटना से 21.00 बजे नरकटियागंज के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, चाकिया, बापूधाम मोतिहारी, बेतिया के रास्ते चलायी जाएगी । पाटलिपुत्र से 22.00 बजे अररिया के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन बेगूसराय, खगड़िया, नवगछिया, कटिहार के रास्ते चलायी जाएगी । पाटलिपुत्र से 23.00 बजे नवगछिया के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन बेगूसराय, खगड़िया के रास्ते चलायी जाएगी । पटना से 23.30 बजे भभुआ के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल ट्रेन तारेगना, जहानाबाद, गया, डेहरी ऑन सोन, सासाराम के रास्ते चलायी जाएगी । **दिनांक 17.06.2026 को चलायी जाने वाली परीक्षा स्पेशल ट्रेनेंः** पटना से 07.15 बजे गया के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । बक्सर से 13.30 बजे दानापुर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । बक्सर से 18.00 बजे पटना के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । किऊल से 12.30 बजे गया के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल वाया शेखपुरा, नवादा चलायी जाएगी । गया से 17.30 बजे किऊल के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल वाया नवादा, शेखपुरा चलायी जाएगी । बख्तियारपुर से 08.00 बजे राजगीर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल वाया बिहारशरीफ, नालंदा चलायी जाएगी । राजगीर से 13.00 बजे बख्तियारपुर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल वाया नालंदा,बिहारशरीफ चलायी जाएगी । बख्तियारपुर से 15.30 बजे राजगीर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल वाया बिहारशरीफ, नालंदा चलायी जाएगी । राजगीर से 18.15 बजे बख्तियारपुर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल वाया नालंदा, बिहारशरीफ चलायी जाएगी । बेतिया से 13.00 बजे हाजीपुर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल वाया मुजफ्फरपुर चलायी जाएगी । बेतिया से 18.00 बजे पाटलिपुत्र के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह परीक्षा स्पेशल वाया मुजफ्फरपुर चलायी जाएगी । दौरम मधेपुरा से 13.30 बजे हाजीपुर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । मधुबनी से 18.00 बजे सोनपुर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । मुजफ्फरपुर से 13.00 बजे पाटलिपुत्र के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । मुजफ्फरपुर से 18.00 बजे पाटलिपुत्र के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । समस्तीपुर से 13.00 बजे सीवान के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । समस्तीपुर से 18.00 बजे हाजीपुर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । पूर्णिया कोर्ट से 18.00 बजे पाटलिपुत्र के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । सहरसा से 14.00 बजे हाजीपुर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । सुपौल से 13.00 बजे देवघर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । औरंगाबाद से 14.00 बजे गया के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । औरंगाबाद से 18.30 बजे गया के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । हाजीपुर से 18.00 बजे छपरा के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । सोनपुर से 16.00 बजे मुजफ्फरपुर के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । 25. नवगछिया से 16.00 बजे पाटलिपुत्र के लिए परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा ।

# संघर्ष से सफलता तक, देशभर में पहचान बना रहा 'राणा अचार'



नई सोच एक्सप्रेस

**बागपत।**विपरीत परिस्थितियों में आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश करने वाली राकेश राणा का 'राणा अचार' आज दिल्ली-एनसीआर समेत देशभर में अपनी पहचान बना चुका है। पति के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी संभालते हुए उन्होंने पहले सिलाई-कढ़ाई का कार्य किया और करीब चार वर्ष पूर्व घर से अचार बनाने का काम शुरू किया। राकेश राणा ने बताया कि अचार बनाने की कला उन्हें अपनी दादी रगबीरी देवी से विरासत में मिली है। वह स्वयं मसाले तैयार करती हैं, जिससे अचार का पारंपरिक स्वाद और गुणवत्ता बनी रहती है। वर्तमान में आम, मिक्स, मिर्च, आंवला, करेला, कटहल, नींबू, करौंदा, अदरक, इमली, हल्दी और मेथी सहित विभिन्न प्रकार के अचार तथा चटनियां तैयार की जा रही हैं। सात महिला सहयोगियों के साथ संचालित यह घरेलू उद्योग महिलाओं के लिए भी रोजगार का माध्यम बना है। बड़ौत-बुढ़ाना रोड स्थित उनके घर से तैयार उत्पाद देशभर में कोरियर के माध्यम से भेजे जाते हैं। राकेश राणा की सफलता की कहानी आज महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल बन गई है।

# एरू में सूर्य नारायण महायज्ञ का शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

नई सोच एक्सप्रेस



**गया जी।**वजीरगंज प्रखंड के एरू गांव में मंगलवार को श्री सूर्य नारायण महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। महायज्ञ के प्रथम दिन हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया, जबकि पुरुष, युवा और बच्चे पीले वस्त्र पहनकर धार्मिक उत्साह के साथ शामिल हुए शंखध्वनि, वैदिक मंत्रोच्चार और जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। कलश यात्रा गांव के विभिन्न मार्गों से होकर यज्ञ मंडप पहुंची, जहां वैदिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना, संकल्प और हवन कर महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया गया। यजमान परिवार ने वैदिक मंत्रों के बीच आहुति देकर अनुष्ठान की शुरुआत की।इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह भी कलश यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ पदयात्रा कर आयोजन की सफलता तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।आयोजन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि महायज्ञ 23 जून तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन सुबह हवन पूजन, दोपहर में धार्मिक प्रवचन तथा संध्या में भजन-कीर्तन सहित विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कथा वाचक द्वारा सूर्य देव की महिमा और उनके उपासना महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा।महायज्ञ को लेकर एरू गांव सहित आसपास के बभंडीह, सहिया और अन्य क्षेत्रों में श्रद्धा, उत्साह एवं भक्ति का माहौल बना हुआ है। दूर-दूर से श्रद्धालु यज्ञ में भाग लेने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समिति की ओर से सुरक्षा, पेयजल और भंडारे की समुचित व्यवस्था की गई है।आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से शांति, अनुशासन और धार्मिक मर्यादा बनाए रखते हुए महायज्ञ में भाग लेने की अपील की है।

# फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों तेल ने अचार का परफेक्ट जोड़ीदार के चौथे संस्करण की शुरुआत की

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।**एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों तेल ने भारत की पारंपरिक घरेलू अचार बनाने की संस्कृति का उत्सव मनाते हुए अपने प्रमुख सीजनल कैंपेन अचार का परफेक्ट जोड़ीदार का चौथा संस्करण लॉन्च किया है। यह 360-डिग्री कैंपेन डिजिटल, ओटीटी, इन्फ्लुएंसर सहयोग, आउटडोर मीडिया और विभिन्न उपभोक्ता गतिविधियों के माध्यम से चलाया जा रहा है। कंपनी के अनुसार, यह कैंपेन भारतीय परिवारों में अचार बनाने की सदियों पुरानी परंपरा और उससे जुड़ी यादों, रिश्तों तथा पाक विरासत को सम्मान देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। अचार बनाने में सरसों के तेल की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों तेल इस परंपरा से अपने जुड़ाव को और मजबूत कर रहा है। कैंपेन के तहत लखनऊ के लुलु मॉल में 3डी इंस्टॉलेशन, स्थानीय आम और सब्जी मंडियों में गतिविधियां, स्काई बैलून तथा 50 से अधिक आउटडोर इंस्टॉलेशन लगाए गए हैं। इसके अलावा बसों, बस शेल्टरों और ऑटो हुड्स पर भी प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड के संयुक्त अध्यक्ष (सेल्स एवं मार्केटिंग) मुकेश मिश्रा ने कहा कि घरेलू अचार केवल एक मौसमी व्यंजन नहीं, बल्कि पारिवारिक रिश्तों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी एक जीवंत परंपरा है। उन्होंने कहा कि 'अचार का परफेक्ट जोड़ीदार' का चौथा संस्करण उपभोक्ताओं को अचार बनाने के मौसम से जुड़ी यादों और परंपराओं से दोबारा जोड़ने का प्रयास है। इस वर्ष के कैंपेन का प्रमुख आकर्षण 'अचार स्कूल' है, जिसकी शुरुआत लखनऊ में की गई है। इस पहल के तहत दादी-नानी और बच्चों को एक साथ लाकर पारंपरिक अचार बनाने की कला और पारिवारिक रेसिपी साझा की गईं।

# टीवीएस रेडर ने युवाओं, स्टाइल और स्व-अभिव्यक्ति का जश्न मनाने के लिए स्टाइल आइकन अवॉर्ड्स 2026 के साथ की साझेदारी

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।**नई पीढ़ी के राइडरों के लिए भारत की स्टाइलिश मोटरसाइकल टीवीएस रेडर ने टाइटल पार्टनर के रूप में 'स्टाइल आइकन अवॉर्ड्स 2026' के साथ साझेदारी की है। यह भारत के युवा एवं स्टाइल के प्रति सजग उपभोक्ताओं के साथ ब्राण्ड के जुड़ाव को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी मोबिलिटी, फैशन, एंटरटेनमेन्ट और मशहूर संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाकर टीवीएस रेडर की स्थिति को और मजबूत बनाती है, जो आज के युवाओं की पहचान एवं महत्वाकांक्षाओं के साथ मेल खाती है। अपने खास डिज़ाइन, परफोर्मेन्स एवं युवाओं को लुभाने वाले अंदाज़ के लिए मशहूर टीवीएस रेडर ऐसी पीढ़ी के साथ जुड़ी रही है, जो स्व-अभिव्यक्ति और प्रमाणिकता को महत्व देते हैं। भारत के अग्रणी स्टाइल प्लेटफॉर्म्स में से एक के साथ एसोसिएशन के द्वारा ब्राण्ड ने उन दर्शकों के साथ जुड़ने का लक्ष्य रखा है जिनके लिए स्टाइल फैशन के दायरे से बढ़कर रोज़मर्रा के पसंदीदा विकल्पों तक जाता है, और इन विकल्पों में उनकी पसंदीदा मोटरसाइकलें भी शामिल हैं। इस साझेदारी के तहत टीवीएस रेडर एक राष्ट्रव्यापी सोशल कॉन्टेस्ट #RaidTheCarpet भी लेकर आए हैं, जिसके द्वारा टीवीएस रेडर के मालिकों को मोटरसाइकल के साथ-साथ अपना पर्सनल स्टाइल दिखाने का मौका भी लिता है। इस कॉन्टेस्ट के तहत चुनिंदा प्रतिभागियों को मुंबई में आयोजित स्टाइल आइकन अवॉर्ड्स में हिस्सा लेने का खास मौका मिलेगा, और वे इवेंट के ग्लैमर एवं रोमांच का अनुभव पा सकेंगे। इस साझेदारी के तहत कई प्रभावशाली इंटीग्रेशन्स होंगे, जैसे टीवीएस रेडर के राइडरों द्वारा सेलेब्रिटी इन्वाईट डिलीवरी, इवेंट के फैशन शोकेस के दौरान टीवीएस रेडर से प्रेरित विशेष पल, टीवीएस रेडर एंगेजमेन्ट ज़ोन के माध्यम से ब्राण्ड का बेहतरीन अनुभव, और दर्शकों की पसंद और पहचान को सेलेब्रेट करने के लिए विशेष रूप से क्यूरेट की गई टीवीएस रेडर कैटेगरी। इन सभी पलों को रैड कार्पेट के दायरे से बढ़कर डिजिटल एवं सोशल स्टोरीटैलिंग के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाएगा। स्टाइल, मनोरंजन और उपभोक्ताओं के अनुभव के बीच तालमेल बनाते हुए टीवीएस रेडर ऐसे सांस्कृतिक क्षेत्रों में अपनी प्रासंगिकता बरक़रार रखे हुए हैं, जो युवा भारत के लिए सबसे ज़्यादा मायने रखते हैं। स्टाइल आइकन अवॉर्ड्स 2026 के साथ साझेदारी आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं स्व-अभिव्यक्ति का जश्न मनाने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो आज की पीढ़ी को परिभाषित करते हैं।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**मुख्यालय, हाजीपुर में 04 रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया । महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं ।

# भव्य समारोह में खुला बौधायन कॉलेज, आईजी विकास वैभव ने शिक्षा को बताया विकास की कुंजी

नई सोच एक्सप्रेस



**गया जी।** गया ए.पी. कॉलोनी स्थित बौधायन कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी का भव्य उद्घाटन समारोह मंगलवार को उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन आईजी विकास वैभव, कॉलेज के चेयरमैन कैप्टन राज कुमार सिंह, निदेशक डॉ. नेहा राज सिंह सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं गणमान्य अतिथियों को संबोधित करते हुए आईजी विकास वैभव ने कहा कि बिहार की पहचान गौरवशाली इतिहास, ज्ञान और संस्कृति से रही है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा के माध्यम से समाज और राज्य के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान गया एवं आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।वही कॉलेज की निदेशक डॉ. नेहा राज सिंह ने संस्थान की स्थापना के उद्देश्य, शैक्षणिक दृष्टिकोण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में ज्ञान, कौशल, संस्कार और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।चेयरमैन कैप्टन राज कुमार सिंह ने संस्थान में उपलब्ध आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं, अनुभवी शिक्षकों तथा रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ व्यक्तित्व विकास के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। गायन, नृत्य एवं लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया और पूरे परिसर को उत्साह से भर दिया। उपस्थित लोगों ने संस्थान की पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोटरी क्लब ऑफ चाणक्य ने लगाया जीवनरक्षक एईडी मशीन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ चाणक्य द्वारा जनहित एवं आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, पटना के प्रस्थान क्षेत्र में एक ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर मशीन स्थापित की गई। इस जीवनरक्षक मशीन का उद्घाटन रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नम्रता द्वारा किया गया। मौके पर रोटरी क्लब ऑफ चाणक्य के अध्यक्ष अभिषेक अपूर्व, सचिव राखी शर्मा, डिस्ट्रिक्ट सचिव अर्चना जैन तथा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के प्रतिनिधि आदित्य उपस्थित थे। एईडी एक अत्याधुनिक और उपयोग में सरल चिकित्सा उपकरण है, जिसका प्रयोग अचानक हृदय गति रुक जाने की स्थिति में किया जाता है। यह मशीन मरीज के हृदय की धड़कन का स्वतः विश्लेषण करती है और आवश्यकता पड़ने पर नियंत्रित विद्युत झटका देकर हृदय की सामान्य धड़कन को पुनः स्थापित करने में सहायता करती है। विशेषज्ञों के अनुसार, कार्डियक अरेस्ट के बाद शुरूआती कुछ मिनटों में एईडी का उपयोग मरीज के जीवन को बचाने की संभावना को कई गुना बढ़ा देता है। हवाई अड्डों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर एईडी मशीन की उपलब्धता यात्रियों, कर्मचारियों एवं आगंतुकों की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। इस मशीन की स्थापना से किसी भी आकस्मिक हृदय संबंधी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। मौके पर रोटरी क्लब ऑफ चाणक्य के पदाधिकारियों ने जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निदेशक चंद्र प्रताप द्विवेदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट प्रशासन के सहयोग एवं सकारात्मक पहल के कारण यह महत्वपूर्ण जनसेवा कार्य संभव हो सका। रोटरी क्लब ऑफ चाणक्य समाज सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं मानव कल्याण के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय रहा है। क्लब का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने तथा जरूरतमंद लोगों तक आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने के लिए ऐसे जनहितकारी कार्यों को आगे भी जारी रखना है।

# अभिनेत्री ट्विंकल ने की बच्चों के लिए इंस्ट्रक्शन मैनुअल की वकालत






अपने फैंस के साथ अभिनेत्री, लेखिका और इंटीरियर डिजाइनर ट्विंकल खन्ना ने बच्चों के पालन-पोषण को लेकर एक बहुत ही अनोखा और विचारोत्तेजक नजरिया साझा किया है। ट्विंकल खन्ना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक खास वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह एक कला प्रदर्शनी, बिएनाले, में एक खिलौने के बच्चे का डायपर बदलने की कोशिश करती हुई दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो के माध्यम से, अभिनेत्री ने अपने पोस्ट के जरिए दर्शकों को यह मजेदार और गहरी बात बताई कि बच्चों के साथ भी एक इंस्ट्रक्शन मैनुअल आना चाहिए, जिसे माता-पिता क्यूआर कोड के जरिए आसानी से देख सकें।

अपनी पोस्ट में ट्विंकल खन्ना ने लिखा, बिएनाले में, जहाँ इस एग्जिबिशन का एक गहरा और दार्शनिक पहलू था, वहीं मुझे यह भी महसूस हुआ कि सभी बच्चों के साथ ऐसा ही एक क्यूआर कोड होना चाहिए जो हमें सीधे उनके इंस्ट्रक्शन मैनुअल तक ले जाए। उन्होंने आगे लिखा, फिलहाल तो हम सब माता-पिता बस अनुभव के आधार पर सीखते हुए ही आगे बढ़ रहे हैं। हम अपनी पूरी कोशिश करते हैं, उन्हें ढेर सारा प्यार देते हैं, उनका ध्यान रखते हैं और उन्हें अच्छे से पालते हैं। इसके बाद उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में पेरेंटिंग की एक कड़वी सच्चाई को उजागर किया, फिर वे बड़े होकर थेरेपी में जाते हैं और आखिरकार गलती हमारी ही निकालते हैं। अपनी बात को खत्म करते हुए, ट्विंकल ने अपने फॉलोअर्स से एक दिलचस्प सवाल पूछा, अगर आपके बच्चे के साथ कोई इंस्ट्रक्शन मैनुअल आता, तो आप सबसे पहले उसका कौन-सा पेज खोलते? यह सवाल कई माता-पिता के मन में उठने वाले विचारों को दर्शाता है। बिएनाले एक बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय समकालीन कला प्रदर्शनी होती है, जो हर दो साल में एक बार होती है। इसे कला जगत का ओलंपिक भी कहा जाता है, जिसकी स्थापना 1895 में हुई थी और यह अपनी विशिष्टता और कला के नए आयामों के लिए विख्यात है। ट्विंकल खन्ना ने मनोरंजन जगत में एक अभिनेत्री के तौर पर सफलता न मिलने पर अपना करियर पूरी तरह से बदल दिया। उन्होंने बॉलीवुड छोड़कर एक सफल लेखिका और इंटीरियर डिजाइनर के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। उनकी किताबें भी काफी लोकप्रिय हुई हैं, जिनमें मिसेज फनीबोन्स और द लीजेंड ऑफ लक्ष्मी प्रसाद शामिल हैं। उन्होंने कुछ समय पहले अभिनेत्री काजोल के साथ टू मच विद काजोल और ट्विंकल नामक एक चैट शो भी होस्ट किया था। यह शो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुआ, जिसमें उन्होंने कई सेलेब्स को बुलाकर इंडस्ट्री और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर दिलचस्प और हास्यपूर्ण बातें की थीं।

# वीर पहाड़िया कश्मीर के प्राकृतिक नजारों का ले रहे आनंद



हाल ही में बॉलीवुड के उभरते सितारे वीर पहाड़िया ने कश्मीर की मनमोहक वादियों के बीच बिताए सुकून भरे पलों की झलक दिखाई है, जिसने उनके प्रशंसकों और फॉलोअर्स का ध्यान अपनी ओर खींचा है। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कश्मीर की अपनी हालिया यात्रा की कुछ बेहद खास और खूबसूरत तस्वीरें साझा की हैं। वीर ने इन पोस्ट को बेहद सादगीपूर्ण रखते हुए कैप्शन में केवल कश्मीर लिखा है, जो इस अद्भुत स्थान की सुंदरता को बयां करने के लिए पर्याप्त है। इन तस्वीरों में वीर पहाड़िया को कश्मीर के शांत और प्राकृतिक नजारों का आनंद लेते हुए देखा जा सकता है। कहीं वे बर्फ से ढकी चोटियों के बीच खुले आसमान तले खड़े हैं, तो कहीं निर्मल झीलों के किनारे शांत वातावरण का लुत्फ ले रहे हैं। उनके दोस्तों के साथ बिताए गए कुछ यादगार पल भी इन तस्वीरों में कैद हैं, जो उनकी इस यात्रा को और भी व्यक्तिगत और जीवंत बनाते हैं। यह पोस्ट किसी एक विशेष पल की बजाय, पूरे ट्रिप की यादों को एक सहज और दिल छू लेने वाले अंदाज में प्रस्तुत करती है। वीर की यह पोस्ट एक बार फिर इस बात पर जोर देती है कि कश्मीर अपने बेजोड़ प्राकृतिक सौंदर्य के कारण सदियों से देश के सबसे खूबसूरत और पसंदीदा पर्यटन स्थलों में से एक रहा है। इन तस्वीरों में प्राकृतिक नजारों और सफर के छोटे-छोटे पलों को बेहद सरल और वास्तविक तरीके से दिखाया गया है, जो पोस्ट को एक निजी और भावनात्मक स्पर्श प्रदान करते हैं। इस सोशल मीडिया पोस्ट की सबसे खास बात इसकी सादगी है। न कोई लंबा-चौड़ा कैप्शन, न कोई विस्तृत यात्रा वृत्तांत; सिर्फ तस्वीरें, जो अपने आप में एक कहानी कहती नजर आती हैं। यही वजह है कि यह पोस्ट बेहद आरामदायक और व्यक्तिगत महसूस कराती है, जिससे दर्शक भी उनकी इस यात्रा का हिस्सा बन पाते हैं। वीर के इस पोस्ट पर उनके प्रशंसकों ने भी खूब प्यार बरसाया है, जहां कई यूजर्स ने कश्मीर की सुंदरता और वीर के सरल स्वभाव की तारीफ की है। अपने पेशेवर जीवन की बात करें तो, वीर पहाड़िया ने हाल ही में स्काय फ़ोर्स नामक फिल्म से बॉलीवुड में शानदार डेब्यू किया है। इस फिल्म में वह सुपरस्टार अक्षय कुमार के साथ नजर आए थे और उनकी सारा अली खान के साथ बनी ऑनस्क्रीन जोड़ी को दर्शकों ने काफी सराहा था। उनकी अदाकारी और सहज अभिनय ने उन्हें दर्शकों के बीच एक पहचान दिलाई है। फिलहाल, वीर अपनी अगली फिल्म बेनाम की तैयारियों में भी जुट गए हैं, जिसकी आधिकारिक घोषणा जल्द ही होने वाली है। यह फिल्म उनके करियर में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित होने की उम्मीद है।

# हाल ही में अभिनेत्री अद्रिजा रॉय ने टेलीविजन इंडस्ट्री की बाहरी चमक-दमक के पीछे की सच्चाई को लेकर



अपने विचार साझा किए हैं। इस बारे में अभिनेत्री ने विस्तार से बताया कि इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाना और टिके रहना कतई आसान नहीं है। इसके लिए अपार धैर्य, निरंतर कड़ी मेहनत और अपने कौशल में लगातार सुधार की जरूरत होती है। अद्रिजा रॉय के अनुसार, सिर्फ एक या दो अच्छे प्रदर्शन से रातोंरात सफलता की उम्मीद करना एक भ्रम है, क्योंकि वास्तविक और स्थायी पहचान धीरे-धीरे बनती है। अद्रिजा रॉय ने इंडस्ट्री की तेज गति पर प्रकाश डालते हुए कहा, टीवी इंडस्ट्री में काम की रफ्तार बेहद तेज होती है। कई बार ऐसा होता है कि आज किसी एपिसोड की शूटिंग पूरी हुई और वह अगले ही दिन या बहुत कम समय में टेलीविजन पर प्रसारित हो जाता है। इस तीव्र गति वाले माहौल में कलाकारों को हर समय मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार रहना पड़ता है, और अपने किरदार को पूरी ऊर्जा व समर्पण के साथ निभाना होता है। हर कॉल टाइम पर, हर शूटिंग शेड्यूल में एक बहुत बड़ी प्रोडक्शन टीम एकजुट होकर काम करती है, और एक कलाकार को इन सबके बीच रहते हुए भी अपने प्रदर्शन में संतुलन बनाए रखना होता है। ऐसे माहौल में शांत और फोकस्ड रहना बेहद जरूरी है, क्योंकि जल्दबाजी में किया गया काम अक्सर अपेक्षित असर नहीं डाल पाता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टीवी इंडस्ट्री में सफलता तुरंत या जादू की तरह नहीं मिलती। उन्होंने कहा, कई लोग सोचते हैं कि एक अच्छा सीन या एक दमदार प्रदर्शन उन्हें रातोंरात पहचान दिला देगा, लेकिन वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। टीवी में अपना नाम कमाने के लिए लगातार समय देना पड़ता है। यह सच है कि एक-दो अच्छे सीन से अस्थायी लोकप्रियता मिल सकती है, लेकिन स्थायी सफलता और दर्शकों के दिलों में जगह बनाने की असली चाबी निरंतर मेहनत और अटूट धैर्य ही है। सोशल मीडिया पर भले ही कोई कलाकार जल्दी वायरल हो जाए, लेकिन टीवी इंडस्ट्री में पहचान धीरे-धीरे बनती है और समय के साथ-साथ मजबूत होती चली जाती है। अद्रिजा रॉय ने लोकप्रियता और सफलता के बीच के महत्वपूर्ण अंतर को भी स्पष्ट रूप से समझाया। उन्होंने कहा, लोकप्रियता अक्सर अस्थायी होती है, जो किसी वायरल सीन, किसी विशेष चर्चा या सोशल मीडिया ट्रेंड से कम समय में मिल सकती है। यह अक्सर लंबे समय तक नहीं टिकती। दूसरी ओर, सफलता एक लंबी और निरंतर प्रक्रिया है, जिसमें लगातार काम करते रहना, अपने अभिनय को लगातार बेहतर बनाना और हर नए किरदार में सुधार लाना बेहद जरूरी होता है। जो लोग इस इंडस्ट्री में स्थायी रूप से सफल होना चाहते हैं, उन्हें यह समझना होगा कि सिर्फ चर्चा में बने रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि अपने काम में निरंतरता और गुणवत्ता बनाए रखना कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। अपनी व्यक्तिगत यात्रा का जिक्र करते हुए अद्रिजा ने बताया, धैर्य अब मेरे लिए एक सोचने का तरीका बन गया है। इस गुण ने मुझे अपने काम के प्रति ज्यादा गंभीर, ज्यादा शांत और अधिक समर्पित बनाया है।

# मनोरंजन के साथ दिया गया संदेश दिमाग तक पहुंचता हैं आसानी से : माधुरी



अपनी नई नई फिल्म मां बहन को लेकर अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने मनोरंजन और समाज के रिश्ते पर अपने गहरे और विचारोत्तेजक विचार साझा किए। उनका मानना है कि अगर समाज की किसी जरूरी और संवेदनशील बात को लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना हो, तो मनोरंजन से बेहतर और कोई तरीका नहीं हो सकता। माधुरी दीक्षित ने कहा, जब लोग किसी फिल्म या शो को देखने बैठते हैं, तो उनका प्राथमिक मकसद कुछ समय के लिए अपने रोजमर्रा के तनाव से दूर होकर अच्छा समय बिताना और हल्का महसूस करना होता है। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, ऐसे में अगर कहानी के जरिए समाज की सच्चाई भी बड़े ही सहज और मनोरंजक तरीके से दिखाई जाए, तो उसका असर कहीं ज्यादा गहरा और स्थायी होता है। माधुरी का मानना है कि लोग हँसते-हँसते या मनोरंजन करते हुए भी यह आसानी से समझ सकते हैं कि उनके आसपास क्या हो रहा है, समाज में कौन-सी बातें सही हैं या गलत, और किन बदलावों की आवश्यकता है। उनके अनुसार, मनोरंजन के साथ दिया गया संदेश लोगों के दिल और दिमाग तक आसानी से पहुँचता है और उन्हें सोचने पर मजबूर करता है। अभिनेत्री ने आगे इस बात पर जोर दिया कि, किसी बात को बार-बार समझाने या उपदेश देने से लोग कई बार दूरी बना लेते हैं और उसे सुनना पसंद नहीं करते। लेकिन, जब वही बात मजेदार, दिलचस्प और कहानी के रूप में प्रभावी तरीके से दिखाई जाती है, तो लोग उसे न केवल ध्यान से देखते हैं, बल्कि उस पर सोचते भी हैं और उस पर चर्चा भी करते हैं। उन्होंने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा, फिल्मों और कहानियों की यही सबसे बड़ी ताकत है कि वे गंभीर मुद्दों को भी सुलभ और आकर्षक बना सकती हैं। माधुरी ने बताया कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से ऐसी कहानियां बेहद पसंद आती हैं, जिनमें मनोरंजन का भी पूरा पुट हो और साथ ही कोई गहरा और सकारात्मक सामाजिक संदेश भी छिपा हो, जो दर्शकों को जागरूक कर सके। इसके अलावा, माधुरी दीक्षित ने समाज में महिलाओं और पुरुषों के प्रति अपनाए जाने वाले अलग-अलग नजरिए पर भी खुलकर बात की और पितृसत्तात्मक सोच पर तीखे सवाल उठाए। माधुरी ने कहा, यह एक पितृसत्तात्मक समाज है जो प्यार और रिश्तों के मामलों में आज भी दोहरे मापदंड अपनाता हुआ आया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, अगर कोई पुरुष कई गर्लफ्रेंड बनाता है तो उसे रोमियो या प्लेबॉय कहकर महिमामंडित किया जाता है, लेकिन अगर कोई महिला वैसा ही करती है तो उसे बुरा-भला कहा जाता है और उसे नकारात्मक नजरिए से देखा जाता है। अभिनेत्री ने बताया, मेरी फिल्म मां बहन इन्हीं पुरानी परंपराओं, रूढ़ियों और लैंगिक असमानता वाले नियमों को चुनौती देती है। फिल्म में महिलाओं को मजबूत, स्वतंत्र और पारंपरिक नियमों को तोड़ने वाला किरदार दिया गया है, जो अपने हक के लिए खड़ी होती हैं। माधुरी ने दृढ़ता से कहा, हर महिला सम्मान और गरिमा के साथ जीने की हकदार है, और समाज को इस सोच को अपनाना चाहिए। मां बहन का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। फिल्म में माधुरी के साथ तृप्ति डिमरी, धारणा दुर्गा, रवि किशन, गीतांजलि कुलकर्णी, अरुणोदय सिंह और शार्दुल भारद्वाज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। बता दें कि माधुरी दीक्षित आज भी अपनी शानदार अदाकारी, मनमोहक मुस्कान और सशक्त स्क्रीन प्रेजेंस के लिए जानी जाती हैं। पिछले कई दशकों से वह लगातार दर्शकों का मनोरंजन करती आ रही हैं और हर दौर में खुद को नए और चुनौतीपूर्ण किरदारों के साथ साबित कर रही हैं।

# स्वस्थ, मजबूत और लचीला बने रहना हमारे अपने हाथ में : पूनम ढिल्लों



हाल ही में, भारत सरकार का आयुष मंत्रालय ने एक वीडियो जारी किया जिसमें लोकप्रिय अभिनेत्री पूनम ढिल्लों योग के प्रति अपने दृढ़ विश्वास को साझा करती नजर आईं। आयुष मंत्रालय ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा, उम्र बढ़ना जीवन की एक स्वाभाविक और सुंदर सच्चाई है, लेकिन स्वस्थ, मजबूत और लचीला बने रहना हमारे अपने हाथ में है। यह संदेश इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग के मूल उद्देश्य को दर्शाता है। इस थीम का मुख्य लक्ष्य लोगों को यह समझाना है कि नियमित योग अभ्यास बढ़ती उम्र में भी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को उत्कृष्ट बनाए रखने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पूनम ढिल्लों ने अपने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों की सराहना की, जिनके कारण 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उम्र बढ़ना जीवन का एक अटल सत्य है, और हर व्यक्ति चाहता है कि बढ़ती उम्र के साथ वह न केवल शारीरिक रूप से अच्छा दिखे, बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ, ऊर्जावान और सक्रिय बना रहे। अभिनेत्री ने आगे कहा कि योग एक ऐसा सशक्त माध्यम है, जो बढ़ती उम्र में भी शरीर की लचक, गतिशीलता और मानसिक शांति को बनाए रखने में अद्वितीय सहायता प्रदान करता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक संतुलित और स्वस्थ जीवन जीने का एक समग्र और प्रभावी तरीका है। पूनम ढिल्लों के अनुसार, योग हमें शारीरिक और मानसिक दोनों स्तरों पर मजबूत बनाता है, जिससे हम जीवन में आने वाली हर चुनौती का सामना करने की शक्ति और साहस प्राप्त करते हैं। उन्होंने सभी देशवासियों से विनम्र अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या का एक अनिवार्य हिस्सा बनाएं। पूनम ढिल्लों ने योग 365 का संदेश देते हुए समझाया कि योग केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए निरंतर अपनाई जाने वाली एक आदत है। यह एक ऐसा अभ्यास है जिसे पूरे वर्ष, हर दिन किया जाना चाहिए। अंत में, उन्होंने देशवासियों से 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। मालूम हो कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के आयोजन की घड़ी जैसे-जैसे नज़दीक आ रही है, भारत सरकार का आयुष मंत्रालय देश भर में योग के प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयासों को तेज कर रहा है। मंत्रालय लगातार लोगों से आग्रह कर रहा है कि वे योग को अपनी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाएं और इसके असाधारण लाभों का अनुभव करें। इसी व्यापक अभियान के तहत, मंत्रालय विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों के प्रेरणादायक वीडियो साझा कर रहा है, जो योग के महत्व पर अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं।

# एन. चंद्रा ने बताया, कैसे हुआ था तेजाब की मोहिनी का चयन



बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित के कॅरियर को नई दिशा देने वाली फिल्म तेजाब के निर्माता-निर्देशक एन. चंद्रा ने वर्षों बाद एक राज पर से पर्दा उठाया है। बहुत कम लोग यह जानते हैं कि फिल्म तेजाब में माधुरी के निभाए गए मोहिनी के आइकॉनिक किरदार के लिए माधुरी का चयन किस प्रकार हुआ था और इसके पीछे निर्देशक की क्या सोच थी। निर्माता एन चंद्रा ने हाल ही में एक डांस रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 5 के एक विशेष एपिसोड में उस समय की यादें साझा करते हुए बताया कि आखिर क्यों माधुरी ही उनकी पहली और एकमात्र पसंद थीं। एन. चंद्रा ने बताया, जब मैंने पहली बार माधुरी दीक्षित को देखा था, तभी मुझे यह महसूस हो गया था कि इस लड़की में कुछ तो बेहद खास बात है, जो इसे दूसरों से अलग बनाती है। उस दौर में, एन. चंद्रा एक फिल्म एडिटर के तौर पर कई परियोजनाओं से जुड़े हुए थे। इसी सिलसिले में उन्हें एक फिल्म बजरंगी के सेट पर जाने का अवसर मिला, जहाँ उनकी मुलाकात माधुरी दीक्षित से हुई। माधुरी उस समय अपने करियर के शुरुआती चरण में थीं और बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं। निर्देशक ने कहा, उस पहली मुलाकात में ही मुझे यह गहरा एहसास हुआ कि उनमें एक असाधारण प्रतिभा छिपी है।

शायद उसी पल मेरे मन में यह बात घर कर गई थी कि भविष्य में यदि कभी मौका मिला, तो मैं निश्चित रूप से माधुरी के साथ काम करना चाहूंगा। निर्देशक एन. चंद्रा ने आगे बताया कि जब उन्होंने अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना तेजाब की कहानी पर काम शुरू किया और मोहिनी के जटिल एवं सशक्त किरदार की परिकल्पना की, तब उनके मस्तिष्क में केवल एक ही नाम गूंज रहा था, और वह नाम था माधुरी दीक्षित। उन्होंने दृढ़ता से कहा, इस भूमिका के लिए मेरी पहली पसंद भी माधुरी थीं और मेरी आखिरी पसंद भी वही थीं। मैंने किसी अन्य अभिनेत्री के बारे में कभी सोचा ही नहीं, क्योंकि मुझे पूरा विश्वास था कि इस किरदार को केवल वही सबसे बेहतर और प्रभावी तरीके से पर्दे पर उतार सकती हैं। उन्होंने माधुरी की नृत्य क्षमता और भावपूर्ण अभिनय को पहले ही भांप लिया था।

एन. चंद्रा ने एक दिलचस्प पहलू पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कई बार किस्मत भी किसी परियोजना की सफलता में बड़ी भूमिका निभाती है। उस समय फिल्म के नायक अनिल कपूर के सेक्रेटरी राकेश नाथ ही माधुरी दीक्षित के भी सेक्रेटरी का काम संभाल रहे थे। इस संयोग के कारण दोनों प्रमुख कलाकारों की तारीखों का समायोजन करना और अन्य जरूरी बातें तय करना बेहद आसान हो गया। निर्देशक ने मुस्कुराते हुए कहा, अगर किस्मत साथ दे, तो कई मुश्किल लगने वाले काम भी असाधारण सरलता से पूरे हो जाते हैं। 11 नवंबर 1988 को रिलीज हुई तेजाब उस दौर की सबसे बड़ी व्यावसायिक और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म में माधुरी दीक्षित और अनिल कपूर की जोड़ी को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया, और मोहिनी का किरदार हिंदी सिनेमा के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुआ। इसके अलावा, अनुपम खेर, चंकी पांडे, किरण कुमार और सुरेश ओबेरॉय जैसे कलाकारों ने भी फिल्म में अपनी सशक्त भूमिकाओं से जान फूंक दी।

# फीफा विश्व कप 2026: ईरान और न्यूजीलैंड के बीच रोमांचक मुकाबला बराबरी पर समाप्त

**एजेंसी, लॉस एंजिल्स**

फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-जी के पहले मुकाबले में मंगलवार को ईरान और न्यूजीलैंड के बीच रोमांचक मुकाबला 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ। पूरे मैच में दोनों टीमों ने तेज और आक्रामक खेल दिखाया और अंतिम क्षण तक जीत के लिए संघर्ष किया।

न्यूजीलैंड ने मुकाबले की शानदार शुरुआत करते हुए सातवें मिनट में ए. जस्ट के गोल की मदद से बढ़त बना ली। शुरुआती झटके के बाद ईरान ने खेल में वापसी की और 32वें मिनट में आर. रेजाइयान ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पहले हाफ में दोनों टीमों को कई मौके मिले, लेकिन कोई भी टीम बढ़त नहीं बना सकी।

दूसरे हाफ में न्यूजीलैंड ने फिर दबाव बनाया और 54वें मिनट में ए. जस्ट ने अपना दूसरा गोल कर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। हालांकि ईरान ने हार नहीं मानी और 64वें मिनट में एम. मोहैबी ने गोल कर मुकाबले को फिर बराबरी पर ला दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने निर्णायक गोल के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली और मुकाबला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस परिणाम के बाद ग्रुप-जी पूरी तरह खुला हुआ नजर आ रहा है। शुरुआती दौर के बाद ईरान, न्यूजीलैंड, बेल्जियम और मिस्र सभी समान अंकों के साथ आगे बढ़ रहे हैं।



## फीफा विश्व कप में स्वीडन से 5-1 की हार के बाद ट्यूनीशिया ने कोच बदला, एर्वे रेनार्ड को सौंपी कमान

**एजेंसी, लॉस एंजिल्स**

ट्यूनीशिया फुटबॉल महासंघ ने फीफा विश्व कप में स्वीडन के खिलाफ 5-1 की करारी हार के बाद मुख्य कोच सबरी लामूशी को पद से हटा दिया है। उनकी जगह फ्रांस के अनुभवी कोच एर्वे रेनार्ड को राष्ट्रीय टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस फैसले की आधिकारिक घोषणा सोमवार को ट्यूनीशिया के राष्ट्रीय प्रसारण माध्यम के जरिए की गई। ट्यूनीशिया फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मोएज़ नस्सारी ने बताया कि एर्वे रेनार्ड के साथ आधिकारिक समझौता हो गया है और वह वर्ष 2026 विश्व कप के अंत तक टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। रेनार्ड अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में अपने अनुभव और बड़े टूर्नामेंटों में शानदार रणनीति के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने वर्ष 2022 के विश्व कप में सऊदी अरब को प्रशिक्षित करते हुए उस समय की सबसे बड़ी उलटफेर वाली जीत दिलाई थी, जब उनकी टीम ने बाद में विश्व विजेता बनी अर्जेंटीना को हराया था। इसके बाद वह फ्रांस की महिला फुटबॉल टीम के कोच भी रहे। पूर्व फ्रांसीसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सबरी लामूशी ने इसी वर्ष जनवरी में ट्यूनीशिया टीम की कमान संभाली थी, लेकिन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद उनका कार्यकाल जल्द समाप्त हो गया।



स्वीडन के खिलाफ भारी हार के बाद अब ट्यूनीशिया के लिए नॉकआउट चरण में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। टीम अपना अगला मुकाबला शनिवार को ग्रुप-एफ में जापान के खिलाफ खेलेगी।

## वैभव की श्रीलंकाई खिलाड़ी से झड़प का कारण अब सामने आया

**एजेंसी, कोलंबो**

श्रीलंका में खेली जा रही ए टीम की त्रिकोणीय सीरीज में भारत ए टीम के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और श्रीलंका ए टीम के खिलाड़ी के बीच हुई झड़प का कारण अब सामने आया है। इस घटना का एक वीडियो भी आया है। इसमें वैभव और श्रीलंकाई खिलाड़ी एक दूसरे का धक्का देते हुए दिख रहे हैं। कोलंबो में हुए इस मुकाबले में और श्रीलंका ए को सुपर ओवर में जीत मिली थी। मैच समाप्त होते ही मैदान पर तनाव का माहौल बन गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रीलंकाई ए टीम के खिलाड़ी विशन हलंबागे ने भारतीय बल्लेबाज वैभव को उकसाते हुए कहा, मैच समाप्त हो गया अब तुम घर जाओ। इसपर वैभव भड़क गये और उनकी श्रीलंकाई खिलाड़ी से बहस हो गयी। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच हल्की धक्का-मुक्की शुरू हो गई, जिसके कारण अन्य खिलाड़ियों और अंपायरों को हस्तक्षेप करना पड़ा। यह घटना उस मैच के बाद हुई जब श्रीलंका ए ने बेहद करीबी मुकाबले में सुपर ओवर के ज़रिए भारत ए को हराया था। हालांकि, सुपर ओवर कम रोशनी में खेला गया था, जिस पर बाद में सवाल भी उठे। इस पूरे मामले पर श्रीलंकाई ए टीम के ड्रेसिंग रूम में भी काफी चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि ड्रेसिंग रूम में कुछ सदस्यों ने सुझाव दिया कि टीम को भारतीय टीम से माफी मांगनी चाहिए। इसके पीछे एक वजह यह भी थी कि सुपर ओवर कम रोशनी में खेला गया था।



## शरणार्थी शिविर से फीफा विश्वकप तक पहुंचे नेस्टोरी

**एजेंसी, मियामी।** फीफा विश्वकप फुटबॉल में इस बार ऑस्ट्रेलियाई टीम को पहले ही मुकाबले में जीत दिलाने वालो खिलाड़ी नेस्टोरी इरानकुंडा हीरो बनकर उभरे हैं। तुर्किये के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 27वें मिनट में शानदार गोल दागकर उन्होंने न केवल अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई, बल्कि 20 वर्ष और 125 दिन की उम्र में विश्व कप में गोल करने वाले सबसे युवा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनने की भी उपलब्धि अपने नाम की है। नेस्टोरी का यहां तक का सफर बेहद कठिन रहा है। तंजानिया के एक शरणार्थी शिविर में जन्मे नेस्टोरी के माता-पिता को बुरुंडी में गृहयुद्ध के कारण अपना देश छोड़ना पड़ा था और शरण लेने के लिए तंजानिया पहुंचना पड़ा था। इसी दौरान नेस्टोरी का जन्म हुआ। बचपन में ही उनका परिवार ऑस्ट्रेलिया चला आया, जिसने उनकी जिंदगी को एक नया मोड़ दिया। यहीं पर नेस्टोरी ने फुटबॉल खेलना शुरु किया और धीरे-धीरे अपनी असाधारण प्रतिभा से सबका ध्यान खींचा। एडिलेड यूनाइटेड के लिए खेलते हुए उन्होंने घरेलू फुटबॉल में अपनी पहचान बनाई, अपनी गति, तकनीक और आक्रामक खेल से ऑस्ट्रेलिया के सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में शामिल हो गये।

## श्रीलंका त्रिकोणीय सीरीज : चोटिल युधवीर सिंह की जगह अशोक शर्मा भारत 'ए' टीम में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की पुरुष चयन समिति ने श्रीलंका में चल रही त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारत 'ए' टीम में तेज गेंदबाज अशोक शर्मा को शामिल किया है। वह चोटिल युधवीर सिंह की जगह टीम का हिस्सा होंगे। बीसीसीआई के अनुसार, युधवीर सिंह को 13 जून को गेंदबाजी के दौरान दाएं कंधे में असहजता महसूस हुई थी। इससे पहले 11 जून को फील्डिंग सत्र के दौरान भी उन्हें इसी तरह की परेशानी हुई थी। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने विशेषज्ञों से परामर्श के बाद जांच की और पाया कि युधवीर को दाएं कंधे के रोटेटर कफ में चोट है। चिकित्सकीय सलाह के अनुसार अब उन्हें पूर्ण रूप से फिट होने के लिए बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की निगरानी में चरणबद्ध पुनर्वास कार्यक्रम से गुजरना होगा। युधवीर की अनुपस्थिति में अब अशोक शर्मा को टीम में शामिल किया गया है और वह आगामी मुकाबलों में भारत 'ए' टीम का हिस्सा होंगे। श्रीलंका त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारत 'ए' टीम (संशोधित) तिलक वर्मा (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान),प्रियांश आर्या, वैभव सूर्यवंशी, आयुष बदोनी, निशांत सिंधु, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विप्रज निगम, यश ठाकुर, अंशुल कंबोज, अरशद खान, अनुकूल रॉय, अशोक शर्मा।



# बिजनेस

## विश्व के सबसे खूबसूरत एयरपोर्ट्स की सूची में अडाणी समूह के दो हवाई अड्डे शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की एयरपोर्ट संचालक कंपनी अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) को प्रतिष्ठित 'प्रिक्स वर्साय' आर्किटेक्चर और डिजाइन अवॉर्ड्स में ग्लोबल पहचान मिली है। अडाणी समूह की ओर से संचालित देश के दो हवाई अड्डों को विश्व के सबसे खूबसूरत हवाईअड्डे की सूची में शामिल किया गया है। कंपनी के मुताबिक अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) के नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनएमआईए) और गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एलजीबीआईए) के टर्मिनल 2 को 'प्रिक्स वर्साय' की 'दुनिया के सबसे खूबसूरत एयरपोर्ट्स' की 2026 की सूची में शामिल किया गया है। एएएचएल ने कहा कि यह सम्मान अगली पीढ़ी के एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर को आकार देने में एएएचएल के बढ़ते प्रभाव को उजागर करता है, जिसमें अत्याधुनिक डिजाइन, सस्टेनेबिलिटी और यात्रियों पर केंद्रित इनोवेशन पर खास ध्यान दिया गया है। 'प्रिक्स वर्साय' वास्तुकला और डिजाइन के क्षेत्र में दिया जाने वाला सालाना वैश्विक पुरस्कार है, जिसे वर्ष 2015 से हर साल पेरिस स्थित यूनेस्को के मुख्यालय में प्रदान किया जाता है। ये पुरस्कार नए शुरू हुए एयरपोर्ट और टर्मिनल को उनके आधुनिक निर्माण के लिए सम्मानित करता है, जो खास आर्किटेक्चर का अनूठा संगम दिखाते हैं। ये दिखाते हैं कि कैसे एयरपोर्ट पारंपरिक डिज़ाइन से आगे बढ़कर दुनिया की एक बेहतर और अधिक सामंजस्यपूर्ण तस्वीर पेश कर रहे हैं। कंपनी के मुताबिक नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 को कमल से प्रेरित खास आर्किटेक्चर, भविष्यवादी डिजाइन और टेक्नोलॉजी, कला एव कार्यक्षमता के बेहतरीन तालमेल के लिए पहचाना गया है। इसने एक ऐसा वर्ल्ड-क्लास गेटवे बनाया है, जो एक आधुनिक ग्लोबल इकोनॉमी के तौर पर भारत की आकांक्षाओं को दर्शाता है। लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 का आर्किटेक्चर 'बैम्बू ऑर्किड' की बायोफिलिक सुंदरता से प्रेरित है। यह एक बहुत ही उपयोगी और सस्टेनेबल ढांचे के ज़रिए इस क्षेत्र की समृद्ध जैव-विविधता का सम्मान करता है। 'प्रिक्स वर्साय' सूची में शामिल अन्य एयरपोर्ट में ग्वांगझू (चीन), फ्रैंकफर्ट एम मेन (जर्मनी), कंडल स्टुएंग (कंबोडिया), पिट्सबर्ग (अमेरिका) और सैन डिएगो (अमेरिका) शामिल हैं। 'प्रिक्स वर्साय' अवॉर्ड्स का मकसद समझदारी भरी सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देना है, जहां संस्कृति पर्यावरण की अवधारणा को आगे बढ़ाती है और उससे भी आगे जाती है। हर साल दिए जाने वाले पुरस्कारों के तहत 2026 की सूची में शामिल तीन एयरपोर्ट या एयरपोर्ट टर्मिनल को 'वर्ल्ड टाइटल' (प्रिक्स वर्साय, इंटीरियर या एक्सटीरियर) भी मिलेगा, जो साल के आखिर में दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 अक्टूबर, 2025 को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआइए) के पहले चरण का भव्य उद्घाटन किया था। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के तहत विकसित 19,650 करोड़ रुपये की लागत से बना नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट का पहला चरण भारत का सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रोजेक्ट है।



## ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत, एशिया में भी खरीदारी का जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली** । ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौता होने की खबर की वजह से ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। वहीं एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी और ईरान के बीच समझौता होने के बाद बने उत्साह के माहौल में अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 468.77 अंक यानी 0.92 प्रतिशत बढ़ कर 51,671.03 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 122.83 अंक यानी 1.65 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,554.29 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 795.10 अंक यानी 3.07 प्रतिशत की छलांग लगा कर 26,683.94 अंक के स्तर पर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,699 के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

## सर्राफा बाजार में तेजी का रुख, सोना और चांदी ने लगाई छलांग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। भाव में आए उछाल के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 2,270 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,470 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चेन्नई में सोने के भाव में आज 2,120 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,310 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आ गई है। भाव में आई तेजी के कारण देश के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,51,540 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,53,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,38,910 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,40,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी मजबूती आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,65,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,51,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,39,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,51,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,51,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,38,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,53,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,40,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,51,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,38,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,51,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,39,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,51,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,38,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,51,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,39,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,51,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।




## केंद्र ने भारत और खाड़ी देशों के बीच गहरे समुद्र में एनर्जी पाइपलाइन से जुड़ी खबरों को किया खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने मंगलवार को उन मीडिया रिपोर्टों को ख़ारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि वह गुजरात को ओमान और अन्य खाड़ी देशों से जोड़ने वाली गहरे समुद्र में ऊर्जा पाइपलाइन पर काम कर रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि उसने ऐसी कई मीडिया रिपोर्टें देखी हैं, जिनमें कहा गया है कि भारत सरकार गहरे समुद्र में ऊर्जा पाइपलाइन बनाने पर सक्रिय रूप से काम कर रही है, जिसे कभी-कभी 'मिडिल ईस्ट-इंडिया डीपवॉटर पाइपलाइन' (एमईआईडीपी) कहा जाता है और यह पाइपलाइन गुजरात को ओमान और अन्य खाड़ी देशों से जोड़ेगी। मंत्रालय ने साफ तौर पर कहा कि इस समय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। इस प्रोजेक्ट को लेकर ओमान या किसी अन्य खाड़ी देश के साथ मंत्रालय के किसी भी स्तर पर कोई सक्रिय चर्चा या बातचीत नहीं हो रही है। मंत्रालय ने बयान में कहा, कि यह स्पष्टीकरण इस मामले से जुड़ी सभी अटकलों को खत्म करने के लिए जारी किया गया है।



## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**एजेंसी, नई दिल्ली** । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद कुछ देर तक लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान की स्थिति बनी रही, लेकिन बाद में खरीदारों ने बढ़त बना ली। पहले डेढ़ घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.51 प्रतिशत और निफ्टी 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती डेढ़ घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ट्रेंट लिमिटेड, श्रीराम फाइनेंस, एचडीएफसी लाइफ, आयशर मोटर्स और इंटर ग्लोब एविएशन के शेयर 0.19 प्रतिशत से लेकर 0.06 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एनटीपीसी, बजाज ऑटो, ओएनजीसी, आईसीआईसीआई बैंक और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 0.08 प्रतिशत से लेकर 0.03 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 3,041 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,294 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 747 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

## केंद्र सरकार ने डीजल, एटीएफ निर्यात पर विंडफॉल टैक्स बढ़ाया, नई दरें लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (विंडफॉल टैक्स) बढ़ा दिया है, जबकि पेट्रोल पर मौजूदा कर को बरकरार रखा है। शुल्क में यह बढ़ोतरी 16 जून से लागू हो गई है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार देर रात एक अधिसूचना में बताया कि 16 जून से डीजल के निर्यात पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क 13.50 रुपये से बढ़ाकर 14 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 9.50 रुपये से बढ़ाकर 12.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। हालांकि, पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाली शुल्क दर में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह 1.50 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। अधिसूचना में कहा गया है कि शुल्क में बढ़ोतरी 16 जून से लागू होगी। वित्त मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने घरेलू ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।